दैनिक
# शुभ भास्कर

E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयापुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

● वर्ष : 1 ● अंक : 95 ● नई दिल्ली, सोमवार, 10 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये

RNIUP HIN/2015/64737



3 श्रावणी मेला को लेकर मटेश्वर धाम में पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती...



10 लाखे के निर्माणाधीन काली मंदिर का सदर विधायक ने किया ...

न्यूज गैलरी



पानी-पानी हो रही दिल्ली में बारिश के कारण कई चुनौतियां देखने को मिल रही है, जिनसे निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने काम शुरू कर दिया है। सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनता को जरूरी सुविधाओं और सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

## केंद्रीय बलों की जानबूझकर तैनाती नहीं की गई : भाजपा

**एजेंसी/ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में पंचायत चुनावों के दौरान केंद्रीय बलों को जानबूझकर तैनात नहीं किया गया। इसपर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं थी कि यदि केंद्रीय बलों को तैनात किया जाता, तो हिंसा नहीं होती। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि यदि संवेदनशील स्थानों पर केंद्रीय (सशस्त्र पुलिस) बलों को तैनात किया जाता, तो इतनी हिंसा नहीं होती तथा लोगों ने बिना किसी भय के स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया होता। उन्होंने कहा, केंद्रीय बलों को जानबूझकर संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात नहीं किया गया। घोष ने आरोप लगाया कि मतदान केंद्रों पर केंद्रीय बलों को तैनात करने के बजाय उनसे राजमार्गों की गश्ती करवाई गई, या उन्हें थानों में रखा गया। उन्होंने दावा किया, जहां कहीं उन्हें तैनात भी किया गया, वहां हिंसा और मतपत्रों की लूट के बाद ऐसा किया गया। उन्होंने कहा, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने उन्हें सभी मतदान केंद्रों पर तैनात करने का आदेश दिया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इस पर, राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी ने कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं थी कि यदि केंद्रीय बलों को तैनात किया।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल हिंसा को लेकर शाह को सौंपेंगे रिपोर्ट



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस रविवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां पहुंचकर उनके केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने और राज्य में पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा पर एक रिपोर्ट सौंपने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य में शनिवार को मतदान के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बोस के सोमवार सुबह शाह से मिलने की संभावना है। राज्यपाल ने शनिवार को मतदान के दौरान विभिन्न स्थानों, मुख्य रूप से उत्तरी 24 परगना जिले का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया था। उन्होंने एक घायल व्यक्ति के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की थी और एक अस्पताल भी गए थे, जहां उस व्यक्ति का इलाज किया जा रहा है।

## मैकेनिकों को सशक्त बनाने की आवश्यकता : राहुल गांधी



**एजेंसी/ नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के करोल बाग में मोटरसाइकिल मैकेनिक के साथ अपनी हाल में हुई बातचीत का एक वीडियो साझा करते हुए रविवार को कहा कि देश के ऑटोमोबाइल उद्योग को मजबूत करने के लिए भारत में मैकेनिकों को सशक्त बनाने की जरूरत है। इसे भारत जोड़ो यात्रा का अगला पड़ाव बताते हुए, गांधी ने 27 जून को करोल बाग में मैकेनिक के साथ अपनी बातचीत संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें वह एक बाइक की सर्विस की बारीकियां समझते और उनके सवालों का जवाब देते नजर आ रहे हैं। वीडियो में गांधी को यह कहते हुए सुना जा सकता है, मेरे पास भी केटीएम 390 बाइक है, लेकिन वह पड़ी है, क्योंकि उनके सुरक्षाकर्मी उन्हें चलाने नहीं देते। गांधी ने मैकेनिक के सवालों का भी जवाब दिया। इनमें से एक ने पूछा कि वह कब शादी करेंगे, जिस पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने जवाब दिया, चलिए देखते हैं।

**सोशल मीडिया**

**वीडियो में गांधी को यह कहते हुए सुना जा सकता है, मेरे पास भी केटीएम 390 बाइक है, लेकिन वह पड़ी है, क्योंकि उनके सुरक्षाकर्मी उन्हें चलाने नहीं देते।**

# दिल्ली में भारी बारिश, जलभराव

### ➲ राजधानी में बाढ़ की चेतावनी जारी



**एजेंसी/ नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश होने के कारण रविवार को दिल्ली के कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। अधिकारियों के अनुसार, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को दोपहर तक जलभराव से संबंधित 38 शिकायतें मिलीं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर शिकायतें ओखला मेन रोड, कमला नगर, निलोठी, रणहोला, किराड़ी आदि से संबंधित थीं। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने कहा, पीडब्ल्यूडी नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के जरिए जलभराव की स्थिति पर नजर रख रहा है। सीसीटीवी कैमरों के अलावा उन्हें ईमेल, व्हाट्सऐप, सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से भी लोगों की शिकायतें मिलती हैं। दिल्ली यातायात पुलिस भी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी के कुछ इलाकों में जलभराव के कारण यातायात प्रभावित होने के बारे में लोगों को सतर्क कर रही है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) दीपक कुमार ने बताया कि लगातार भारी बारिश के कारण दिल्ली क्षेत्र से रेलगाड़ियों को सुरक्षित ढंग से चलाने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि पटरियों से पानी निकालने के लिए दिल्ली-सब्जी मंडी क्षेत्र और स्टेशन प्रशिक्षण योग्य क्षेत्र में आठ पंप चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में रेलगाड़ियां अपने सामान्य निर्धारित समय पर चल रही हैं। दिल्ली में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे की अवधि में 153 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई, जो 1982 के बाद से जुलाई में एक दिन में हुई सर्वाधिक बारिश है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम कार्यालय ने एलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें मध्यम बारिश की चेतावनी दी गई है। दिल्ली में भारी बारिश के कारण मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी सरकारी अधिकारियों की रविवार की छुट्टी रद्द कर दी और उन्हें क्षेत्रों में रहने का निर्देश दिया।

### भारी बारिश के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने स्थिति का जायजा लिया



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लगातार बारिश के मद्देनजर स्थिति का रविवार को जायजा लिया। उन्होंने पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और दिल्ली तथा जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपालों से बात की। गृह मंत्री ने उन्हें बारिश से उत्पन्न स्थिति से निपटने में सभी केंद्रीय मदद का आश्वासन दिया। सूत्रों ने कहा कि शाह ने पंजाब और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से बात की और बारिश से हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश को देखते हुए गृह मंत्री ने उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना से भी बात की और जानकारी ली। गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और भारी बारिश के कारण स्थगित की गई अमरनाथ यात्रा की स्थिति के बारे में चर्चा की।

### यमुना नदी में एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया, बाढ़ के आसार



दिल्ली सरकार ने हरियाणा द्वारा हथिनीकुंड बराज से यमुना नदी में एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने के बाद रविवार को बाढ़ की चेतावनी जारी की। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने एक आदेश में कहा, शाम चार बजे हथिनीकुंड बराज से 1,05,453 क्यूसेक पानी यमुना नदी में छोड़े जाने के चलते पहली चेतावनी जारी की जा रही है। बाढ़ के खतरे के मद्देनजर अधिकारियों को सतर्क रहने और संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया गया है। नदी के तटबंध के आसपास रहने वाले लोगों को जागरूक और आगाह करने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दलों को भी तैनात किया गया है।

## चिराग राजग में शामिल होंगे

**एजेंसी/ पटना**



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने का संकेत दिया। उन्होंने बिहार में हाल के उपचुनावों में राजग के लिए प्रचार किया था। लोजपा के अलग होकर बने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की बैठक में चिराग पासवान को किसी भी गठबंधन में पार्टी के शामिल होने को लेकर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया। चिराग पासवान के दिवंगत पिता राम विलास पासवान ने लोजपा की स्थापना की थी। लोक जनशक्ति (रामविलास) की बैठक ऐसे दिन हुई है जब भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने चिराग से भेंट की और उनके आवास को अपना दूसरा घर बताया। राय ने चिराग के साथ किसी गठजोड़ के बारे में कुछ कहने से इनकार किया लेकिन यह जरूर कहा, भाजपा और दिवंगत रामविलास भाई के मूल्य एक समान हैं। दोनों के मूल्य जनता को सेवा के जरिए प्रसन्न करने पर आधारित है।

### *दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में सभी स्कूल सोमवार को बंद रहेंगे*

**नई दिल्ली।** एनसीआर में शामिल गुरुग्राम और नोएडा शहर के सभी स्कूल मूसलाधार बारिश के मद्देनजर सोमवार को बंद रहेंगे। राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर और उत्तर-पश्चिमी भारत के ज्यादातर हिस्सों में शनिवार से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके चलते जलभराव, अचानक बाढ़ आने, मकानों के ढहने की घटनाएं हुई हैं तथा इनमें लोगों की मौत हुई है। विद्यार्थियों को छुट्टी के बारे में पहले से ही सूचित किया जाना चाहिए, ताकि वे बाहर ना निकलें।

### भारी बारिश के चलते 17 ट्रेनें रद्द, 12 के मार्ग बदले गए : उत्तर रेलवे

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश होने के चलते करीब 17 ट्रेन रद्द कर दी और अन्य 12 के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। जलभराव के कारण चार स्थानों पर यातायात स्थगित किया गया है। इनमें नोगांवां(अंबाला)-न्यू मोरिंडाअ नांगल डैम-आनंदपुर साहिब और कीरतपुर साहिब-भरतगढ़ रेलमार्ग शामिल हैं। सीपीआरओ दीपक कुमार ने कहा, लगातार हो रही बारिश के चलते, दिल्ली क्षेत्र से परिचालित की जाने वाली ट्रेन पर नजर रखी जा रही है।

## महाराष्ट्र : एवला रैली को लेकर भुजबल ने शरद पवार पर साधा निशाना

**एजेंसी/ नासिक**



महाराष्ट्र के नवनियुक्त मंत्री छगन भुजबल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार की एवला रैली के उद्देश्य पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि पार्टी में विद्रोह उनके परिवार में हुआ था और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। शरद पवार ने शनिवार को भुजबल के विधानसभा क्षेत्र नासिक के एवला में एक रैली की थी और भुजबल पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए कहा था कि उन्होंने कुछ लोगों पर भरोसा करके गलती की है। भुजबल और अजित पवार समेत राकांपा के आठ विधायक दो जुलाई को शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा से बगावत कर महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे। भुजबल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, शरद पवार साहब, आप एवला क्यों आए? मैं इसे समझ नहीं सका। मैं विद्रोह के लिए जिम्मेदार नहीं हूं। यह आपके परिवार में हुआ था। भुजबल ने कहा कि वह अन्य पिछड़ा वर्ग के नेता हैं, जो रैलियां करते हैं और भाषण देते हैं।

## गोलवलकर को लेकर विवादास्पद पोस्टर पर दिग्विजय सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**एजेंसी/ इंदौर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरसंघचालक एमएस गोलवलकर को लेकर सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्टर साझा कर विद्वेष फैलाने के आरोप में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के खिलाफ इंदौर में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। तुकोगंज पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय वकील और संघ कार्यकर्ता राजेश जोशी की शिकायत पर सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए (धर्म के आधार पर दो समूहों के बीच वैमनस्य फैलाना), धारा 469 (ख्याति को नुकसान पहुंचाने के इरादे से जालसाजी), धारा 500 (मानहानि) और धारा 505 (सार्वजनिक शांति भंग करने के इरादे से भड़काऊ सामग्री प्रसारित करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जोशी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि सिंह ने फेसबुक पर गोलवलकर के नाम और तस्वीर वाला विवादास्पद पोस्टर साझा किया ताकि दलितों, पिछड़ों, मुसलमानों और हिंदुओं में वैमनस्य पैदा कर उन्हें वर्ग संघर्ष के लिए उकसाया जा सके। शिकायत में कहा गया कि गोलवलकर के बारे में सिंह के फेसबुक पोस्ट से संघ कार्यकर्ताओं और समस्त हिन्दू समुदाय की धार्मिक आस्था आहत हुई है।

## सरकार ने जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए यूसीसी की गुगली डाली है : पायलट

**एजेंसी/ नई दिल्ली**




देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर छिड़ी बहस के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कहा है कि बिना किसी ठोस प्रस्ताव के इस पर बात करना 'हवा में तीर चलाने' जैसा है और सरकार ने जनता से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए यह 'गुगली' डाली है। पायलट ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में यह आरोप भी लगाया कि सरकार यूसीसी को लेकर अब तक कोई प्रस्ताव या खाका लेकर सामने नहीं आई है, लेकिन वह इसका राजनीतिक टूल के रूप में इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने यूसीसी पर छिड़ी बहस और इस पर कांग्रेस के रुख के बारे में पूछे जाने पर कहा, ÷समान नागरिक संहिता क्या है, क्या कोई विधेयक आया है, क्या कोई प्रस्ताव आया है, क्या कोई खाका तैयार किया गया है, पता ही नहीं है। यूसीसी के नाम पर अलग-अलग लोग, अलग-अलग दल, अलग-अलग धर्मगुरु अपनी राय दे रहे हैं। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने सवाल किया, ÷सरकार का प्रस्ताव क्या है, संसद की स्थाई समिति क्या बोल रही है, क्या संसद में कोई विधेयक आया है, यूसीसी की परिक्या है? पायलट ने कहा कि बिना किसी ठोस प्रस्ताव के यूसीसी पर बात करना 'हवा में तीर चलाने' जैसा है। कांग्रेस नेता ने कहा, इन्होंने (सरकार) एक गुगली डाल दी है, अब इस पर चर्चा करते रहिए, बहस करते रहिए। किसी प्रस्ताव के बारे में किसी को कुछ पता नहीं है।÷

**लॉन्च** इस मिशन चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग को लेकर देश भर में काफी खुशी और उत्साह है।

## चंद्रयान 3 की लॉन्च डेट आई सामने, छात्रों ने रंगोली बनाकर जताई खुशी

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



इसरो के मिशन चंद्रयान 3 को 14 जुलाई को लॉन्च किया जाएगा। इसे दोपहर के समय में श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाना है। इस मिशन चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग को लेकर देश भर में काफी खुशी और उत्साह है। जैसे जैसे मिशन चंद्रयान 3 के लॉन्च की तारीख नजदीक आ रही है इसके लॉन्च को लेकर उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस मिशन के लॉन्च की तैयारियां जोरों पर चल रही है। वहीं इस मिशन को लॉन्च किए जाने से पहले गुजरात के सूरत में छात्रों ने चंद्रयान 3 को लेकर खास ट्रिब्यूट दिया है। कलाकारों ने यहां चंद्रयान-3 की रंगोली बनाई है। छात्रों और कलाकारों द्वारा रंगोली बनाए जाने का एक वीडियो भी एएनआई पर आया है। इस वीडियो में कलाकार चंद्रयान 3 की शानदार रंगोली बनाते हुए दिख रहे है। गौरतलब है कि इसरो की ओर से हाल ही में जानकारी दी गई थी कि चंद्रयान का प्रक्षेपण कब किया जाएगा। इस ट्वीट में इसरो ने बताया था कि स्क्रूस्क्र-स्व४/चंद्रयान-3 मिशन की लॉन्चिंग की तारीख आ गई है। इसके मुताबिक चंद्रयान 3 को 14 जुलाई 2023 को दोपहर 2.35 बजे एसडीएससी, श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। चंद्रयान 3 की लॉन्च डेट के सामने आने के बाद इसरो के अध्यक्ष सोमनाथ एस ने बताया था कि चंद्रयान 3 की चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग 23 या 24 अगस्त को होने की संभावना है। चंद्रयान 3 की सफलता को लेकर सूरत के स्कूल के छात्रों ने चंद्रयान 3 की रंगोली बनाकर इसके लिए अपनी शुभकामनाएं भेजी है। इस रंगोली का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सूरत की कलाकार अंजलि सालुंके और उनकी टीम ने विद्याकुंज स्कूल में छात्रों के साथ मिलकर ये रंगोली बनाई है। खास बात है कि ये रंगोली कोई छोटी रंगोली नहीं है बल्कि इसकी लंबाई 13 फीट और इसकी चौड़ाई 8 फीट है। चंद्रयान-3 मिशन चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है, जिसके चंद्र सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और घूमने की संपूर्ण क्षमता प्रदर्शित करने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-2 मिशन के दौरान लैंडर के 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने में सफलता नहीं मिल पाई थी

## अब इस कलर कॉम्बिनेशन में दिखेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

देश में वंदे भारत एक्सप्रेस के लगातार शुरुआत हो रही है। अब तक 25 वंदे भारत एक्सप्रेस पटरी पर दौड़ रहे हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर यात्रियों में जबरदस्त क्रेज भी हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस की लुक और डिजाइन लोगों को जबरदस्त तरीके से पसंद भी आती है। इन सब के बीच अब वंदे भारत एक्सप्रेस का कलेवर बदलने वाला है। इस बात की जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। अश्विनी वैष्णव ने चेन्नई में इंटीग्रल कोच (ढ्रुष्ट्स्न) फैक्ट्री का दौरा किया जहां वंदे भारत ट्रेन का निर्माण किया जाता है। वीडियो में वंदे भारत ट्रेन का नया रंग भी देखा जा सकता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वंदे भारत में 25 नए विकास किए गए हैं। हमें जो भी ज़मीन पर उतरी वंदे भारत ट्रेन से फीडबैक मिल रहे हैं उन सभी पर हम काम कर रहे हैं।

# 15 दिवसीय नि-शुल्क समर क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन

### युवा क्रिकेटरों की उत्साह देखने लायक थी, चरम पर था जुनून



**पूर्णियां।** स्थानीय जिला स्कूल स्टेडियम खेल मैदान परिसर पूर्णिया में दिनांक 6 जून से शुरू 15 दिवसीय नि- शुल्क समर क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर चल रही थी। ईस्ट जोन पूर्व चैयरमेन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि 25 बरसों से लगातार विभिन्न तरह के खेल आयोजन करते रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप आज बहुत सारे युवा क्रिकेटर राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। और जिला स्तर पर भी बहुत सारे ऐसे युवा क्रिकेटर हैं जो जमकर अभ्यास कर रहे हैं ताकि राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सके। प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे युवा क्रिकेटरों की उत्साह देखते हुए 15 दिनों की अवधि को एक माह तक कर दी गई। प्रशिक्षण शिविर में अब्बू आलम, मो नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, सैदय जब्बार हुसैन, एस एस सिंह गुड्डू एवं सिनियर अंपायर बिमल मुकेश ने अपनी महती भूमिका निभाई। समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित जिला स्कूल के प्रभारी प्राचार्य श्री दिवाकांत झा, श्रीमती स्वाति वैरयंत्री, क्लब अध्यक्ष श्री प्रमोद पंसारी ने खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ियों, खिलाड़ियों की अभिभावक एवं उपस्थित खेल प्रेमियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर विभिन्न खेलों को आगे बढ़ाने का प्रयास करें।

"हम सभी ने ठाना है विभिन्न खेलों को बढाना है और विभिन्न खेलों से युवाओं को जोड़ कर नशा मुक्त अपना समाज बनाना है।" क्लब अध्यक्ष श्री प्रमोद पंसारी, श्री मनीष कुमार झा, श्री एस एस सिंह गुड्डू ने जमकर सहयोग किया। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में भी आप सभी ने जो समय युवा खिलाड़ियों को दिया यह काबिले- तारीफ है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह काम है। युवा खिलाडियों को टी-शर्ट , बैटिंग शू , घड़ी, ट्रॉफी, लंच बॉक्स एवं नगद पुरस्कार राशि दी गई।सब खेलो सब जीतो टी- 20 प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसके विजेता शिवम् इलेवन को विजेता कप दी गई। छक्के, चौके, पांच विकेट , अर्धशतक, शतक , स्टांपिंग, कैच, सीमा रेखा के बाहर कैच लेने पर नगद पुरस्कार राशि रखी गई थी।नगद पुरस्कार राशि विजेता थे-अभिजीत कुमार, चेतन राज, रहमतुल्लाह, अफान, लकी,सौरभ,सायन,हयान, प्रियांशु सिन्हा, उज्जवल, शिवम्, हर्ष, विकास, गुलशन, निभ, प्रिंस आदि उन सभी विजेता को नगद पुरस्कार राशि दी गई।मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार कप्तान उज्जवल कुमार को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार कप्तान शिवम् कुमार एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार चेतन राज को दी गई। इस अवसर पर श्री मति स्वाति वैरयंत्री, जिला स्कूल के प्रभारी प्राचार्य डी के झा, ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा, कलब अध्यक्ष श्री प्रमोद पंसारी, बब्लू रहमान, , अजय कुमार सिन्हा, जितेन्द्र कुमार सिन्हा, मनीष कुमार झा एवं खिलाड़ियों अभिभावक गण आदि उपस्थित थे।

## खास ख़बर

### महिला महाविद्यालय अररिया परिसर में परिषद के 75 वां स्थापना

**अररिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया द्वारा स्थानीय महिला महाविद्यालय परिसर में परिषद के 75 वां स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया. समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्णिया तथा अररिया जिला के संगठन मंत्री सूर्या नंद रॉय द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया. झंडोत्तोलन के पश्चात संगोष्ठी तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सूर्या नंद ने कहा कि जून 1948 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का जन्म हुआ तथा 9 जुलाई 1949 को विधिवत छात्र संगठन के रूप में पंजीकृत हुआ. इसीलिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे भारत में 9 जुलाई को परिषद के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाता है. प्रारंभ में जो संगठन रूपी बीज बोया गया वह आज विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है. यह ऐसे ही नहीं हुआ है, लाखों परिषद कार्यकर्ताओं के त्याग तथा तपस्या का परिणाम है. इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि परिषद ने अपनी 75 वर्ष की आयु में बहुत ही उतार-चढ़ाव को झेलते हुए आज विश्व का सबसे बड़ा अनुशासित छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है. उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने देश को एक ऐसा छात्र संगठन प्रदान किया जो अनेक वर्षों की साधना में तप कर तैयार हुआ है . यह छात्रों का ऐसा संगठन है जो लगातार युवा पीढ़ियों को देश तथा समाज के प्रति जागृत करते आया है. एमपी सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है जो वर्ष भर महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय कैंपस में छात्र-छात्राओं के समस्याओं के समाधान को लेकर संघर्ष करते आ रहा है. उन्होंने परिषद कार्यकर्ताओं से अपील किया कि कोई भी ऐसा काम नहीं करें जिससे आप और आपके संगठन का बदनामी हो. संगोष्ठी को जिला संयोजक अजीत रंजन तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रीति पायल ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर अंकित कुमार झा, सागर झा, रोशन सिंह, अंकित यादव, आनंद कुमार, अंकित सिन्हा, नितिन राज, पीयूष कुमार, प्रोफेसर मिथिलेश मिश्रा, शंभू नाथ प्रसाद, भारतेंदु प्रसाद आदि शामिल थे.

### ग्रामीणों के साथ हुई समन्वय बैठक,एसएसबी ने लोगों से की सहयोग की अपील



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/जयनगर एसएसबी कैम्प ब्लडीहा में एसएसबी के जवानों,चाइल्ड लाइन के टीम मेंबर एवं पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता 48वीं वाहिनी के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी ने किया। इस मौके पर कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी ने कहा कि भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में विभिन्न सामग्री की तस्करी एवं अपराध पर अंकुश लगाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की।उन्होंने कहा कि एसएसबी लोगों के लिए लगातार तरह-तरह की योजना चला रही है। सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को विकास के लिए अधिक से अधिक जागरूक करना एसएसबी का प्रयास है।कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि हमारे एसएसबी जवान लगातार काम कर रहे हैं, सिर्फ आप लोग हमारे एसएसबी जवानों को सहयोग करें और तस्करी पर रोक लगेगी।इस मौके पर कमला वीपीओ इंचार्ज प्रियंका यादव,सहजाद अहमद खान बेलही पश्चिमी पंचायत के मुखिया अवध बिहारी यादव उर्फ रामदास हजरा,संरपच मोहम्मद जहाँगीर हाशमी,देवधा दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राम कृपाल,देवधा उत्तरी पंचायत के मुखिया शम्भु महतो,राजकीय प्राथमिक विद्यालय बल्डीहा के प्रिंसिपल रेखा देवी,चाइल्ड लाइन जयनगर के कोडिनेटर तारा नन्द ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

### बिहार बंगाल सीमा पर जमकर बवाल ,टीएमसी के खिलाफ कारवाई की मांग को लेकर कई गाड़ियों को किया गया आग के हवाले



**किशनगंज** ।किशनगंज शहर से सटे चाकुलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर चांदनी चौक पर पार्टी समर्थकों ने जमकर बवाल किया है । रामपुर चाकुलिया मार्ग को अवरूद्ध कर दिया ।साथ ही दो गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया है।मौके पर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।प्रदर्शनकारियों ने बताया की शनिवार को खुले आम टीएमसी के लोगो द्वारा बूथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया साथ ही बमबाजी की गई ।लोगो ने कहा की टीएमसी समर्थको के द्वारा यहां पर दर्जनों बम फोड़े गए साथ ही मतदाताओं के साथ मारपीट की गई ।प्रदर्शनकारियों का आरोप है की पुलिस को कई बार फोन किया गया बावजूद इसके पुलिस या अर्धसैनिक बल यहां नही पहुंची ।लोगो ने कहा की जब तक यहां फिर से मतदान करवाए जाने की घोषणा नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा ।लोगो ने कहा की टीएमसी समर्थको द्वारा किए गए हमले में दस से अधिक लोग घायल है जिनका उपचार चल रहा है ।

## भाजपा के झांसे में अब नहीं आने वाली है देश की जनता- मो. नसीम



**अररिया।** प्रखण्ड आर जे डी अध्यक्ष मोहम्मद नसीम कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव जी के नेतृत्व में सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ पूरे देश में बड़ी लड़ाई लड़ेंगे। महागठबंधन एकजुट है, अगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई हैं। हमारे नेता लालू प्रसाद सांप्रदायिक सद्भावना और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नरेंद्र मोदी और अमित शाह जी लालू जी से घबरा गए हैं और सीबीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। सीबीआई जान-बूझकर लालू जी के परिवार को फंसा रही है। उन्होंने कहा कि राजद इससे घबराने वाला नहीं है। देश की जनता भाजपा के झांसे में आने वाली नहीं है। जनता अब समझ चुकी है। भाजपा ने लोगों को गुमराह व झूठे वादा कर सत्तासीन हुई। इनकी गलत आर्थिक नीतियों से लोग परेशान हैं और महंगाई का दंश झेल रहे हैं। देश की युवा आज बेरोजगार हैं, किसान परेशान हैं। व्यापारियों की बदतर स्थिति है। वहीं समाज के सभी वर्ग में भाजपा के प्रति आक्रोश की भावना पनप रही है, जिसका नतीजा अगामी लोकसभा 2024 के चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से पदच्युत कर देगी। आज देश की एकता-अखंडता और भाईचारे को रौंदा जा रहा है। राम रहीम के बंदों को नफरत में धकेला जा रहा है। बाबा साहेब आंबेडकर ने जो संविधान दिया था, उस संविधान को सांप्रदायिक ताकत खत्म करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले गांवों में ऐसे ही गरीब लोग को सताया जाता था। लोग जुल्म करते थे और कहते थे कि केस कर देंगे। हाईकोर्ट तक पहुंचा देंगे। राजद डरनेवाले नहीं हैं। 2024 में लोकसभा चुनाव होना है, अभी कर्नाटक तो झांकी है। एक प्रश्न के उत्तर में युवा दिलों के धड़कन भाई नसीम ने कहा जिलाध्यक्ष भाई मनीष जी के कुशल नेतृत्व में पंचायत स्तर पर "अम्बेडकर परिचर्चा" 10 जुलाई से शुभारंभ हो रहा है "हर घर लालटेन- घर घर लालटेन" कार्यक्रम के माध्यम से अपने सुप्रीमों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे ।

## रिटायर्ड फौजी के घर चोर ने की बंदूक की 10 गोली, 50 हजार नकद सहित 2 लाख मूल्य के सोना चांदी की जेवरात की चोरी,पहले भी चार बार हो चुकी है घर में चोरी, मरंगा थाना में आवेदन देने के बाद नहीं हुई थीं कोई कार्रवाई





**पूर्णिया।** मरंगा थाना क्षेत्र के शक्तिनगर मोहल्ला में चोरों ने रिटायर्ड फौजी के घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर ने घर में रखे लाइसेंसी राइफल की 10 गोली, 50 हजार नकद सहित 2 लाख मूल्य के सोना चांदी की जेवरात चोरी हैं। चोरी की घटना से पहले चोरों ने घर के एक कमरे में बैठकर स्मैक भी पी हैं।घरवालों ने चोरी करते हुए एक चोर को रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया बांकी चोर फरार हो गए। फिलहाल इस पूरे चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।पीड़ित गृहस्वामी रिटायर्ड फौजी सुमन सिंह की पत्नी पत्नी नूतन देवी ने बताया कि रात करीब 3 बजे टॉयलेट जाने के लिए उन्होंने घर का मुख्य दरवाजा खोला। इतनी ही देर में घर के अंदर शातिर चोर प्रवेश कर गए और घर के किसी कमरे में छुप गए। हालांकि चोरों के आने की आहट महसूस नहीं हुई। इसके बाद घर के अंदर का दरवाजा बंद कर वे अपने कमरे में जाकर सो गई। कुछ ही देर बाद घर के कमरे से सामान के गिरने की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद उनकी आंख खुली।बगल के कमरे में जाकर देखा तो उसमें चोर घुसे थे। चोरों ने उनके घर से राइफल की 10 गोली, घर में रखे करीब 2 लाख के जेवर समेत 50 हजार कैश मिलाकर कुल 2.50 लाख की चोरी कर ली। इसके बाद सभी सदस्य घर से बाहर निकले और घर का मुख्य दरवाजा बंद कर दिया। भागने के क्रम में इनमें से एक चोर घर के अंदर ही फंसा रह गया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस चोर को पकड़ कर अपने साथ ले गई। गृहस्वामी ने बताया कि पांचवी बार उनके घर में चोरी हुई है। इसे लेकर पहले चार बार मरंगा थाने में आवेदन दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना के संबंध में मरंगा थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पुलिस इनमें से एक चोर को पकड़कर अपने साथ ले आई है। अन्य चोरों की तलाश जारी है।

## जयनगर के कमलापुल पर श्रावणी मेला का फीता काटकर किया गया उद्घाटन



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/जयनगर अनुमंडल मुख्यालय के कमला पुल स्थित पश्चिमी भाग में पर्ण कुटीर मंदिर परिसर में 'श्रावणी मेला' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित उदघाटन समारोह में वक्ताओं ने श्रावणी मेला के महत्व वर प्रकाश डाला।जयनगर अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विप्लव कुमार,नगर पंचायत जयनगर के कार्यपालक पदाधिकारी इंद्र कुमार मंडल,जयनगर के थानाध्यक्ष अमित कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर श्रावणी मेला का उदघाटन किया। आयोजक पर्णकुटी मंदिर के महंत बालक दास बाबा ने सभी सदस्यों का मेला आयोजन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया और प्रशासन से आग्रह किया कि आपलोग सुचारू रूप से मेला का आयोजन करावें। इस मौके पर बोल बम सेवा समिति के सरंक्षक बेलही पश्चिमी पंचायत के मुखिया रामदास हजरा, राजद के प्रखंड अध्यक्ष सह बेलही दक्षिणी पंचायत के मुखियापति उमेश यादव,राजद के वरिष्ठ नेता प्रदीप प्रभाकर जदयू प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह,भाजपा के वरिष्ठ नेता सह उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि अरविंद तिवारी,दिनेश वर्मा, मो. जिलानी ,कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,पूर्व पंचायत समिति मनोज चौधरी,संयोजक बालक दास बाबा (नागा),अध्यक्ष शशि शेखर हजरा,सचिव अनुराग कुमार पंकज,कोषाध्यक्ष अजय कापड़, उप कोषाध्यक्ष सुर्यदेव पासवान,संतोष साह, रंजीत राय मीडिया प्रभारी सुधांशु कुमार एवं पप्पू पूर्वे मौजूद थे। वक्ताओं ने श्रावणी मेला उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में हजारों लोग कमला नदी में जल बोझ कर विभिन्न शिवालयों की ओर प्रस्थान करते हैं। कई वर्षों से यह आस्था का केन्द्र बना रहा है। वक्ताओं ने आयोजकों से कांवरियों को सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराने का अनुरोध किया। वहीं स्थानीय अनुमंडल प्रशासन से सुरक्षा के विशेष व्यवस्था करने का अनुरोध किया। ज्ञात हो कि जयनगर के पवित्र कमला नदी में जल बोझने प्रतिवर्ष हजारों कांवरिया यहां पहुंचते है। बोल बम सेवा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रावणी मेला के अवसर पर मेला का आयोजन किया जाता रहा है।

## अररिया आईएमए ने "आओ गांव की ओर चलें" के तहत बैरगाछी में लगाया फ्री कैंप शिविर



**अररिया।**"आओ गांव की ओर चलें" के तहत अररिया आईएमए ने बैरगाछी में फ्री कैंप शिविर लगाया । जिसमें स्वास्थ्य लाभ की जानकारी सहित फ्री मेडिकल हेल्थ चेक अप किया गया। इस फ्री मेडिकल कैंप में डा0 अभय कुमार, डा0 सुदर्शन झा, डा0 प्रेम प्रकाश , राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश के नेता डा0 शत्रुघ्न मंडल, डा0प्रवीण कुमार सहित आदि चिकित्सक मौजूद रहे। इस फ्री हेल्थ चेकअप शिविर मे सैकड़ों लोग पहुचकर अपना स्वास्थ्य संबंधित चेकअप करवाया । बरसात के महीने एवम ग्रीष्म सीजन में होने वाली बीमारियों की जानकारी एवम बचाव से संबंधित जानकारियां भी दी गई।

## हलेसी जाने के क्रम में सड़क दुर्घटना होने से जयनगर के निवासी 23 वर्षीय अमित खर्गा का निधन,परिवार में मचा कोहराम



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**/जयनगर नगर पंचायत वार्ड नंबर 2 गुदरी बाजार के निवासी 23 वर्षीय अमित खर्गा का हलेसी जाने के क्रम में नेपाल के ढलके में सड़क दुर्घटना होने से मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने के बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अमित खर्गा भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर खर्गा के चचेरे भाई है।अमित अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं।उनके निधन से सभी वर्ग के लोगों में शोक की लहर छा गई है। इनके निधन से जयनगर प्रखंड क्षेत्र में शोक का लहर है और लोग यह सुनकर यकीन नहीं कर पा रहे कि वे अब हमारे बीच नहीं रहे। उनसे जुड़ी यादों और स्मरणीय दृष्टान्तों को लोग साझा कर रहे हैं।

**पुण्यतिथि** 47वीं पुण्यतिथि पर वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज में याद किए गए जननायक यदुनंदन सिंह

## महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ-साथ प्रबुद्धजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**रानीगंज** ।जननायक यदुनंदन सिंह की 47 वीं पुण्यतिथि पर धार्मिक आस्था के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन वाई एन पी डिग्री कॉलेज रानीगंज में किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह तथा उनकी धर्मपत्नी पवित्री देवी के तैल चित्र पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ- साथ प्रबुद्धजनों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई । संतमत सतसंग का भी आयोजन किया गया । वक्ताओं ने समवेत स्वर से कहा कि शोषितों की आवाज थे यदुनंदन बाबू एवं पवित्री देवी । शिक्षा के प्रति अनुराग रहने के कारण वे निर्धन तथा मेधावी छात्रों को हमेशा आर्थिक रुप से मदद देते थे । यही कारण है कि दंपति के नाम पर रानीगंज में यदुनंदन- पवित्री डिग्री कॉलेज, तथा यदुनंदन- पवित्री इंटर कॉलेज स्थापित है । दोनों महाविद्यालय 45 वर्षों से शिक्षा का अलख जगा रहा है। जननायक यदुनंदन सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी पवित्री देवी को रचनात्मक श्रद्धांजलि देने के लिये बुद्धिजीवियों द्वारा ÷ जननायक यदुनंदन सिंह व्यक्तित्व और विचार ÷ पुस्तक का प्रकाशन किया गया है । उक्त पुस्तक के प्रधान संपादक डॉ.अशोक कुमार आलोक तथा संपादक डॉ.नूतन आलोक हैं । झारखंड के वरिष्ठ कथाकार तथा समालोचक डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद विमल ने पुस्तक के प्रधान संपादक डॉ अशोक कुमार आलोक तथा संपादक डॉ नूतन आलोक से आग्रह रूपी अनुरोध किया कि ÷ यदुनंदन बाबू तथा पवित्री देवी ÷ जैसी विलक्षण प्रतिभा के धनी कर्मयोगी पर उपन्यास का प्रकाशन हो । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य डॉ अशोक कुमार आलोक, उप प्रधानाचार्य डॉ नूतन आलोक . प्रो सूर्यानंद सिंह , प्रो . सैफुल इस्लाम , प्रो इंदु कुमारी प्रो. भूषण यादव ,प्रो बुद्धिनाथ सिंह , प्रो प्रेमलाल शर्मा , प्रो सुरेश प्रसाद यादव , प्रो योगेंद्र प्रसाद यादव , प्रो. सुभाष चंद्र सिंह , प्रो नवल किशोर सहाय , प्रो हजारी प्रसाद सिंह , प्रो शैलेंद्र कुमार यादव , प्रधान सहायक रितेश राज , महेश्वर प्रसाद मेहता , सोनू कुमार , दीपक कुमार यादव , पृथ्वीचंद यादव ,अनिल ठाकुर आदि थे । इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन किया गया ।

## श्री श्याम सुन्दर धाम (शिव मंदिर) मे नर्मदेश्वर शिवलिंग पर जलाभिषेक की तैयारी पूरी,पहली सोमवारी को शिवभक्त करेंगे कांवर यात्रा आज




**रानीगंज** । मनोकामना महादेव से विख्यात श्यामसुंदर नाथ महादेव के पवित्र नर्मदेश्वर शिवलिंग मे पहली सोमवारी को शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे। यह जानकारी श्री श्यामसुंदर धाम (शिव मंदिर) के निर्माणकर्ता सह मुख्य व्यवस्थापक विनोद प्रसाद ने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष सावन महीना के पहली सोमवारी को शिवभक्तों द्वारा गिदवास दुलारदई नदी के समीप काली मंदिर प्रांगण से जल भरकर ग्राम छतियोना श्री श्याम सुन्दर धाम (शिवमंदिर) मे बाबा को जल अर्पण करेंगे। इस निमित्त मंदिर की साफ सफाई अभियान अंतिम चरण में है व मंदिर प्रांगण का रंग रोगन किया गया है। विशेष जानकारी देते हुए श्री श्याम सुन्दर धाम ( शिव मंदिर) के सहयोगी व्यवस्थापक क्रमशः विकास प्रकाश, विनीत प्रकाश व विवेक प्रकाश ने संयुक्त रूप से बतलाया कि इस कांवर यात्रा मे श्रद्धालुओं व भक्तजनों के द्वारा बिहार प्रान्त के अररिया जिला स्थित रानीगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत छतियोना ग्राम के वार्ड-10 मे वरीय अधिवक्ता सह वरिष्ठ पत्रकार श्री विनोद प्रसाद जी द्वारा अपने कामत परिसर में स्वनिधि से बनवाये गये नवनिर्मित भव्य श्री श्री 108 श्री श्याम सुन्दर धाम (शिवमंदिर) मे पहली सोमवारी 10 जुलाई 2023 के प्रातः समय बाबा श्यामसुंदर नाथ महादेव भगवान पर जलाभिषेक कर किया जाएगा। बताया गया की शिवभक्तों के द्वारा कांवर यात्रा का शुभारंभ गिदवास के काली मंदिर के समीप दुलारदई नदी से पवित्र जल भरकर लगभग चार (4) किलोमीटर की पद यात्रा करके छतियोना स्थित भव्य श्री श्याम सुन्दर धाम (शिवमंदिर) के प्रांगण पहुँचेंगे

## ख़ास ख़बर

### ॠसीतामढ़ी के व्यक्ति विशेषॠ पुस्तक का विमोचन



**डुमरा सीतामढ़ी विहार,9 जुलाई ,अशोक वर्मा ।** डुमरा हाई स्कूल के सभागार में शनिवार को आयोजित साहित्यिक सम्मेलन में अनमोल पुस्तक "सीतामढ़ी के व्यक्ति विशेष" का विमोचन हुआ ।कार्यक्रम का उद्घाटन विनय कुमार बीपीएसएससी उप सचिव,ललित कुमार सिंह डी सी एल आर, डा रेणु चटर्जी, नागेन्द्र सिंह, रत्नेश्वर सिंह गीतकार गीतेश,डा मिथिलेश कुमार, गायत्री देवी विधायक आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात उन्होंने पुस्तक का विमोचन किया। विमोचन समारोह में सीतामढ़ी जिले के मूर्धन्य विद्वान, साहित्यकार कवि,लेखक, पत्रकार ,कॉलम राइटर एवं अनेक बुद्धिजीवी उपस्थित थे। संबोधन के दौरान डॉ मिथिलेश कुमार ने कहा कि यह पुस्तक सीतामढ़ी के प्रमुख लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण संग्रह साबित होगा इससे नई पीढ़ी को उनके बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी। मुख्य अतिथि विनय कुमार ने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय इंटरनेट और गूगल का है लेकिन सभी का आधार पुस्तक ही होता है। अध्यक्षता करते हुए इतिहास के ज्ञाता राम शरण अग्रवाल ने कहा कि सफल विद्यार्थी वही होते हैं जिन्हें साहित्य एवं इतिहास का पूरा ज्ञान हो। परिहार के विधायक गायत्री देवी ने कहा कि सीतामढ़ी जिला आध्यात्म, संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध है। सीतामढ़ी के महत्वपूर्ण व्यक्तित्व की जानकारी इस पुस्तक के द्वारा जो उपलब्ध कराई गई है यह एक ऐतिहासिक काम है। संबोधित करने वालों में मनीष कुमार आईएएस ,प्रिंस कुमार ,ललित कुमार सिंह ,रत्नेश्वर ठाकुर ,नागेंद्र सिंह, लोकेश चरण, बृजमोहन मंडल ,डॉक्टर रेनू चटर्जी आदि थे। धन्यवाद ज्ञापन किया मुखिया अजीत कुमार ने।

### जिले में तीन प्रखंडों में होगा प्लास्टिक अवशिष्ट ठोस कचरा प्रबंधन का कार्य



**सहरसा/**पिछले दिनों लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत मुख्य सचिव बिहार पटना की अध्यक्षता में वीडियोकान्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिला पदाधिकारी के साथ बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से पंचायतों को स्वच्छता अभियान हेतु राशि हस्तांतरण की स्थिति की समीक्षा की गयी। इसके अलावे डब्लूपीयू के लिए जमीन चिन्हित कर एवं उसके निर्माण की स्थिति को लेकर समीक्षा की गयी। इसके अलावे प्लास्टिक अवशिष्ट प्रबंधन इकाई एवं गोवर्द्धन गोबर गैस प्लांट के निर्माण की भी समीक्षा की गयी। विदित हो कि प्लास्टिक अवशिष्ट प्रबंधन जिले में तीन प्रखंडों में इसका निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ठोस कचरा प्रबंधन का कार्य जिले में लक्षित 1924 वार्डों में से 1164 वार्ड में कार्य प्रारंभ कराया जा चूका है। जबकि डब्लूपी यूनियन निर्माण हेतु लक्षित 135 पंचायतों में से 118 में जमीन चिन्हित किया जा चूका है एवं 47 पंचायतों में निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चूका है। प्रत्येक घर से कचरा का उठाव कराया जा रहा है। इसके लिए 30 रूपया प्रत्येक घर वाले को देना अनिवार्य है। प्रत्येक घर से राशि कलेक्शन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। अभी सहरसा जिला में मात्र 174394 घरों में से 2904 घरों से हीं यूजर चार्ज प्राप्त किया जा रहा है। इसको बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

### पोखर में डूबने से बच्ची की मौत



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के हिन्दुपुर पुरनदाहा पोखर में डूबकर एक बच्ची की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार को पुरनदाहा पार निवासी मनीष कुमार की साढ़े तीन वर्षीय पुत्री घर के समीप पोखर पार पर खेल रही थी की अचानक डूब गई। काफी देर तक घर में बच्ची को नहीं देख खोजबीन की तो पोखर में बच्ची का शव तैरते दिखा।जिसे जबतक बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों में कोहराम मच गया।बताया जाता हैं कि सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के हिंदुपुर वार्ड नं 7 पुरंदाहा पार घर के सामने पोखर में डूब गई। जिससे उसकी मौत हो गई।इस बाबत बख्तियारपुर इंसपेक्टर सह थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया गया है।

# श्रावणी मेला को लेकर मटेश्वर धाम में पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती

**श्रावणी मेला को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है**




**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** प्रसिद्ध मटेश्वर धाम कांठो बलवाहाट में श्रावणी मेला को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। कांवरिया पथ एवं मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारी एवं पुलिस बल को प्रतिनियुक्त कर दी गई है।

एसडीओ अनीषा सिंह पत्र जारी कर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु मंदिर परिसर के प्रांगण में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है।सिमरी बख्तियारपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अमित कुमार एवं बख्तियारपुर थाना के थाना अध्यक्ष सर्किल इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार को विधि व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में रहकर विधि व्यवस्था का संधारण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंदिर के गर्भ गृह एवं बरामदा पर कनीय अभियंता मनरेगा सलखुआ संजय कुमार, लूसी कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका, सिमरी बख्तियारपुर, जवाहर मुखिया राजस्व कर्मचारी, सिमरी बख्तियारपुर, खुशबू कुमारी, राजस्व अधिकारी, सिमरी बख्तियारपुर,अरविंद कुमार,श्रेया शांडिल्य, महिला पर्यवेक्षिका सिमरी बख्तियारपुर को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। पुलिस पदाधिकारी में रोशन कुमार बसनही थाना, प्रीति कुमारी बख्तियारपुर थाना, संजीव कुमार बसनही थाना, रीमा कुमारी बख्तियारपुर थाना, मनोज कुमार सिंह, सोनबरसा राज थाना, सुष्मिता कुमारी, सोनबरसा राज थाना के अलावे चौकीदार महिला एवं पुरुष लाठी बल को प्रतिनियुक्त किया गया है।मंदिर परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर जयनारायण झा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सिमरी बख्तियारपुर, मधु कुमारी महिला पर्यवेक्षिका सिमरी बख्तियारपुर, पुष्कर कुमार राजस्व कर्मचारी सिमरी बख्तियारपुर,पुनीता कुमारी महिला पर्यवेक्षिका सिमरी बख्तियारपुर,गोपाल कुमार, राजस्व अधिकारी सलखुआ, सोनी कुमारी सोनम महिला पर्यवेक्षिका सिमरी बख्तियारपुर एवं पुलिस अधिकारी में राहुल रोशन बनमा इटहरी ओपी, सतनारायण पासवान बलवाहाट ओपी, शंकर चौधरी सलखुआ थाना सहित चौकीदार एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है।

मंदिर प्रांगण में मनीष कुमार कार्यक्रम पदाधिकारी सलखुआ, ममता कुमारी महिला पर्यवेक्षिका सिमरी बख्तियारपुर, मनोज मणि कृषि समन्वयक सिमरी बख्तियारपुर, बिंदु कुमारी महिला पर्यवेक्षिका सिमरी बख्तियारपुर, इंद्रपाल सिंह सहायक तकनीकी प्रबंधक सलखुआ, नीतू कुमारी महिला पर्यवेक्षिका सलखुआ, पुलिस अधिकारी में प्रमोद कुमार बख्तियारपुर थाना, ज्योतिष कुमार बसनही थाना, कामाख्या नारायण सिंह बख्तियारपुर थाना सहित पुलिस बल एवं चौकीदार को प्रतिनियुक्त किया गया है।मुख्य सड़क अवस्थित मुख्य द्वार पर मनोज यादव प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सिमरी बख्तियारपुर, रोहित कुमार झा प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सलखुआ एवं पुलिस पदाधिकारी में हरेश कुमार सिंह, रंजन कुमार सिंह, सोनबरसा राज थाना सहित चौकीदार एवं पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है।

बलवा हाट हाई स्कूल के निकट बेरियर पर मो. जियाउद्दीन कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, मिथिलेश कुमार प्रखंड तकनीकी प्रबंधक बनमा इटहरी, पुलिस अधिकारी में भीमराम बनमा इटहरी एवं सोनू कुमार, सलखुआ थाना सहित चौकीदार एवं पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है।बैरियर चपराम कोठी के पास विवेक कुमार सौरभ सहायक तकनीकी प्रबंधक, सिमरी बख्तियारपुर, मो. फारूक मसूद प्रखंड उद्यान पदाधिकारी सलखुआ एवं पुलिस पदाधिकारी में ज्वाला प्रसाद चौपाल बख्तियारपुर थाना, शिव कुमार सिंह बसनही थाना सहित पुलिस बल एवं चौकीदार को प्रतिनियुक्त किया गया है।कांठो टोलवा मुहाने मंदिर के तरफ जाने वाली रास्ता के पास बैरियर सतीश कुमार राजस्व कर्मचारी सिमरी बख्तियारपुर, बीरबल कुमार राजस्व कर्मचारी सिमरी बख्तियारपुर, पुलिस अधिकारी नीरज कुमार बलवाहाट ओपी एवं रामकुमार प्रसाद ओपी सहित पुलिस बल एवं चौकीदार को प्रतिनियुक्त किया गया है। बलवाहाट स्कूल के पास वाहन पार्किंग, काली स्थान बलवाहाट बाजार के पास वाहन पार्किंग, कांठो सड़क के बगल में वाहन पार्किंग, कांठो शंकर पूर्व सड़क के मुख्य गेट के बगल में वाहन पार्किंग कांठो ईदगाह के पास अरुण यादव के जमीन में वाहन पार्किंग, कांठो मुस्लिम टोला के पास वाहन पार्किंग, कांठो मुस्लिम टोला के पास वाहन पार्किंग बनाया गया है। जहां पर पतरघट, सलखुआ, सहरसा, बैजनाथपुर, बनमा इटहरी, थाना एवं ओपी पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर मुस्तैद रहकर पार्किंग कराना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी स्थिति में वाहनों को बाबा मटेश्वर धाम मंदिर जाने वाली मार्ग में प्रवेश होने नहीं देंगे। थाना अध्यक्ष बख्तियारपुर, सलखुआ, ओपी अध्यक्ष, बनमा इटहरी ओपी अध्यक्ष, बलवा हाट को निर्देशित किया गया है कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत श्रद्धालुओं के आवागमन वाले रास्ते में अपने-अपने थाना से लाठी बल चौकीदार की प्रतिनियुक्त करेंगे तथा स्वयं सघन गश्ती कर शांति व्यवस्था विधि व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेवारी का निर्वहन करेंगे।

## रोटरी मोतिहारी लेक टाउन का 21वां पदस्थापन समारोह संपन्न, नए सत्र के लिए विशाल कुमार अध्यक्ष एवं सचिव डॉ प्रिया प्रसाद बने






**मोतिहारी 9जुलाई अशोक वर्मा/**शनिवार संध्या होटल के सभागार में रोटरी मोतिहारी लेक टाउन ने जोश खरोश के साथ अपना 21वाँ पदस्थापना समारोह आयोजित किया, जिसमे सत्र 2022-23 लिये अध्यक्ष ऊ विशाल कुमार और सचिव रो0 डॉ0 प्रिया प्रसाद ने अपना प्रभार संभाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 संजय श्रीवास्तव ने अपने मुख्य अतिथिय भाषण में क्लब के द्वारा किए गये कार्यक्रमों की भूरी- भूरी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि रोटरी ऐसी संस्था है जो खुद के पैसे से समाज में सेवा कार्य करती रहती है, जो की एक उदाहरण है। उन्होंने उम्मीद जताई की आने वाले दिनों में रोटरी की ये टीम आगे बढ़-चढ़ के समाज सेवा में हिस्सेदारी निभाएगी। उन्होंने यह भी इच्छा जताई कि रोटरी व केंद्रीय विश्वविद्यालय समाज के लिए साथ मिल कर कुछ अच्छा करेगी। इससे पहले रोटरी मोतिहारी लेक टाउन द्वारा कुलपति संजय श्रीवास्तव को रोटरी की मानक सदस्यता , रोटरी अध्यक्ष नवनीत एवं सचिव प्रिया द्वारा रोटरी पिन पहना कर दी गई। निवर्तमान अध्यक्ष रो0 राजीव रंजन ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यो से सभा को अवगत कराया। अपने संबोधन में निवर्तमान अध्यक्ष राजीव रंजन ने अपनी पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने बताया के सभी के साथ मिल कर कार्य करने का नतीजा क्लब को रोटरी डिस्ट्रिक्ट द्वारा 6 महत्वपूर्ण अवार्ड से नवाज़ा गया। राजीव रंजन ने अपने कार्यकाल में आगे बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने के लिए कुल 25 रोटरी सदस्यों को अवार्ड दे कर उन्हें सम्मानित किया, जिनमें प्रमुख बेस्ट सपोर्टिंग रोटेरियन का अवार्ड रो0 अरुण कुमार एवं रो0 नवनीत रंजन को दिया एवं रोटेरियन ऑफ़ द ईयर का अवार्ड रो0 राकेश कुमार सिन्हा को दिया गया। तत्पश्चात् वर्तमान अध्यक्ष ने अपने कार्यकारिणी के सदस्यों का परिचय कराया एवं इस सत्र में किए जाने वाले प्रमुख कार्यों का विवरण दिया। इस अवसर पर 3 नये सदस्य डॉ0 निकिता शरण, अनामिका सिन्हा, गौरव कुमार ने रोटरी की सदस्यता ली। इन्हें मुख्य अतिथि प्रो0 संजय श्रीवास्तव, पूर्ब अध्यक्ष रो0 डॉ0 स्वाति सिन्हा एवं इमीडियेट पास्ट रोटरी डिस्ट्रिक्ट मेम्बरशिप चेयर द्वारा पिन पहना कर एवं, मेम्बरशिप सर्टफ़िकेट देकर इन्हें रोटरी परिवार में शामिल किया गया। तत्पश्चात् क्लब के पदस्थापना विशेष पत्रिका "चम्पारण सुरभि" का अनावरण अतिथियों द्वारा किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत रोटेरियन राकेश कुमार सिन्हा एवं धन्यवादज्ञापन रो0 राजीव कुमार राजू द्वारा किया गया। सचिव डॉ0 प्रिया प्रसाद द्वारा अगले बैठक एवं कार्यक्रम की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम को मोतिहारी नगर निगम के उप महापौर डॉ0 लाल बाबू प्रसाद, प्रो0 डॉ0 अरुण मिश्रा, रोटरी मोतिहारी अध्यक्ष डॉ0 ऐल0 बी0 प्रसाद, चकिया रोटरी अध्यक्ष रो0 अवध प्रसाद, रेड क्रॉस मोतिहारी अध्यक्ष विभूति सिंह, इनर व्हील मोतिहारी लेक टाउन अध्यक्ष अमृता कुमारी ने संबोधित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी एवं रोटरैक्ट मोतिहारी लेक टाउन के सभी सदस्यों की अहं भूमिका रही।

### देवशयन एकादशी से देवोत्थान एकादशी तक चातुर्मास में मानसिक साधना करें- डॉ अरुण कुमार जायसवाल





**सहरसा/**गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को व्यक्त्तित्व परिष्कार सत्र का आयोजन हुआ। सत्र को संबोधित करते हुए डॉ अरुण कुमार जायसवाल ने कहा सावन मास से चतुर्मास का प्रारंभ हो जाता है। चार महिने अन्तर्मुखी होकर साधना का काल माना जाता है। देवशयन एकादशी से देवोत्थान एकादशी तक व्यक्ति अपने मन की साधना करता है। मन की सही दिशा प्रदान करता है। मन की कामना को भावना में परिवर्तित करता है। सावन का मतलव श्रवण यानी सुनना। यह सुनने का मौसम है। गुरु ने कहा शिष्य ने सुना, श्रवण, मनन ,निधियासन, सुनना, मनन, चिंतन करना, उसे आचरण में उतारने का ये चतुर्मास है। इस चार चतुर्मास में एक मास मलेमास है। मलेमास ,मास नहीं होता है। यह विशेष महिना होता है। महिने की गणना होती है पर गिनती में नहीं होती। साल में 12 महिने होते है पर जिस साल मलेमास होता है वह 13 महिने हो जाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा गायत्री शक्तिपीठ में नियमित रूप से जप ,प्रार्थना, हवन धान एवं रुद्राभिषेक नियमित रूप से होता है। यहाँ का वातावरण दिव्य हो गया है। गायत्री महामंत्र के जापसे हम संस्कारवान एवं विचारवान बनते हैं। प्राण का परिशोधन होत है। भावना भक्ति में बदलेगी। एवं जीवन चक्र से मुक्ति मिलेगी।

### इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण जागरुकता संदेश दिया



**मोतिहारी 9 जुलाई राजीव कुमार/** इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन के द्वारा "चलो गांव की ओर "एक नवीनतम प्रोजेक्ट की शुरुआत अध्यक्ष अमृता कुमारी के नेतृत्व में जीव धारा समीप गांव मधुर छापर में वृक्षारोपण द्वारा किया गया।क्लब की सदस्यों ने डिस्ट्रिक्ट से मिले गोल (टेलब्लेजर) के तहत वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ! कार्यक्रम में वॉइस प्रेसिडेंट मीरा सिंहा ने कहा, पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधे ,जल को बचाने एवं धरती को हरा भरा बनाने का संकल्प हम सबको मिलकर लेना चाहिए ! वही पीपी रजनी कौशल ने कहा-कि पेड़ लगाकर हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ तो रखेंगे ही साथ ही साथ बहुत सारी बीमारियों से भी बचाव कर सकते हैं। क्लब की सदस्यों ने अपने हाथों से आम, लीची, अमरुद इत्यादि के दर्जनों भर वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सेक्रेटरी पुतुल सिन्हा, ट्रेज़र चंद्र लता वर्मा, सदस्य अंजू कुमारी, मनोज कुमार, मनीष कुमार, भगत सिंह, एडिटर आबिदा शमीम उपस्थित रहे। क्लब की एडिटर आबिदा शमीम ने कहा-इनर व्हील क्लब ऑफ मोतिहारी लेक टाउन पर्यावरण संरक्षण के लिए इस साल1000 पौधे लगाने का संकल्प लिया है।

### खादी मॉल खोलने का सरकारी निर्णय स्वागत योग्य- सचिव ब्रजकिशोर सिंह



**मोतिहारी 9 जुलाई अशोक वर्मा/** गांधी संग्रहालय के प्रांगण में गांधी वादियों एवं समाजसेवियों की बैठक हुई जिसमें माननीय उद्योग मंत्री द्वारा खादी के विकास तथा खादी मॉल खोलने पर इस निर्णय का स्वागत किया गया तथा सरकार से मांग की गई मोतिहारी में भी खादी मॉल खोला जाए तथा खादी ग्राम उद्योग को व्यापक बनाया जाए जिससे इस क्षेत्र मे महात्मा गांधी द्वारा कराए गए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा सके। गांधी संग्रहालय के सचिव एवं पूर्व मंत्री रजकिशोर श्री ने कहा कि आजादी में चंपारण की बहुत बड़ी भूमिका रही है और यहां के लोगों ने महात्मा गांधी के आदर्शों को व्यापक बनाने का कार्य किया है ।माल से चंपारण के बुनकरों को रोजगार का अवसर मिलेगा। इस कार्य के लिए स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी रंजन शर्मा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद दिया।बैठक मे भाग लेने वालों में सर्वोदय नेता विनय कुमार, राय सुंदर देव शर्मा, राजगुरु,कलावती देवी तथा सैकड़ों कार्यकर्ता थे। सभी ने सरकार के कदम की प्रशंसा की।

**मौत** सृष्टि जीवन हॉस्पिटल एण्ड क्रिटिकल केयर में इलाज के दौरान शनिवार को एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत

## निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान मरीज की मौत, मौत की कीमत लगी 2 लाख 20 हजार



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** नगर परिषद क्षेत्र के डाक-बंगला चौराहा के समीप सृष्टि जीवन हॉस्पिटल एण्ड क्रिटिकल केयर में इलाज के दौरान शनिवार को एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मृत मरीज की पहचान नगर परिषद क्षेत्र के मधुबन गांव निवासी 60 वर्षीय हरिनंदन शर्मा के रूप मे की गई है। जैसे ही मरीज की मौत हुई कि परिजनों द्वारा नर्सिंग होम पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा भी शुरू कर दिया। मामले की नजाकत देखते हुए नर्सिंग होम प्रबंधन ने अपने जान पहचान वालों के मदद से मृतक के परिजन को रिझाने में कामयाब भी हो गये। वृद्ध की मौत की कीमत पहले ढाई लाख लगाई गई बाद में मान मनोबल के बाद सौदा 2 लाख 20 हजार रुपए में तय हुआ। नर्सिंग होम प्रबंधन ने 100 रुपए के स्टांप पेपर पर परिज से अपने मन मुताबिक मौत की अनापत्ति लिखवा लिया। उसके उपरांत मरीज के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में मृतक के पुत्र दुलारचंद शर्मा ने बताया कि पिछले शुक्रवार उसने अपने पिता के हाइड्रोसील ऑपरेशन के लिए थाना रोड वाले मार्ग स्थित सृष्टि जीवन हॉस्पिटल एण्ड क्रिटिकल केयर भर्ती कराया था। जहां इलाज करने का अस्पताल प्रबंधन ने 45 हजार रुपए में ऑपरेशन और दवा की राशि अलग से लिए जाने की बात कही गई थी। इलाज शुरू के नाम पर पहले 5 हजार रुपए जमा करवा ली गई तब जाकर इलाज शुरू किया गया । फिर पुनः 6 हजार रुपए जमा करवाई गई । मरीज के ऑपरेशन के 4 दिन बाद ही तबियत में सुधार नहीं हुआ तो अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि वह चिंता ना करें इसका इलाज नर्सिंग होम अपने खर्चे पर बेगूसराय में करवाएगी । इधर परिजन बेगूसराय ले जाने की तैयारी में जुटा ही था कि शनिवार को मरीज की मौत हो गई। उसके उपरांत परिजन द्वारा नर्सिंग होम पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।जिसके बाद नर्सिंग होम संचालक व मरीज के परिजन के बीच कुछ समाजिक लोग मध्यस्ता कर मरीज की मौत की कीमत दो लाख 20 हजार रुपए लगा दिया।इस पुरे मामले पर जब अस्पताल प्रबंधन से उसका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो फोन की घंटी बजती रही वो फोन नही उठाये न ही दुबारा कॉल रिटर्न की। इस पूरे प्रकरण पर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर एनके सिन्हा ने बताया कि चुंकि किसी भी नर्सिंग होम को अनुमंडल स्तर से लाइसेंस नहीं दी जाती है। सहरसा से ही लाइसेंस प्राप्त करना होता है। फिर भी आवेदन प्राप्त होते ही वैसे नर्सिंग होम की जांच पड़ताल कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र में छोटे बड़े करीब आधे दर्जन निजी नर्सिंग होम संचालित है। कई नर्सिंग होम बिना मानक के चल रहे हैं। मरीज आने पर बाहर से डॉक्टर को कॉल पर बुला लिया जाता है। कई बार ऐसे नर्सिंग होम में मरीज के परिजन हो हंगामा भी करते रहे हैं। लेकिन सेटिंग गेटिंग पर ऐसे निजी नर्सिंग होम पर कोई कारवाई नही की जाती है।



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।**सावन मास पहली सोमवारी को जिले के बलवाहाट - कांठो स्थित बाबा मटेश्वर धाम मे हजारो शिव भक्तो के जलार्पण करने की संभावना है।एक दिन पूर्व रविवार को भक्तिमय माहौल मे हजारो श्रद्धालु विभिन्न ट्रेनों द्वारा डाक बम व कांवरबम बोलबम के जयघोष के साथ मुंगेर के छर्रा पट्टी के लिए रवाना हुए।वही दोपहर बाद सभी शिव भक्त छर्रा पट्टी से जलभर कर पैदल बाबा मटेश्वर के जलाभिषेक के लिए चल पड़े।सावन की पहली सोमवारी को दिन भर सहरसा- मानसी-रेलखंड के सोनवर्षा कचहरी, सिमरी बख्तियारपुर, कोपड़िया, धमारा घाट स्टेशन पर मुंगेर जाने वाले भक्तो का तांता लगा रहा।सुबह छह बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक रेलखंड के सभी स्टेशन कांवरियों से खचाखच भरा रहा।

वही सबसे ज्यादा भीड़ सिमरी बख्तियारपुर और कोपड़िया स्टेशन पर रही।सुबह नौ बजे से लेकर ग्यारह बजे के लगभग पूरा स्टेशन परिसर केसरिया बम से लिपटे बमो से भरा रहा। स्थिति यह थी की स्टेशन पर पैर रखने की जगह तक नही थी।वही कांवरियों की संख्या ज्यादा होने की वजह से सभी ट्रेने भड़ी रही।सावन की पहली सोमवारी को लेकर सिमरी बख्तियारपुर सहित सलखुआ, सोनवर्षा कचहरी आदि मार्केट दिनभर बमो से गुलजार रहा। सैकड़ो की संख्या में बम टेंपो आदि की सहायता से बोल बम के जयकारों के साथ सिमरी बख्तियारपुर पहुंचते देखे गए।बाजार में उजले और केसरिया वस्त्रो मे सजे बम बाजार मे खरीददारी करते रहे।बमो ने सबसे ज्यादा टॉर्च, टीशर्ट, मोबाइल चिप्स आदि की खरीददारी की।जिस वजह से दुकानों में भीड़ देखी गई।सावन शुरू होने के साथ ही काँवरियो की सुरक्षा के लिए रेलवे ने लम्बे-चौड़े वादे किये थे।रेलवे स्टेशन से लेकर पटरी के किनारे भी सुरक्षा बल उपलब्ध कराने की बात कही थी। लेकिन रविवार को रेलवे के सारे दावे हवा-हवाई साबित हुए। काँवरियो की भीड़ के आगे मात्र दो रेल पुलिस बल सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन को देखने को मिला। इनका अधिकतर समय विश्रामलय में ही गुजरा इस दौरान काँवरिये और डाकबम ट्रेन में चढ़ने के लिए पटरी पर खडे नजर आये। जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रही।

## ख़ास ख़बर

### शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**कोचस (रोहतास)/** परसथुआ ओपी थाना पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोहसा गांव में छापमारी कर भारी मात्रा मे अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि करते हुए ओपी थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सोहसा गांव में शराब बिक्री के लिए शराब कारोबारी एक घर में भारी मात्रा में शराब छुपा रखे हैं। तभी पुलिस टीम ने सोहसा गांव में छापेमारी कर 30 पीस एट पीएम 180 मील प्रति अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार धंधेबाज वीरेंद्र शाह पिता स्वर्गीय जगन्नाथ साह व सोनू कुमार शाह पिता वीरेंद्र शाह दोनों ग्राम सोहसा थाना परसथुआ जिला रोहतास के रहने वाले हैं। पुलिस दोनो गिरफ्तार धंधेबाज से विशेष पूछताछ कर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया है।

### अनियंत्रित बाइक से गिर नाबालिक जख्मी

**कोचस (रोहतास)/**परसथुआ ओपी थाना अंतर्गत शोभीपुर गांव में अनियंत्रित बाइक से गिर कर एक 16 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया। घायल लड़का शोभिपुर निवासी जितेंद्र राम के 16 वर्षीय पुत्र रवि किशन कुमार बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार के सुबह लगभग ग्यारह बजे 16 वर्षीय लड़का अपने गांव से बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था तभी तेज रफ्तार से जा रही बाइक अनियंत्रित हो कर रोड के किनारे जा पलटी जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने घायल लड़के को अनन-फानन मे सासाराम सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में ले गए जहां चिकित्सको की देखरेख में इलाज चल रही है।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक जख्मी

**करगहर (रोहतास)/** सासाराम चौसा पथ पर रविवार को स्थानीय बाजार के समीप अनियंत्रित बाइक चालक गिर गया। जिस घटना में 25 वर्षीय युवक अनिल साह बुरी तरह जख्मी हो गया। जहा ग्रामीणों के सहयोग से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए उसे जिला सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। जबकि घटना के संबंध में बताया जाता है कि सेमरी गांव निवासी पच्चीस वर्षीय अनिल साह अपने गांव से बाजार में खरीदारी करने जा रहा था। इसी क्रम में वह स्थानीय बाजार में बाइक चलाते हुए अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जिसमें वह जख्मी हो गया। जिसका प्राथमिक उपचार कर चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए जिला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### बिहार सरकार के खिलाफ 11 जुलाई को विधानसभा घेरेंगे शिक्षक

**करगहर (रोहतास)/** प्रखंड अंतर्गत बीआरसी परिसर में रविवार को शिक्षक संघ ने एक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्षता धर्मेंद्र कुमार सिंह व संचालन संतोष कुमार राय ने किया। इस अवसर पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ एवं प्रारंभिक शिक्षक संगठनों की संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में 11 जुलाई को बिहार विधानसभा का घेराव में शामिल होने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अब संघर्ष के अंतिम पड़ाव आ चुका है। जिसमें शिक्षकों को एकजुटता दिखाने आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रतिबद्धता और एकजुटता से ही सफलता हासिल की जा सकती है। ऐसे परिवेश में सभी को विधानसभा पहुंचना आवश्यक है सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यहां से दो हजार शिक्षक पटना विधनसभा का घेराव करेंगे मौके पर अमित सिंह,वरुण सिंह,मो. कमरुद्दीन, मो. गुलाम मुस्तफा अंसारी, छ्वीनाथ कुमार, भानु सिंह, राजीव रंजन, संजय शर्मा, विजय कुमार, संजीव कुमार, अजय कुमार, मिथिलेश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, कमलेश राय, धीरेंद्र पाल, मनीष कुमार, दिलीप कुमार, शिवकुमार गुप्ता, सूर्यवंश कुमार, शंभू कुमार, भुनेश्वर कुमार गुप्ता सहित अन्य शिक्षक शामिल थें।

### श्रम कार्ड बनाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह भागलपुर में सक्रिय



**लोकेशन= भागलपुर/ रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर,अगर आपके घर में भी कोई श्रम कार्ड बनाने के लिए आते हैं तो हो जाएं सावधान क्योंकि ऐसी ठगी करने वाले एक गिरोह पूरे भागलपुर क्षेत्र में घूम घूम कर प्रलोभन देकर ठगने का काम कर रही है, ऐसा ही मामला भागलपुर अलीगंज के महेशपुर वार्ड नंबर 42 से सामने आया है जहां चंदन कुमार पाल और सविता देवी से हजारों रुपए इस श्रम कार्ड बनाने वाले गिरोह ने ठग लिया है, गौरतलब हो कि यह ठग उनके घर श्रम कार्ड बनाने के नाम से गए और उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से श्रम कार्ड सबों को फ्री में बनाया जाता है आपको आधार कार्ड देना है और अपना अंगूठा लगाना है तभी दोनों पति पत्नी ने आधार कार्ड भी दिया और अंगूठा भी लगा दिया और जब शाम में मोबाइल पर मैसेज देखते हैं तो उनके मानो पांव तले जमीन खिसक गई, दोनों के होश उड़ गए ,उनके अकाउंट से कई हजार रुपए निकल चुके थे,

# बढ़ते तापक्रम और घटते भूगर्भ जल स्तर ने लोगों की चिंता बढ़ाई

**थाना क्षेत्र के भैंसहा, चकन्हा, भलुआड़ी इत्यादि पंचायत क्षेत्रों में अभी तक एक भी कुएं का जीर्णोद्धार नहीं हुआ है**

**डेहरी (रोहतास)/** लगातार बढ़ते तापक्रम एवं घटते भूगर्भ जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए बिहार सरकार द्वारा जलाशयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 15वें वित्त योजना के तहत पंचायत स्तर के सभी सरकारी कुओं के जीर्णोद्धार के लिए कदम उठाते हुए प्रत्येक कुआं के लिए 64 हजार 400 रुपए का योजना बनाया गया है। जिसके तहत कुआं का उड़ाही करना, चारों तरफ ईट लगाकर 3 फीट ऊंचा बेस बनाना, पक्कीकरण करना, जानवरों एवं लोगों के जान माल का ध्यान रखते हुए कुएं के फेस पर लोहे की जाली लगाना इत्यादि योजना है। जिससे अस्तित्व विहीन हो रहे कुएँ को बचाने के साथ भूगर्भ जल को संतुलित किया जा सके। लेकिन पदाधिकारियों के बेरुखी के कारण सरकार की महत्वकांक्षी योजना थाना क्षेत्र के पंचायतों में हो ही नहीं पाई है। थाना क्षेत्र के भैंसहा, चकन्हा, भलुआड़ी इत्यादि पंचायत क्षेत्रों में अभी तक एक भी कुएं का जीर्णोद्धार नहीं हुआ है। जबकि जानवरों के गिरने एवं लगातार भराव के कारण कागज पर मौजूद कई सरकारी कुआं का अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है तथा कुछ कुआं अतिक्रमणकारियों के शिकार के कारण लगातार भराव से विलुप्त के कगार पर है। बताते चलें कि भलुआड़ी पंचायत के मीठोपुर में ही पांच कुआ है। जिसमें शंकर भगवान के मंदिर के पास, हनुमान जी के मंदिर के पास, तुलसी महतो के घर के पास, कृष्ण भगवान के मंदिर के पास, श्रीनिवास सिंह के घर के पास के अलावा घनी बिगहा में दो, पितंबरपुर में एक, भलुआड़ी में दो, नावाडीह में एक, लक्ष्मण बिगहा में एक कुआं है। वही भैसहा पंचायत के भैसहा गांव में दो, मानिकपुर में एक, सुजानपुर में दो, कटार में एक कुआं है। चकन्हा पंचायत के चकन्हा में एक, शंकरपुर में एक, दतौली में एक, बडीहा में एक, विश्रामपुर में एक समेत दर्जनों कुआं जीर्णक्षिर्ण स्थिति में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। सूखे पड़े कई कु में पेड़ पौधे उग जाने से अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। वही बढ़ते तकनीकी के साथ कुएँ की दैनिक उपयोगिता कम होने तथा देखरेख के अभाव में कुछ सरकारी कुं का अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है।

जिससे लोगों में चिंता है। क्या कहते हैं स्थानीय लोग = स्थानीय गौतम राज जितेंद्र सिंह विजेंद्र सिंह अमरजीत सिंह नीतीश कुमार दुर्गा सिंह शारदा देवी ममता देवी चंद्रकला देवी इत्यादि का कहना है कि सरकार द्वारा कु की जीर्णोद्धार की योजना सराहनीय है। इस योजना से भूमिगत जल पर नियंत्रण पाने के साथ गांव की पहचान भी बचेगी। साथ ही उन्होंने कार्य न होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पदाधिकारियों के असंवेदनशीलता के कारण कई योजनाएं धारासाई है। कहा कि पंचायत के प्रत्येक गांव में वर्तमान में दो कुआँ अवश्य मौजूद है। पहले एक गांव में कई कुआं थे। जिसका उपयोग पेयजल के लिए किया जाता था। लेकिन समय के साथ पेयजल के लिए कुएं की उपयोगिता समाप्त हो गई। अब कुए की जल की उपयोगिता केवल पूजा पाठ के लिए रह गया है। उपयोगिता कम होने से आसपास के लोग कुएं को भरकर सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिए है। जिससे कई कुओं का अस्तित्व समाप्त हो चुका है।कहते हैं पदाधिकारी- वीडियो पुरुषोत्तम त्रिवेदी ने कहा कि पंचायत के सरकारी कुओं के जीर्णोद्धार के लिए कार्य किया जा रहा है। जल्द ही कुओं की पहचान कर जीर्णोद्धार का कार्य संपन्न कराया जाएगा तथा कार्य में अनियमितता पर कार्रवाई भी की जायेगी।

## नि:शुल्क जांच शिविर में मरीजों की उमड़ी भीड़



**नोखा (रोहतास)/** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत रविवार को द्वारका मेट्रोहिल्स हॉस्पिटल एवम आदित्य बिड़ला मेमोरियल हॉस्पिटल पुणे तथा श्री विद्या मानव कल्याण फाउंडेशन के सहयोग से सासाराम के नोखा में मां काली मंदिर के धर्मशाला पर निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जाने माने चिकित्सक डा विनीत सिंह, डॉ. यूपी शाही, डॉ.प्रियांशु सिंह, डा मोनिका सिंह, डॉ. विवेकानंद चौबे, डा एच.एन सिंह, डॉ. गौरव, डॉ.भास्कर, डॉ. आरजू द्वारा मरीजों को निशुल्क परामर्श, जांच एवम दवा वितरण किया गया। शाम तक कुल 1437 मरीजों का पंजीकरण एवम परिक्षण किया गया। मरीजों का मेगा स्वास्थ्य शिविर में मूंह का कैंसर, स्तन कैंसर, पेट कैंसर, लीवर कैंसर समेत अन्य सभी रोगों के बारे में परामर्श दिया गया जिसमें आदित्य बिड़ला मेमोरियल हॉस्पिटल पुणे के प्रशिक्षित स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान द्वारका मेट्रोहिल्स हॉस्पिटल के संस्थापक सीबी सिंह, संचालक विशाल सिंह, आदित्य बिड़ला मेमोरियल हॉस्पिटल से प्रोजेक्ट लीड यशु विश्वाश, डॉ. आर पी वर्मा, सहयोगी मुकेश कुमार, मैनेजर प्रदीप एवम श्री विद्या मानव कल्याण फाउंडेशन के प्रबंधक तुषार, कोषाध्यक्ष डा अजय कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

## विद्यालय के मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने से बच्चों में मची अफरा-तफरी



**बिहिया (भोजपुर)/** बिहिया प्रखंड क्षेत्र के कमरियांव पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कमरियांव में शनिवार को छात्रों के लिए लाये गये मध्यान्न भोजन में कीड़ा मिलने के बाद स्कूल के छात्रों ने खाना खाने से इंकार करते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया।मध्यान्न भोजन में मिला कीड़ा, छात्रों ने खाने से किया इंकार मध्यान्न भोजन आपूर्तिकर्ता पर कार्रवाई करने की मांग मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव व पंचायत समिति सदस्य सह जदयू के प्रखंड अध्यक्ष लाल बहादुर महतो ने खाने की जांच की। जांच के बाद दोनों ने मध्यान्न भोजन को खाने लायक नहीं बताते हुए कहा कि संबंधित एनजीओ द्वारा लाया गयामध्यान्न भोजन निहायत हीं घटिया स्तर का है जिसके खाने से बच्चे बीमार हो सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों से संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए बच्चों को सही खाना दिये जाने की मांग की है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शमशेर वीरबहादुर सिंह ने बताया कि गत् 5 जुलाई को भी लाये गये खाने में कीड़ा मिला था। जिसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी गयी थी। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने मामले को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजते हुए मध्यान्न भोजन आपूर्तिकर्ता पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## मतदान केंद्र पर गोली लगने से मारे गए चिरंजीत कारजी का शव घर पहुंचा



**भागलपुर/** कल पूरे राज्य में पंचायत चुनाव चल रहे थे. पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक तनाव चरम पर है. कूचबिहार जिले के विभिन्न बूथों पर बमबाजी, फायरिंग और तोड़फोड़. दिनहाटा उपमंडल के बूथ 7/262 पर बदमाशों ने अचानक फायरिंग कर दी.

उस गोलीबारी में दो लोग घायल हो गए थे. चिरंजीत कारजी और राधिका बर्मन। घायल व्यक्तियों को दिनहाटा उपमंडल अस्पताल लाया गया और भर्ती करने के बाद, डॉक्टर ने स्थिति गंभीर पाई और उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया। जब मृतक चिरंजीत कार्जी को कूचबिहार के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया तो डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक का शव आज घर लाया गया। परिवार सहित परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए। हालाँकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि उस बूथ केंद्र पर मतदान सत्र के दौरान किसने गोली चलाई और भाग गया। आम निवासियों की शिकायत मृतक चिरंजीत कारजी किसी भी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं हैं. वह मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है।मृतक को लेकर केंद्र और राज्य तनाव में हैं। बीजेपी पार्टी का दावा है कि मारा गया शख्स उनकी पार्टी का कार्यकर्ता है. दूसरी ओर, तृणमूल पार्टी ने दावा किया कि मारा गया व्यक्ति तृणमूल कार्यकर्ता था. इस मामले में पूरा राजनीतिक हलका जोर शोर से जुटा हुआ है. मृतक की मां पहले ही टिप्पणी कर चुकी हैं कि मेरा बेटा किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा नहीं है.

### वर्षा के अभाव में की रोपनी हुई बाधित, किसानों की चिंता बढ़ी

**संझौली (रोहतास)/** पिछ्ले 29 जून से छः जुलाई तक लगातार हुई, मध्यम, भारी व रिमझिम बारिश ने किसानों के चेहरे पर मुस्कुराहट बिखेर दिया था। किसान यह सोचकर इतराने लगे थे कि धान की रोपनी समय से हो जायेगी। लेकिन ऐसा नहीं होते देख किसान फिर से मायूस होने लगे हैं। किसान सुरेंद्र कुमार सिंह, उदल सिंह, अलख सिंह, सुमन कुमार सहित कई ने बताया कि अषाढ़ माह के अंत व सावन माह के शुरू में हुई, बारिश से किसानों को उम्मीद जगा दी थी की समय पर किसान खेत तैयार कर, धान की रोपनी के साथ ही मक्का व सब्जी की खेती कर लेंगे। लेकिन छः जुलाई सुबह लगभग 11 बजे के बाद से जो बारिश बंद हुई है तो बंद ही है। पिछ्ले चार दिनों से बंद हुई बारिश व निकल रही कड़ाके की धूप ने किसानों को सकते में डाल रखा है। किसानों की माने तो नहरों में लगभग पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रही है, फिर भी नहर से पूरी तरह धान की रोपनी करना संभव नहीं है। कहते हैं हीट स्ट्रोक के कारण धरती पूरी तरह जल चुकी है। इस स्थिति में नहरों में पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ बारिश जरूरी है, तभी धान की रोपनी समय से हो पायेगी। अगर समय से बारिश नहीं हुई तो किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. खेतों में नहर से मिलने वाला पानी के साथ बारिश होती है तो, खेतों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल जाता है। जिससे धान रोपने के लिए खेत तैयार करने में किसानों को आसानी होती है।

### देसी शराब के साथ महिला धंधेबाज गिरफ्तार



**कोचस (रोहतास)/** कोचस पुलिस ने थाना क्षेत्र के लकड़ी गांव से 13 पीस देसी शराब के साथ एक महिला धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया है। थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि संध्याकालीन के समय गश्ती टीम के द्वारा छापेमारी के दौरान 13 पीस ब्लू लाइन देसी शराब प्रत्येक पीस दो सौ एम एल के साथ एक महिला धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिला राधेश्याम चौधरी की पत्नी 40 वर्षीय कलावती देवी ग्राम लकड़ी थाना कोचस जिला रोहतास के रूप में पहचान हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार महिला के ऊपर पहले भी बिहार मद निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम के तहत कांड दर्ज है। वही गिरफ्तार महिला से पुलिस विशेष पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई के बाद न्यायीक हिरासत में भेज दिया है।

### पुलिस ने 10 लीटर देसी शराब किया बरामद, मामला दर्ज

**बिक्रमगंज(रोहतास)/** पुलिस ने 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद कर मामला दर्ज किया। संझौली थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के अमेठी गांव में शराब बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते चिन्हित स्थलों पर छापेमारी की गई। पुलिस ने उक्त स्थल से 10 लीटर देसी महुआ शराब बरामद कर लिया। लेकिन पुलिस की भनक मिलते की कारोबारी भागने में सफल रहा। मामले में पुलिस ने स्थानीय थाना के एसआई पंकज कुमार के द्वारा थाना क्षेत्र के अमेठी निवासी वीरू पासवान एवं अभिषेक कुमार के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त दोनों कारोबारी के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तारी के लिए दोनों आरोपी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने ने कहा कि बहुत जल्द ही दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया जायेगा।

### पुलिस ने देशी शराब किया बरामद

**संझौली (रोहतास)/** स्थानीय थाने की पुलिस ने अमेठी गांव से दस लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है। स्थानीय थाने के एसआई पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के अमेठी गांव में कुछ शराब कारोबारियों द्वारा अवैध शराब का बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए चिन्हित स्थलों पर छापेमारी की गई। जहां छपामारी के दौरान पुलिस ने दस लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया। लेकिन, पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी मौके से भाग निकले। शराब कारोबारी अमेठी गांव निवासी वीरू पासवान व अभिषेक कुमार के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दोनों आरोपी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। बहुत जल्द ही दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वारंटी को भेजा जेल

**बिक्रमगंज (रोहतास)/** पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के कर्मा गांव से दीपेंद्र साह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार उक्त आरोपी के विरुद्ध कोर्ट से निर्गत वारंट था।

**अतिक्रमण** | अतिक्रमण से किसानों का पटवन बाधित होता है।

## सरकारी जलाशय पर अतिक्रमण करने को लेकर आपस भिड़े दो पक्ष



**काराकाट (रोहतास)/** काराकाट प्रखंड के सिकरियां पंचायत के मौजा दहीयाड़ी गांव में 6 एकड़ में फैला जलाशय अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है। जल जीवन हरियाली योजना के तहत सरकार का आदेश जारी हो चुका है, कि पूरे प्रदेश में जितने भी जलाशय है जो अतिक्रमण हो चुका है उसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। प्रखंड क्षेत्र में जलशयों की संख्या 78 है लेकिन 62 जलाशयों का कहीं आता पता ही नहीं है सिर्फ 16 जलाशय ही सूचीबद्ध है। मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अनुसार रोहतास जिलाधिकारी, मत्स्य जिला पदाधिकारी रोहतास तथा अंचल पदाधिकारी काराकाट द्वारा संज्ञान नहीं लेने के कारण स्थिति बनी हुयी है। दहीयाड़ी मौजा में 6 एकड़ जलाशय है जिसमें करीब 4 एकड़ में अतिक्रमण हो चुका है । शेष जो बाकी है उसके अतिक्रमण के लिए गांव में होड़ मचा है। अतिक्रमण को लेकर खून खराबे की संभावना बनी हुयी है। अतिक्रमण से किसानों का पटवन बाधित होता है। यहां तक कि अतिक्रमणकारी किसानों को खेतों में जाने नहीं देते अक्सर मारपीट की जाती है। मत्स्यजीवी सहयोग समिति के दहीयाड़ी गांव सदस्य संजय तिवारी बताया कि मौजा दहीयाड़ी में खाता संख्या-111खेसरा संख्या -144 ,118, 221,119 में मत्स्य विभाग को 6 एकड़ का राजस्व सरकारी नियमावली के आधार पर राशि जमा की जाती है। 4 एकड़ में अतिक्रमण किया जा चुका है जिसमें बड़े बड़े पक्के भवन से लेकर खपरैल, मड़ई, बांस बल्ली लगाकर कब्जा किया जा चुका है। अतिक्रमण हटाने के लिए पूर्व में किसान, वार्ड सदस्य सहित ग्रामीण जिलाधिकारी से लेकर मत्स्य विभाग सासाराम, बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय तथा अंचल अधिकारी को कई बार लिखित दिया जा चुका है, लेकिन अब तक अतिक्रमण हटाने की कोई कार्रवाई नहीं कि गयी। अतिक्रमण होने से किसान परेशान है उनके खेतों के पटवन बाधित हो चुका है।

मत्स्य सहयोग समिति काराकाट द्वारा जिलाधिकारी रोहतास से मांग किया है कि अतिक्रमण की जलाशय को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए दहीयाड़ी गांव में अतिक्रमित जलाशय पर कब्जा को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ जिसमें काराकाट पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया कि अगर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के लिए किसी प्रकार का विवाद होता है तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।क्या कहते है अधिकारी- दहीयाड़ी गांव में जलाशय की अतिक्रमित भूमि की कब्जा की जानकारी नहीं है अगर अतिक्रमण हुयी है तो कार्रवाई की जाएगी। मेरी नई पोस्टिंग हुयी है इसके बारे में मुझे जानकारी नहीं है।

## दावथ पंचायत का वार्ड-9 का मुख्य पथ बना नरक, लोग आक्रोशित, बरसात के कारण संक्रमण बिमारी फैलने का बढ़ा खतरा



**दावथ (रोहतास)/** प्रखंड क्षेत्र के दावथ पंचायत के वार्ड नंबर नौ की जनता नाली के कीचड़ व गली के कूड़ा से होकर आने जाने के लिए मजबूर है। दावथ गांव के बीच से गुजरने वाले एनएच 120 से माता अआसावरी मंदिर तक जाने के मुख्य रास्ते में नाली का पानी भरा रहता है। गली पीसीसी होने के बावजूद भी गली में नाली के जल जमाव सें कीचड़ पसरा रहता है, तथा गली में कूड़ा भी पसरा रहता है। उसी रास्ते से मंदिर जाने वाले तथा नौ के वार्डवासी आने जाने के लिए मजबूर हैं। विगत एक वर्ष से मुख्य नाली की सफाई नहीं होने के कारण बारिश होते ही, पूरे रास्ते में नाली का कीचड़ व पानी फैल जाता है। बताते चलें कि ढेकहावंशी राजपुतों की कुलदेवी मां अआसावरी के मंदिर व काली मंदिर जाने का यही मुख्य रास्ता है। जहां गांव के साथ दूर दराज से आनेवाले सभी श्रद्धालु इसी रास्ते से मंदिर पहुंचते है। बुजुर्ग ग्रामीण कृष्ण मुरारी सिंह, भाजपा नेता विनोद सिंह ने बताया कि इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाया गया, लेकिन अभी तक इस नाली का सफाई नहीं हुआ। जिसके कारण आने जाने वाले स बुजुर्गों व महिलाओं तथा छोटे-छोटे बच्चों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वैसे तो स्वच्छता के नाम पर ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों की बहाली भी हुई है। जो घर-घर जाकर के कूड़े को इकट्ठा करके ले जाते थे। लेकिन विगत कुछ महिनो से यह कार्य भी बंद होने के कारण रास्ते में कूड़े का अंबार देखने को मिल रहा है। जिसके कारण वार्ड वासियों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द से जल्द इसकी सफाई नहीं होने पर संक्रमण या बिमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। इस पर अधिकारी या स्वास्थ्य विभाग, या जनप्रतिनिधि का कोई ध्यान नहीं है.

## ख़ास ख़बर

## थाना प्रशासन ने चार चोरों को किया गिरफ्तार भेजा जेल



**कुदरा कैमुर/**- जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा कुदरा डाक बंगला के पास से चार चोरों को किया गया गिरफ्तार भेजा गया जेल। थाना अध्यक्ष संजय कुमार से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत किसी भी तरह की अपराध पर नियंत्रण हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में शनिवार को कुदरा डाक बंगला पर थाना प्रशासन द्वारा विभिन्न मामलों में जप्त कर खड़ी की गई गाड़ियों का चार चोरों द्वारा पार्ट निकालते हुए देखा गया। प्रशासन को देखते ही चोर भागने की फिराक में हो गए, पर थाना प्रशासन द्वारा चारों चोरों को घेर कर पकड़ लिया गया। जिन्हें स्वास्थ्य जांच को प्राप्त जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति पृथ्वीराज उर्फ झूलन चौहान पिता नंदकिशोर चौहान चकिया मुहल्ला कुदरा, मुकेश शर्मा पिता अर्जुन शर्मा, उमेश कुमार पिता संत राय दोनों महावीर स्थान कुदरा, अंबुज कुमार सिंह पिता छोटन सिंह ग्राम-गुडुरा सभी थाना कुदरा कैमूर के निवासी बताए जा रहे हैं।

## प्लस टू उच्च विद्यालय बड़ौरा के बच्चों ने परिभ्रमण के लिए निकले मुखिया ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रामगढ़ कैमुर/मिलन सिंह/**प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय बडोरा के बच्चों ने मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत धार्मिक स्थल और पर्यटन स्थलों का परिभ्रमण किए वही प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के अंतर्गत कक्षा 10 के छात्र छात्राओं को कई धार्मिक और पर्यटन का भ्रमण कराया गया वहीं मुखिया पप्पू पासी ने बताया कि लगातार स्कूल में इस तरह के पर्यटन भ्रमण से बच्चों को मानसिक ज्ञान और धार्मिक ज्ञान की जानकारी मिलती है इस मौके पर अध्यक्ष सचिव सहित ग्रामीण उपस्थित थे

## विद्युत करंट की चपेट में आने से किसान की मौत



**संवाददाता कुमार चन्द्र भुषण तिवारी की रिपोर्ट/कैमूर-** जिला के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ढहना क्षेत्र के गोविंदपुर ग्राम वासी की करंट की चपेट में आने से हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार गोविंदपुर ग्रामवासी पिंटू बिंद उम्र लगभग 25 वर्ष पिता सुंदर बिंद रविवार की शाम खेत से काम कर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में विद्युत सप्लाई का तार खींचा गया था, जो कि काफी नीचे लटक रहा है। जिस के संपर्क में आने से युवक झुलस गया। घटना की सूचना मिलते हैं परिजनों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए जयपुर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों द्वारा तत्काल उपचार करने के उपरांत स्थिति को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल भभुआं के लिए स्थानांतरित कर दिया गया। सदर अस्पताल में पहुंचने के उपरांत डॉक्टरों द्वारा जब जांच किया गया पाया गया कि व्यक्ति की मौत हो चुका है। मृतक की एक पुत्री दीक्षा कुमारी 8 वर्षीय तथा 1 पुत्र आर्यन कुमार 4 वर्ष का है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था एक छोटा भाई बबलू बिन्द जो दूसरे राज्य में मजदूरी का काम करता है इस घटना से परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है परिवार और मोहल्ले के लोग इस घटना से काफी सदमे में है।

# चैनपुर रोड से भभुआ की पुलिस ने हीरोइन के साथ छह तस्कर को गिरफ्तार का भेजा जेल



**संवाददाता सिंगासन सिंह यादव/**कैमूर के सदर थाने की पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए शहर के सुवरन नदी के समीप बने श्मशान घाट से 41 पुड़िया हेरोइन के साथ छह स्मैकियों को गिरफ्तार किया है.बरामद हेरोइन का कुल वजन 11210 ग्राम हैं.हेरोइन के साथ धराये लोगों में छावनी मुहल्ला वार्ड संख्या 9 निवासी राजकुमार का बेटा प्रिंस कुमार के पास से 9 पुड़िया,सारंगपुर गांव निवासी स्व मोहर पासवान का बेटा मुन्ना पासवान के पास से हेरोइन की दो बड़ी पुड़िया,भगवानपुर निवासी बुटन पांडेय का बेटा बजरंगी पांडेय के पास से 7 पुड़िया,ओरगाई निवासी स्व रामप्रताप पांडेय का बेटा रजनीकांत पांडेय के पास से 7 पुड़िया,शहर के वार्ड संख्या 19 निवासी स्व शत्रुघ्न पांडेय के बेटा दिवाकर पांडेय के पास से 8 पुड़िया और छावनी मुहल्ला वार्ड संख्या 10 निवासी मुन्ना खरवार का बेटा राकेश खरवार के पास से 8 पुड़िया हेरोइन के बरामद किए गये है.बरामद हेरोइन के साथ पकड़ाये नशेड़ी व धंधेबाजों के सम्बंध में सदर थानाध्यक्ष रामानन्द मंडल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुवरन नदी के उत्तरी छोर पर बने श्मशान घाट के परिसर में कुछ लोग हेरोइन बेचने व पीने का काम कर रहे हैं.सूचना पर एक टीम बनाया गया.टीम में एसआई विकास कुमार सहित एसआई प्रमोद कुमार,एसआई राहुल कुमार दिनकर आदि शामिल थे.इनके द्वारा उक्त श्मशान घाट परिसर में छापा मारा गया तो आरोपी भागने लगे.कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस टीम द्वारा छह लोगों को पकड़ा गया.जिनके पास से हेरोइन की भारी मात्रा में पुड़िया बरामद किया गया है.

# आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने सरकार के नीतियों के खिलाफ किया पुतला दहन



**दुर्गावती, कैमूर/**गुरुवार को आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव के खिलाफ छात्रों ने पुतला दहन कर आक्रोश जताया। उक्त जानकारी के अनुसार आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के छात्रों का कहना है कि बिहार सरकार द्वारा शिक्षक नियमावली प्रक्रिया में बार-बार संसोधन किए जाने एवं डोमिसाइल नीति हटाने को लेकर पटना में इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे, शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण तरीके से लाठीचार्ज के खिलाफ आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया गया। शिक्षक अभ्यर्थियों पर शांति पूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा किया गया बल प्रयोग कर लाठीचार्ज करना अत्यंत शर्मनाक घटना है। इसके लिए बिहार के छात्रों पर बिहार सरकार को माफी मांगनी चाहिए, एवं उच्चस्तरीय जांच करा कर दोषी को कड़ी सजा देनी चाहिए। वहीं पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन कर रहे आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर सह मंत्री अमन सिंह, कोषाध्यक्ष शुभम कुमार, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रिशु उपाध्याय, मोहित सिंह, राजीव कुमार, कार्तिक, निखिल, सर्वेश सिंह, किशन गुप्ता, विवेक पाण्डेय सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गांधी विनोवा और जयप्रकाश के धरोहरओ को बचाने के लिए सत्याग्रह सह संवाद का आयोजन लोकसमिति, गांधी शांति प्रतिष्ठान और बिहार सर्वोदय मंडल भागलपुर के संयुक्त तत्वाधान में हुआ



**भागलपुर/** भाजपा, आरएसएस और उसके सहमना संगठनों के द्वारा स्वतंत्रता के मूल्यों और आदर्शों को मटिया मेट करने की कोशिश की जा रही है गांधी के पुतले पर गोली चलाई जाती है 30 जनवरी 1948 के घटना का उत्सव मनाया जाता है गांधी की मूर्तियों को विखंडित करने की कोशिश होती है गांधी को देश का दुश्मन की तरह प्रसारित करने की कोशिश हो रही है गांधी के पुतले पर गोली चला कर क्या करना चाहते हैं वे लोग? गांधी तो एक विचार है, सामूहिक ता का विचार है, शांति और अहिंसा का विचार है, समानता का विचार है ,लोकतांत्रिक मूल्यों का विचार है , गांधी के बहाने इन्हीं विचारों पर आक्रमण है यानी शांति और अहिंसा के विचार पर लगातार आक्रमण जारी है। समान नागरिक संहिता के नाम पर संविधान के साथ मजाक किया जा रहा है। बाबा साहब के सपनों के उस दस्तावेज को जिसमें समानता मौलिक अधिकार बनाया गया था उन्ही समानता के विचार पर आक्रमण जारी है। एक और देश में असमानता बढ़ रही है, बढ़ाई जा रही है ,गरीब और अमीर के बीच की खाई चौड़ी हो रही है, किसान और मजदूर लूट रहे हैं देश की संपत्ति को कारपोरेट के हाथ सौंपा जा रहा है। पूंजीवाद अपने बदले स्वरूप में हमारे सामने हमे चुनौति दे रहा है हमें चिड़ा रहा है दूसरी ओर मुसलमानों का भय दिखाया जा रहा है यह सब मूल मुद्दों से हटाने की कोशिश है बेरोजगारी भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ रही है दलबदल राजनीतिक हथियार बन गया है लोकतंत्र को भीड़ तंत्र में बदलने की कोशिश हो रही है गांधी आश्रम को पर्यटन स्थल बनाया जा रहा है विगत दिनों अखिल भारतीय सर्व सेवा संघ वाराणसी की भौतिक संपत्ति को ध्वस्त करने की कोशिश की गई 1960 में जिस जमीन की खरीदारी लाल बहादुर शास्त्रीओर जगजीवन राम के प्रयासों से की गई थी उसका नामांतरण भी हो गया था सरकारी आदेश से उसे रद्द कर दिया गया हम आभारी हैं प्रोफेसर आनंद कुमार और प्रशांत भूषण जीके जिन्होंने उच्चतम न्यायालय मैं गुहार लगाई अभी स्टे ऑर्डर मिल गया है सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई होनी है इन्हीं सवालों को लेकर आज यह धरना आयोजित किया गया है हम गांधी का नाम मिटने नहीं देंगे हम स्वतंत्रता के मूल्यों को तिरोहित नहीं होने देंगे लोकतंत्र को मरने नहीं देंगे लोकतंत्र में प्रतिरोध हमारा अधिकार है प्रतिरोध को राष्ट्रद्रोह के नाम पर दबाया जा रहा है राष्ट का सवाल जनता का सवाल हैहम जनता को जगाना चाहते हैं सरकार को बताना चाहते हैं मणिपुर में विगत 2 महीनों से हिंसा जारी है महिला खिलाड़ियों का अपमान हुआ इन सब हालातों में प्रधानमंत्री चुप है सरकार चुप है सरकार की मौन स्वीकृति है खुलेआम दलितों का अपमान किया जा रहा है दबंग राजनेता आदिवासियों के मुंह पर पेशाब करते हैं जूते से पानी पिलाया जाता है यह सब व्हाट्सएप पर वायरल है लेकिन जनता चुप है आखिर कब तक लोगों को भरमाया जाता रहेगा हिंदू मुस्लिम को लड़ाया जाता रहेगा मुसलमानों का भय दिखाया जाता रहेगा नफरत से समाज नहीं बनेगा समाज अगर टूट गया तो फिर क्या बचेगा देश को बचाने का सवाल है लोकतंत्र की रक्षा का सवाल है मौलिक सवालों पर लोगों को जगाने का सवाल है इन्हीं सवालों को लेकर हम आज यह सत्याग्रह कर रहे हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मनोज कुमार और संचालन संजय कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अर्जुन शर्मा ने किया। उक्त सत्याग्रह में अनिता शर्मा, डॉ सुजाता चौधरी डॉ मनोज कुमार, अर्जुन शर्मा, उदय, एनुल होदा, डॉ मनोज मीता, बाकिर हुसैन, रामपूजन, बासुदेव भाई, मनोज कुमार, तकी अहमद जावेद, गौतम कुमार, संजय कुमार, मनोज कुमार, रंजीत कुमार पटेल सहित अनेक साथी उपस्थित हुए।

## बाइक पर जा रही अंचल अमीन गस्त खा कर गिरी गंभीर रूप से घायल




**रामपुर से सूचित पांडेय की रिपोर्ट/रामपुर-** अंचल अमीन बाइक से घर जाने के क्रम में गस्त खा कर गिरी गंभीर रूप से हूई घायल। मिली जानकारी के अनुसार रामपुर अंचल कार्यालय अंतर्गत कार्यरत अंचल अमीन प्रगति तिवारी अंचल से छुट्टी के उपरांत अपने पति के साथ बाइक पर बैठकर भभुआं अपने आवास पर जा रहीं थी की तेज गर्मी की वजह से गस्त खाकर सड़क पर गिर पड़ी जिससे कि बुरी तरह से घायल हो गई आशंका व्यक्त किया जा रहा है कि पैर में बहुत ही गंभीर चोट लगा है। पति द्वारा आसपास के लोगों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टरों द्वारा इलाज के उपरांत समुचित इलाज हेतु सदर अस्पताल भभुआं के लिए स्थानांतरित कर दिया गया।

## शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण, पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

**साहिबगंज-** राजमहल थाना क्षेत्र की एक लड़की ने एसपी को आवेदन देकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाजीपुर दियारा निवासी उमा शंकर रजक पर शादी का झांसा देकर एक साल तक यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। वही दिए गए आवेदन में उसने बताया है की साहिबगंज कॉलेज में पढ़ाई के दौरान उमाशंकर से प्रेम कर बैठी और 4 वर्षों तक प्रेम प्रसंग चला। वही उमाशंकर ने सजातीय नहीं होने के बावजूद शादी करने की बात का भरोसा दिया था और फिर 1 वर्ष तक यौन शोषण किया। वही जब शादी की बात कहने पर बहाने बनाता रहा। वही तंग आकर 15 मई 2023 को उसने राजमहल थाना में उसके विरुद्ध कांड संख्या 376/23 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई और जिसके बाद उमा शंकर के घर वाले उसके घर पहुंच कर पंचायती की। वही जिसमें निबंधन के बाद रीति रिवाज से शादी की बात तय हुई, और 15 मई 2023 को रजिस्ट्री के लिए निबंधन कार्यालय में आवेदन दिया, जहां 1 महीने बाद बुलाया गया। वही इस बीच लड़के वालों ने घर पर बुला आवभगत करते हुए 5 लाख दहेज की मांग किया गया। वही असक्षमता जताने पर उमाशकंर को उसके घर वालों में कहीं भगा दिया, और अब उसका बड़ा भाई व पिता झूठे एससी एसटी में फंसा देने की धमका दे रहे हैं। वही उमाशंकर के पास उनकी अंतरंग वीडियो व तस्वीरें हैं, जिसके जरिये उमाशंकर भी धमकी दे रहा है की उसने फेसबुक पर भी उसकी एक तस्वीर अपलोड कर दिया है। वही पीड़िता ने उमाशंकर व उसके पूरे परिवार पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## प्रेमचंद जयंती समारोह 31 जुलाई को



**साहिबगंज-** अनंत कुमार सरस्वती सदन पुस्तकालय के द्वारा मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर 31 जुलाई को पुस्तकालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वही इसकी जानकारी देते हुए आनंद कुमार सरस्वती सदन के सदस्य कार्यक्रम प्रभारी संजय खेमका ने बताया की जगत के महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर 31 जुलाई को अनंत कुमार सरस्वती सदन पुस्तकालय महाजन पट्टी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वही उन्होंने बताया की इस अवसर पर प्रेमचंद की रचनाओं में किसान विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई है। वही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के सचिव सुरेश निर्मल सहित अन्य सदस्यों के द्वारा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वही संजय खेमका ने बताया की दिए गए विषय पर अपनी बातों को रखने के लिए विभिन्न महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया है और संस्था के सचिव सुरेश निर्मल ने बताया की वर्षों से अनंत कुमार सरस्वती सदन द्वारा भारत के महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई जाती आ रही है। वही इस वर्ष समय के अनुरूप विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसका विषय किसान प्रेमचंद की रचनाओं में रखा गया है। वही कार्यक्रम का आयोजन 31 जुलाई सोमवार को अपराहन 5:00 बजे से किया जाएगा।

**दुष्कर्म** | थाना प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंच गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

# ताड़ी के नशे में पिता समान व्यक्ति ने मानवता को किया शर्मसार किया 6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म



**संवाददाता कुमार चन्द्र भुषण तिवारी की रिपोर्ट/ कैमूर-** जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में ताड़ी के नशे में पिता समान व्यक्ति ने मानवता को किया शर्मशार 6 वर्षीय बच्ची से किया दुष्कर्म। आपको बता दें की एक तरफ जहां सरकार द्वारा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाव अभियान चलाया जा रहा है, तो वही आज भी समाज मे ऐसे भेड़िए है जो दूसरे की बेटी बहन को नहीं समझते बल्कि मौके के तलाश में रहते है, कि कब मौका मिले उसे दबोचा जाए। ऐसा है मानवता को शर्मसार करने वाली घटना जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के तियरा गांव से आ रहा है। 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ, जिससे लोगों में काफी आक्रोश है।


पिता समान व्यक्ति ने कैसे छोटी बच्ची को हवस का शिकार बनाया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहनियां फैज अहमद खान से मिली जानकारी के अनुसार मानवता को शर्मसार करने वाला राजेश प्रजापति ताड़ी पीने के बाद नशे में अपने झोपड़ी में अकेला बैठा हुआ था।

जो पास के गली से गुजर रही 6 वर्षीय बच्ची को आवाज देकर बुलाया फिर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

बच्ची काफी चीखी चिल्लाई पर उसे थोड़ा सा भी रहम नहीं आई ,बच्ची रोते हुए अपने घर पहुँची जहाँ आपबीती अपने परिजनों से बताई।परिजनों द्वारा रामगढ़ थाना प्रशासन को आवेदन देते हुए न्याय का गुहार लगाया गया।

घटना की सूचना मिलते हैं थाना प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंच जाती को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आगे की कार्रवाई में रामगढ़ पुलिस जुटी हुई है।

# लायन्स क्लब ऑफ भागलपुर के द्वारा लायन्स सेवा केन्द्र, हड़िपापट्टी ,भागलपुर में सेवा का एक नया अध्याय शुरू किया गया





**भागलपुर/**लायन्स क्लब ऑफ भागलपुर के द्वारा लायन्स सेवा केन्द्र, हड़िपापट्टी ,भागलपुर में सेवा का एक नया अध्याय शुरू किया गया। इस पैथोलॉजी का उद्घाटन लायन्स इन्टरनेशनल के पूर्व जिलापाल लायन कुंज बिहारी झूनझूनवाला एवं बीबीएमके विश्वविद्यालय के प्रो.वाइस चांसलर डॉ.पवन पोद्दार ने संयुक्त रूप से किया। पूर्व जिलापाल लायन कुंज बिहारी झूनझूनवाला ने कहा पीड़ित मानवता की सेवा में लायन हमेशा तत्पर रहते हैं ।डॉ.पवन पोद्दार ने कहा सेवा हमारा धर्म है के सिद्धांत पर लायन्स नि॰ स्वार्थ भाव से नित्य सेवा करते हैं । लायन्स क्लब ऑफ भागलपुर के अध्यक्ष लायन मनोज कुमार शर्मा ने कहा रियायत दर पर जांच का लाभ जरूरत मंद को मिलेगा । दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। आज के कार्यक्रम के संयोजक लायन बद्री प्रसाद छापोलिका,लायन अशोक बंसल,लायन निर्मल कुमार खेतडीवाल , लायन डॉ.पंकज टण्डन एवं लायन ब्रह्मदेव प्रसाद साह हैं । इस पैथोलॉजी में एजीलस(एसआर एल) एवं विनायक डायग्नॉस्टिक, तिलकामांझी के सहयोग से डॉक्टर राजीव लोचन (एमडी पैथोलॉजी) के द्वारा रियायत दर पर खून एवं पेशाब से संबंधित जाँच नौ जुलाई 2023 से नियमित रूप से प्रत्येक दिन सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक की जाएगी। लायन्स सेवा केन्द्र हड़ियापट्टी ,भागलपुर में नियमित रूप से ऑखों की जाँच, रक्तचाप की जॉच की जाती है और समय-समय पर मोतियाबिन्द का का ऑपरेशन भी किया जाता है । लायन्स क्लब ऑफ भागलपुर के द्वारा सेवा का नया अध्याय शुरू करने पर लायन्स इन्टरनेशनल जिला तीन सौ बाइस के सर्विस कॉर्डिनेटर लायन डॉ.पंकज टण्डन ने क्लब को बधाई और शुभकामना दी। जोनल चेयरपर्सन लायन अमर नाथ चमड़िया अच्छी सेवा की बधाई दी।

## ख़ास ख़बर

## एसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले राधानगर थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी को किया पुरस्कृत



**साहिबगंज-** पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने सेवाकाल के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार व जिरवाबाड़ी ओपी थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। आपको बता दें कि बीते दिनों राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार ने थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध लौटरी सरगना के ऊपर बड़ी कार्यवाही करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। वही अवैध लौटरी पर लगाम लगाने के लिए लगातार क्षेत्र के कई हिस्सों में छापेमारी अभियान चलाकर इस काले धंधे को बंद करने की मुहिम छेड़ दी है। वही ओपी थाना क्षेत्र के स्टेडियम रोड स्थित एफसीआई गोदाम के पीछे भावनाथ कॉलोनी में पति पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। जहाँ दोनों ही थाना प्रभारियों के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

## आदिवासी कल्याण छात्रावास साहिबगंज में छात्र नायक व छात्र सचिव का चुनाव हुआ संपन्न



**साहिबगंज-** आदिवासी कल्याण छात्रावास साहिबगंज के छात्रों के बीच वर्ष 2023- 2024 के लिए छात्र नायक एवं छात्र सचिव का रविवार को छात्रावास परिसर में चुनाव कराया गया। जहां छात्र नायक के तीन उम्मीदवार लूकेश सोरेन यूजी सेमेस्टर 5 के छात्र, सुनील किस्कू पीजी सेमेस्टर 1 का छात्र व विनोद मुर्मू पीजी सेमेस्टर 1 के छात्र थे। जहां छात्र सचिव पद पर लक्ष्मण टुडू पीजी सेमेस्टर 3 के छात्र निर्विरोध निर्वाचित किए गए। उधर चुनाव कार्य कराने को लेकर निर्वाचक मंडल बनाया गया था जिसमें चुनाव आयुक्त के पद पर अजय टुडू, चुनाव आयुक्त सदस्य पद पर सुमित सोरेन, सुमित मुर्मू, अविनाश मरांडी, प्रेम मुर्मू, सावन मुर्मू निर्वाचक मंडल के समिति में शामिल थे। वही छात्र नायक विनोद मुर्मू के मतदान अभिकर्ता छात्र पटवारी मरांडी, लूकेश सोरेन के छात्र स्टेफन मुर्मू व सुनील किस्कू के छात्र एमानवेल मुर्मू थे। जहां कुल 1034 मत छात्र मतदाता ने अपना अपना मत बनाए गए मतदान पेटी में डाला। इधर मतगणना के उपरांत लुकेश सोरेन को 312 मत, सुनील किस्कू को 280 मत एवं विनोद मुर्मू को 442 मत मिला। उधर विनोद मुर्मू छात्र नायक पद पर 130 मत से निर्वाचक मंडल के चुनाव आयुक्त अजय टुडू ने विजय घोषित किया। इस मौके पर पूर्व छात्र नायक मनोहर टुडू व छात्र सचिव बाबूधन टुडू उपस्थित होकर निर्वाचन कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया।

## जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य बने अशोक गुप्ता



**साहिबगंज-** भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अनुशंसा पर रेलवे बोर्ड द्वारा साहिबगंज के सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी अशोक गुप्ता को पूर्वी जोन उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। वही पूर्वी जोन के रेल महाप्रबंधक के हस्ताक्षर से जारी पत्र में कहा गया है की 2023 से 2025 के लिए अशोक कुमार गुप्ता पूर्वी क्षेत्र उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य बनाए गए हैं। वही जिन्हें पूर्वी क्षेत्र में आने वाले रेलवे स्टेशनों में कैंटीन की व्यवस्था पैंट्री कार बुक स्टॉल प्लेटफार्म में उपलब्ध सुविधाओं आदि के निरीक्षण के लिए अधिकृत होंगे। वही बताते चलें की अशोक कुमार गुप्ता पूर्वी रेल के मालदा डिवीजन अंतर्गत मुख्य कार्यालय अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वही सेवाकाल में अशोक कुमार गुप्ता पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ से जुड़कर लगातार कर्मचारियों के हित में आवाज उठाते रहे, और अशोक गुप्ता पूर्वी रेलवे कर्मचारी संघ के पूर्वी जोन के संगठन मंत्री भी रह चुके हैं।

# उधवा में ए जेड हेल्थ केयर का हुआ सुभारंभ



**उधवा-** सरकार की लाचार स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक अच्छी पहल करते हुए उधवा में एक हेल्थकेयर का शुभारंभ हुआ। वही खासकर महिला विशेष रोगी के लिए उधवा में डॉ की कमी होने से इलाज हेतु दूर दराज जाना पड़ता था। वही प्रखंड क्षेत्र में सरकार की स्वास्थ्य विभाग ठप हो चुका है, ऐसे में प्राइवेट क्लीनिक ही उधवा की लोगों का एक मात्र सहारा है और यहां के लोगों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने को लेकर एक हेल्थकेयर का उद्घघाटन रविवार को हुआ है। वही दरअसल प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत उधवा चौंक स्थित मुबारक मेडिकल के सामने ए जेड जेनेसिस हेल्थकेयर का उद्घाटन आयोजित हुई है। वही जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में झामुमो पार्टी के कद्दावर नेता प्रो नजरुल इस्लाम, पाकुड़ विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस साहेबगंज जिला अध्यक्ष बरकातुल्ला ख़ान, अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल प्रभारी डॉ उदय टुडू, राजमहल नगर चेयरमैन केताबुद्दीन



शेख, राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार, राजमहल थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, प्रो अफसर अली आदि शामिल हुए। वही सभी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का आगाज़ किया। वही इस दौरान ए जेड हेल्थकेयर के डॉक्टर उम्मे फजल ने बताया की हमारे हेल्थकेयर 24 घंटा इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है, और बताया की यहां स्नायू रोग (सर दर्द, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, माइग्रेन, मिर्गी रोग, ब्रेन स्ट्रोक समस्या, लकवा, मानसिक तनाव, शुगर और थाईराइड, सांस लेने में दिक्कत, छाती दर्द, पेट दर्द आदि रोगी देखा जायेगा और साथ ही डिलीवरी जांच, नार्मल डिलिवरी, छोटा सीजर डिलीवरी, स्त्री रोग समस्या, वाशिंग, स्टीचिंग रिमूवल ड्रेसिंग आदि रोगी देखा जायेगा। वही आगे बताया प्रत्येक शनिवार में डॉ एम ए जमान (न्यूरो फिजिशियन एमबीबीएस), एवं डॉ सजाउल हक (एमबीबीएस) प्रत्येक दिन रोगी देखेंगे। वही उद्घाटन पश्चात प्रो नजरुल इस्लाम ने कहा की इस तरह की हेल्थकेयर खुलने से स्थानीय लोगों को काफ़ी सहयोग मिलेगा।वही इस दौरान अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल प्रभारी डॉ उदय टुडू ने कहा की उधवा में इस तरह के हेल्थकेयर खुलने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को फायदा मिलेगा और बहुत अच्छा लगा की बाहर से भी डॉक्टर आ रहा है, और हम सभी को खुशी हो रही है की इस नेक काम के लिए संस्थापक को ताहे दिल से शुक्रिया है। वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष बरकातुल्ला ख़ान ने कहा की उधवा में प्राइवेट क्लीनिक यहां के लोगों के लिए सर्वेसर्वा है, और इस हेल्थकेयर से काफी हदतक फायदेमंद साबित होगी। वही उधवा के लोग ज्यादातर मालदा, भागलपुर, धुलियान, फरक्का इलाज के लिए जाते हैं जो की अब जब यहां हेल्थकेयर खुल गया है तो लोगों को भटकने की जरूरत नहीं होगी। वही मौके पर जिप सदस्य अब्दुल बारीक, बीस सूत्री अध्यक्ष तमरुद्दीन शेख, कांग्रेस महासचिव ऐनुल हक़ अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बदरुद्दोजा, कांग्रेस नेता नसीम अख्तर, मास्टर मैनुल हक़, झामुमो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनवारुल हक़, हेना शेख़, मास्टर हारुन रशीद, मास्टर मुख्तार, मुखिया प्रतिनिधि फीटु पठान, भाजपा युवा नेता राहुल कुमार, एम आई एम युवा नेता सलाउद्दीन, शाबान, अख्लाकुर, दिलावर, अरीफ, पंचायत समिति सदस्य मनवार हुसैन, डां नुमान, डॉ शमीम, मास्टर अफाजुद्दीन, शंकर सिंह, इस्राफील,मास्टर तौहीद, मुख्लेशुर सहित अन्य मौजूद थे।

# आंचलिक पत्रकारों की पहचान एवं सुरक्षा के लिए जेजेए कृतसंकल्प- अमरकांत






**नेतरहाट-** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की झारखंड राज्य इकाई झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक नेतरहाट में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत जी की अध्यक्षता में संपन हुई। जहां इस बैठक में नई प्रदेश कार्यकारिणी के समक्ष राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज़ हसन ने संगठन की नियमावली और उद्देश्य की नई कमेटी के सदस्यों को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सियाराम शरण वर्मा ने प्रदेश एवं जिला कमेटी के कार्यों की रिर्पोट संगठन के समक्ष प्रस्तुत की। वही उन्होंने बताया कि नई कमेटी के गठन के उपरांत से लगातार संगठन की सक्रियता बढ़ी है जहां 200 से अधिक पत्रकारों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की है। वही मज़दूर दिवस के अवसर पर धनबाद में राष्ट्रीय स्मम्लेन का सफ़ल अयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत ने बताया कि आंचलिक पत्रकारों के लिए संगठन ने आईडी कार्ड बनवाकर समय पर जारी कर दिया है ताकि वे पत्रकारिता के प्रमाण के रुप में उसका उपयोग कर सकें। वही आंचलिक स्तर पर आज 90 प्रतिशत पत्रकार जेजेए से जुड़े हुए हैं यह जेजेए की कार्यशैली के कारण ही संभव हो पाया है। वही प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार कौशलेंद्र ने संगठन के आजीवन सदस्यता में तेजी लाने पर जोर देते हुए प्रखंड एवं जिला कमेटी को तय समय के अंदर इस लक्ष्य को पूरा करने की बात कही। उधर पलामू प्रमंडल में सभी प्रखंड कमेटी का गठन जिला प्रभारियों को 31 अगस्त से पूर्व करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से पुनः पत्रकार पेंशन योजना, पत्रकार बीमा योजना एवं जिला स्तर पर पत्रकारों को चिन्हित करने के लिए समिति का गठन करने की मांग दोहराई। वही आगामी राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में झारखंड की भागीदारी सुनिश्चित करने, नेपाल यात्रा, दिल्ली एवं भोपाल सम्मेलन में झारखंड की भागीदारी पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर प्रदेश सचिव राजीव मिश्रा, आलोक सिन्हा, जितेन्द्र तिवारी, संयुक्त सचिव सतेंद्र कुमार चंदेल, सुरेंद्र गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों में जितेंद्र सिंह चौहान, संजय सिंह उमेश, सुमंत कुमार साहा, प्रदीप कुमार, लातेहार जिलाध्यक्ष संजीव कुमार गिरी, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी मनीष झा, मो. शमीम, मो. शहज़ाद, मो. रुस्तम, बंटी कुमार, सतीश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जिरवाबाड़ी पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में राजमहल निवासी बाप बेटी हुए घायल






**साहिबगंज-** ओपी थाना क्षेत्र के जिरवाबाड़ी पेट्रोल पंप के समीप राजमहल से साहिबगंज नवोदय विद्यालय में आ रहे एक बाईक पर सवार बाप बेटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। जहां इस सड़क दुर्घटना में राजमहल थाना क्षेत्र के मनसिंघापुर निवासी मोहम्मद जहरुल पिता अफसर अली एवं उनकी 12 वर्षीय पुत्री सबा प्रवीण गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद दोनों बाप बेटी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक व ड्रेसिंग रूम के कर्मी दोनों ही घायलों के इलाज में जुट गए। उधर घटना को लेकर घायल व्यक्ति ने बताया कि वे अपने बाईक से राजमहल से स्टेडियम रोड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में अपनी पुत्री का नामांकन करवाने के लिए आ रहे थे इसी दौरान पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही दूसरी बाईक के आ जाने से उनका नियंत्रण बाईक पर से खो गया और वे असंतुलित होकर सड़क पर गिर गए।

## अखिल विद्यार्थी परिषद का 53वा स्थापना दिवस मनाया गया



**राजमहल-** शहर के प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में रविवार को अखिल विद्यार्थी परिषद के 53 वे स्थापना दिवस पर नगर इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही मंच संचालन अंकित राय कर रहे थे, जिसका अध्यक्षता नगर इकाई के नगर अध्यक्ष रविंद्र पासवान ने किया। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य रणधीर सिंह एवं पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपस्थित थे। वही कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। वही कार्यक्रम में मैट्रिक एवं इंटर में जिला टॉपर विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। वही कार्यक्रम में रणधीर सिंह ने बच्चों को संबोधन करते हुए कहा की अखिल विद्यार्थी परिषद छात्र हित के लिए जाना जाता है और छात्रों की किसी प्रकार की पढ़ाई के दौरान असुविधा ना हो इसके लिए छात्र संगठन कहलाता है। वही शिक्षा जीवन में सीखना एक बहुत बड़ी कामयाबी है और शिक्षा के बिना किसी प्रकार का कामयाबी अधूरी रहेगी इसलिए जीवन में शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। वही पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने कहा की शिक्षा पाने के लिए गुरु के चरणों में झुकना सीखें गुरु के दो चरण होते हैं ज्ञान और मन यह दोनों ज्ञान जब आपको गुरु से प्राप्त होंगे तब आपको शिक्षा मिलेगी। वही मौके पर पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन, जिला संयोजक पवन सिन्हा, नगर मंत्री रविंद्र पासवान, मिथुन पांडे, उदय चौरसिया, अंकित राय, सुहानी शाह, प्रिया कुमारी, रोहिणी पासवान, दिशा हालदार, अर्जुन पासवान, विक्की, अभी यादव ,सोहेल अली, ऋषभ चौधरी, सहित उपस्थित थे।

## पुरानी साहिबगंज कुम्हार पट्टी में करंट लगने से गाय की हुई मौत, पशुपालक ने विभाग से लगाई मुआवजा देने की मांग



**साहिबगंज-** नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नं 18 पुरानी साहिबगंज, कुम्हार पट्टी में बिजली पोल में करंट आ जाने के कारण एक गाय की उसमें सटकर मौत हो गई है। जहाँ इस घटना को लेकर पशुपालक कमलेश यादव ने बिजली विभाग के अधिकारियों से उचित मुआवजा देने की मांग की है। वही इसको लेकर पीड़ित पशुपालक ने बताया कि वे अपने घर के बाहर गाय को बांधकर रखते हैं जहां उनके घर के समीप ही बिजली विभाग के द्वारा विधुत पोल खड़ा कर दिया गया है। वही उक्त विधुत पोल में अचानक करंट आ जाने से उनके गाय की मौत हो गई है। वही उन्होंने कहा कि इसके पहले भी उक्त बिजली के पोल से 2 गाय की मौत हो गई है। वही उन्होंने कहा कि उक्त बिजली के पोल को हटाने के लिए कई बार आवेदन भी दिया गया है मगर अब तक इस दिशा में विभाग कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहा है। जहां उन्होंने आंशका व्यक्त किया है कि कही आने वाले दिनों में किसी नवजात या बड़े व्यक्ति की मौत बिजली पोल में आ रहे करंट के कारण न हो जाए। अब यह देखना दिलचस्प होगा है कि बिजली विभाग कब तक इस ओर अपना ध्यान आकर्षित करती है और उक्त बिजली के पोल को वहाँ से हटवाती है।

**बैठक** बैठक में बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप उराव के आलावा क्षेत्र के कई लोग उपस्थित हुए।

# श्रावणी मेला के उपलक्ष्य में शिवगादी प्रबंध समिति की बैठक हुई आयोजित

**बरहेट-** शिवगादी स्थित बाबा गजेश्वर नाथ धाम मंदिर संचालन को लेकर रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी की अध्यक्षता में शिवगादी परिसर में बैठक की गई।

इस बैठक में बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप उराव, इंस्पेक्टर राजेश कुमार के आलावा क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान श्रावणी मेला 2023 संचालन को लेकर कमेटी गठित की गई। वही बैठक में शिवगादी प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह बीडीओ सोमनाथ बनर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष रूपक कुमार साह, सचिव उत्पल दत्ता, उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता, हेमंत साह, सह सचिव निरंजन भगत, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार डोकानिया, सह कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार भगत, मीडिया प्रभारी कैलाश कुमार साह, सह मीडिया प्रभारी गणेश पंडित, संरक्षक निमाय चन्द शील, संजय गुप्ता, विकास मुर्मू, नंदकिशोर भगत, राजाराम मरांडी, दक्षिणा भगत, संजय गुप्ता 2 के



अलावा अन्य सदस्य को कमेटी में नियुक्त किया गया। इस संबंध में बरहेट बीडीओ सोमनाथ बनर्जी ने बताया कि श्रावणी मेले 2023 संचालन कमेटी को लेकर एक कमेटी नियुक्त की गई है। वही बैठक में श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई समस्या ना हो इस पर भी विचार विमर्श किया गया। वही धर्मशाला की साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल, विद्युत व अन्य बिंदुओं पर बारीकी से चर्चा की गई। वहीं जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है जहां सावन में आने वाले श्रद्धालु को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इस पर जिला प्रशासन की ओर से ध्यान रखा गया है। वही आज से पहली सोमवारी शुभारंभ हो रही है। वही श्रद्धालु बरहेट से शिवगादी जाने के क्रम में बड़े-बड़े वाहनों को खेरवा स्थित मैदान में रखा जाएगा इसको लेकर पार्किंग की व्यवस्था की गई है ताकि सड़कों पर वाहनों की कतारबद्द जाम न लगे। वही छोटे छोटे वाहन मोटरसाइकिल से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वन वे की व्यवस्था की गई है।

वही बरहेट से शिवगादी जाने वाले श्रद्धालुओं को खेरवा होते हुए शिवगादी धाम पहुंचेंगे जहां पूजा अर्चना के बाद गम्हरिया होते हुए पेटखासा की रास्ते पर निकलेंगे। वही बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप उरांव ने कहा कि सुरक्षा को लेकर जगह जगह पुलिस बल तैनात कर दी गई है। वही श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसको लेकर प्रशासन तत्पर हैं। मौके पर बरहेट थाना प्रभारी गौरव कुमार के अलावा अन्य शिवगादी प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित

## 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान



**राधानगर-** केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा द्वारा विगत एक माह से महाजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को राजमहल विधायक अनंत ओझा ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के राधानगर में घर घर जन्मपर्क किया। इस मौके पर उन्होंने मोदी सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों का पत्रक भी जनसपंर्क के दौरान लोगों के बीच वितरित किया। वही हर हर घर में जाकर स्टिकर भी लगाया। इस दौरान राजमहल विधायक अनंत ओझा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। जहां उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिला में तेजी से विकास हुआ हैं। जहां उनके कुशल नेतृत्व में करोड़ो की लागत से साहिबगंज मनिहारी के बीच गंगा नदी पर बहुप्रतीक्षित गंगा पुल का निर्माण तेजी से हो रहा हैं जो अगले साल तक पुल बनकर तैयार हो जाएगा। साथ ही मिर्जाचौकी से फरक्का तक फोरलेन का काम तेजी से चल रहा हैं। इसके पहले जिले में बिजली की क्या स्थिति थी ये सब आप लोगो को पता ही हैं जहां देश के पीएम नरेंद्र मोदी के बनने के बाद देश के कोने कोने में बिजली पहुँचाई गयी और जिले के अंतिम गांव और दियारा क्षेत्र में रहने वाले लोगो को भी बिजली उपलब्ध करवाई गई है। वही हर घर नल योजना के माध्यम से लोगो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के दिशा में तेजी से कम चल रहा हैं। उधर नमामि गंगे योजना के माध्यम से गंगा घाट का निर्माण कराया गया।

## गोलीकांड मामले में नगर थाना पुलिस ने रिमांड पर लिए युवक को 48 घंटे के बाद फिर से भेजा जेल



**साहिबगंज-** नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड स्थित गुप्ता मार्केट के निकट बीते 25 जून को हुई गोलीबारी मामले में नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय में अर्जी देते हुए इस घटना में शामिल युवक विशाल कुमार रजक को 48 घंटे तक के लिए रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की है। वही बताया गया कि युवक पिछले सप्ताह पुलिस के दबिश के कारण न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। इधर इस मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि गोलीबारी मामले में शामिल युवक विशाल कुमार रजक को रिमांड पर लिया

## ख़ास ख़बर

## जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की बैठक आयोजित की गई




**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट,पाकुड़-** रविवार को अन्नपुर्णा कॉलोनी पाकुड़ में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन जिला इकाई पाकुड़ की बैठके आयोजित हुई।बैठक जिलाध्यक्ष हिसाबी राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।बैठक में प्रमुख रूप से जेएसएफ के संयोजक अनुग्राहित प्रसाद साह,जिला महामंत्री सुरेंद्र प्रसाद भगत,प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार भंडारी,विश्वनाथ प्रसाद भगत,युवा विंग के जिलाध्यक्ष अनिकेत गोस्वामी तथा साहेब हांसदा मौजूद थे।बैठक में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर देश भर में जिला मुख्यालयों पर जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा जनसांख्यिकीय असंतुलन के कारण देश भर में संभावित गृहयुद्ध को रोकने के लिए भारतवर्ष में जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम पर चर्चा किया गया।इसी कड़ी में पाकुड़ में भी जनसंख्या समाधान फाउंडेशन पाकुड़ द्वारा एक दिवसीय धरना पाकुड़ समाहरणालय के समीप आयोजित किया जाएगा।जिसमें पाकुड़ जिले के सभी प्रखंडों से सैकड़ों की संख्या में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के योद्धागण भाग लेंगे।कार्यक्रम का प्रमुख जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के युवा विंग के जिलाध्यक्ष अनिकेत गोस्वामी को दायित्व सौंपा गया।बैठक में जिला महामंत्री सुरेंद्र प्रसाद भगत ने बताया कि देश में निर्बाध गति से बढ़ रही जनसंख्या पर रोक लगाने के एकमात्र विकल्प नियंत्रण नियंत्रण कानून है।धरना के उपरांत जनसंख्या समाधान फाउंडेशन,पाकुड़ का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त,पाकुड़ वरूण रंजन से मिलकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम स्मार पत्र सौंपेंगे।

## अटल मिथिला सम्मान से सम्मानित हुए पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा को बधाईयों का तांता




**पूर्णियां** ।प्रमंडल मुख्यालय पूर्णियां के रियल ईस्टेट से जुड़े उद्यमी पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक सह समाजसेवी संजीव मिश्रा को 9 जुलाई( रविवार) को दिल्ली के होटल ताज पलैश में शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रोजगार के मुद्दो पर अटल मिथिला फाउण्डेंशन द्वारा आयोजित बिहार-विमर्श सह अटल मिथिला सम्मान कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक व रियल ईस्टेट कारोबार में बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर सम्मानित किया गया है।उक्त आश्य की जानकारी पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने खुद तस्वीर साझा करते हुए अपने चलभाष से मीडिया को दी है। अपने फेसबुक वाल पर श्री मिश्रा ने लिखा हैं की अटल मिथिला सम्मान से सम्मानित होना वाकई मेरे लिए गौरव भरा पल हैं और यह सम्मान पुरे कोशी-सीमांचल मिथिलांचल पूर्णियां समेत बिहार वासियों का सम्मान है।बताते चले सीमांचल इंफ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड( पनोरमा ग्रुप )एक रियल ईस्टेट कंपनी हैं जो पिछले साल 2016 से पूर्णियां के विभिन्न लोकेशन पर अपना प्रौजेक्ट बनाकर कोशी-सीमांचल के लोगो को घर व दुकान बनाकर सौपती हैं.यही नही पनोरमा ग्रुप धीरे-धीरे शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कदम रख दिया हैं जिसके एवज में सुपौल के छातापुर में पनोरमा पब्लिक स्कूल व पनोरमा हॉस्पीटल का भी निर्माण करवाया गया है । अस्पताल का उद्धाटन भी जल्द होगा.इधर संजीव मिश्रा को अटल मिथिला सम्मान से सम्मानित होने पर बधाई देने वालों में पराशुराम संस्थान, ब्राह्मण मंच, समाजिक सरोकार फ्रंट, स्थानीय बुद्धिजीवी, सोसल वर्कर,जनप्रतिनिधियों के आलावा पनोरमा ग्रुप के सीईओ श्री नंदन झा,जैनेन्द्र झा,रितेश झा,धीरज जैन,विक्रमभगत, हिमांशू ,आनंद,चंदन कुमार,संजय सरकार,सोनाली चक्रवर्ती,कविता मिश्रा,रोमा सिंह,पल्लवी,प्रिया,मन्नु,प्रज्ञा आदि शामिल हैं।



**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** अनुमंडल के बनमा ईटहरी ओपी पुलिस ने अज्ञात चोरों द्वारा बिजली का तार काट लेने के मामले में रविवार की शाम ओपी पुलिस ने रसलपुर गांव में एक व्यक्ति के घर छापेमारी कर करीब ढाई क्विंटल ऐल्यूमिनियम तार बरामद किया है। ओपी प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि 13 जून 23 को बिजली विभाग के विधुत सहायक अभियंता संतोष कुमार के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को रसलपुर गांव में छापेमारी कर विजय पोद्दार के पुत्र मनीष पौद्दार के घर से करीब ढ़ाई क्विंटल ऐलूमिनियम बिजली तार बरामद किया गया।

# वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के तत्वाधान में लगाया गया जाँच शिविर, जाँच शिविर में पहुंचे लोगो ने विभिन्न प्रकार के कराए अपनी जॉच






**शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया विनोद कुमार।** पश्चिमी चम्पारण जिला अंतर्गत के आईटीआई जयप्रकाश नगर स्थित वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय में रविवार को दिन जहां एक तरफ आम मरीज को कई जगहों पर जॉच खर्च को लेकर कई प्रकार के जॉच कराने में विभिन्न समस्या उठानी पड़ती है फिर भी सही निर्णय योग्य रिपोर्ट प्राप्त नही होती। ऐसे में आम जनता सस्ते दरों पर विभिन्न प्रकार की रोगों की जॉच के लिए वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के तत्वाधान में भारत के प्रसिद्ध पैथोलॉजी डॉ लाल पैथ द्वारा सस्ते दर पर जॉच शिविर लगाया गया, जिसमें चेक पोस्ट लाल पैथ के वायो लैब के संचालक मिथिलेश कुमार सह ट्रस्ट के चिकित्सा प्रकोष्ठ के कुशल नेतृत्व में लाल पैथ की टीम द्वारा शुगर, थायराइड, कैस्ट्रॉल, विटामिन डी, कैल्शियम, आदि की जॉच की गई। मौके पर ट्रस्ट के सचिव निरंकार भास्कर ने बताया कि आज के परिवेश में स्वास्थ्य जांच कराना सभी के लिए लाभदायक है, लेकिन पैसे के अभाव में बहुत लोग जॉच करा नहीं पाते हैं ऐसी हालत में ट्रस्ट के सहयोग के लिए डॉ लाल पैथ लैब की टीम ने सस्ते दरों पर आगामी समय मे जगह जगह यह शिविर लगाकर जहां आम जनता का सहयोग कर रही है, वही ट्रस्ट भी कई सामाजिक कार्यो जैसे स्वास्थ जॉच शिविर, कपड़ा वितरण, आलाव जैसे विधि व्यवस्था में निरंतर अपनी कार्य निभा रही है। उक्त अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता, शेखर सोनी, अतुल कुमार, राकेश कुमार, सत्यम सिंघानिया, अश्वनी कुमार सिंह, आदर्श श्रीवास्तव, जय किशोर शर्मा, रवि कुमार, नवीन कुमार, विनय कुमार, सहित अन्य सदस्य ललित मोहन झा, सत्येंद्र श्रीवास्तव, सोनू भारद्वाज, अविनाश कुमार की भूमिका सराहनीय योग्य रही, एक तरफ कई दर्जनों लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तो वहीं समाजसेवी पुण्य देव प्रसाद, अशोक कुमार, केशव शुक्ला, वकील महतो, मुन्ना महतो, पन्ना देवी, चंद्रमणि देवी, आदि ने ऐसे हो रहे समाजिक कार्यो को देख बहुत ही प्रशंसा की, और कहा निरंतर इस प्रकार से कम दरों पर जांच की जाए तथा ऐसी संस्था डॉ लाल पैथ जो कि विश्वसनीय है ऐसी संस्था के द्वारा यह कार्य विभिन्न स्थलों पर की जा रही है तो आम नागरिकों को बहुत ही राहत मिलेगी।

## नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए बीजेपी पूरे सावन करेगी जलाभिषेक



**भागलपुर/रिपोर्ट=शैलेन्द्र कुमार गुप्ता/**भागलपुर, 2024 के लोकसभा चुनाव जैसे ही नजदीक आते जा रहे हैं वैसे ही राजनीतिक सरगर्मी तेज होती चली जा रही है, सभी राजनीतिक दल नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं वहीं भारतीय जनता पार्टी भी पीछे नहीं है उन्होंने नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरे सावन भागलपुर अंतर्गत लगभग सभी शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे जिसकी शुरुआत 10 जुलाई से प्रारंभ की जाएगी जहां हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गेरुआ वस्त्र धारण कर बरारी पुल घाट से जल भरेंगे और भागलपुर जीरोमाइल के जीछो शिवालय में जलाभिषेक करेंगे इसको लेकर आज भारतीय जनता पार्टी भागलपुर शाखा के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार साह ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 जुलाई से प्रारंभ की जाएगी और पूरे सावन यह जलाभिषेक कार्यक्रम चलेगा, उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा भागलपुर का एक बड़ा मुद्दा भोलानाथ पुल है जो हर चुनाव में अपना एक अहम योगदान वोट लेने के लिए बनाता है भोलानाथ पुल का कार्य प्रारंभ हो गया है लेकिन इसमें उत्तर और दक्षिण के लोगों के लिए आने जाने की तो सुविधा है इसमें कहीं भी एप्रोच पथ नहीं दिया गया है जिसको लेकर बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने बिहार सरकार से यह मांग की है कि इस पुल में एप्रोच पथ भी दी जाए जिससे कि दक्षिणी क्षेत्र के लोग इसका लाभ ले सके साथ ही उन्होंने कहा बंगाल में पंचायत चुनाव हो रहा है जिसके दौरान 13 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई है यह कहीं से सही नहीं है इसका जिम्मेदार वहां की ममता सरकार है उस पर उसे सख्त कार्रवाई करनी चाहिए

# पैसों की लालच में आकर गरीब कंगाल, एटीएम लॉटरी मास्टरमाइंड के ऊपर प्रशासन मेहरबान




**राहुल दास,ब्यूरो रिपोर्ट ,पाकुड़-** जिले भर में अभी अवैध जाली एटीएम लॉटरी के मास्टरमाइंड रिक्की,एखलाख,दुलाल,पप्पू व नेताजुल के ऊपर प्रशासन मेहरबान।ये लॉटरी माफिया रोजाना जिले भर में 20 से 25 लाख रु0 के जाली एटीएम टिकट का कारोबार करते आ रहे है।

जिले भर में रिक्की व एखलाख की जोड़ी ने अवैध जाली एटीएम लॉटरी के कारोबार में धमाल मचाया हुआ है।इन दोनों की जोड़ी में नेताजुल दुलाल व पप्पू शामिल।सूत्र के जानकारी अनुसार दुलाल डाकबंगला( पश्चिम बंगाल) में जीएसटी लॉटरी के थोक विक्रेता के पास 3 साल से मैनेजर का कार्य करते आ रहे है।और वहीं से रिक्की,एखलाख,नेताजुल व पप्पू का भी पश्चिम बंगाल का लिंक जुड़ा हुआ है।इन माफिया की इतनी मनमानी चल रही है,पाकुड़ में,की इन सब के सामने प्रशासन मोन अवस्था मे पड़ी हुई है। अवैध लॉटरी का कारोबार नगर थाना क्षेत्र के पाकुड़ बाजार,रेलवे फाटक,बस स्टैंड,मालपहाड़ी मोड़,सोनाजोड़ी इत्यादि जगहों में धड़ल्ले से लॉटरी की बिक्री प्रतिदिन 20 से 25 लाख रु की हो रही है।सूत्र की माने तो रिक्की व एखलाख प्रशासन का भी खयाल रखते आ रहे है।रिक्की एखलाख जिले के कई क्षेत्रों मे अपने अपने एजेंट को बहाल कर लोगों को लॉटरी टिकट उपलब्ध करा रहें है।लोग इनकी बातों पर विश्वास कर अपनी मेहनत की कमाई लालच के चक्कर मे लूटा रहे है। शहर के कई इलाकों में अवैध लॉटरी का गोरख धंधा तेज रफ्तार से फैल रहा है।इस काला खेल से लोगों को कंगाल बनाया जा रहा है।पुलिस ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इसीलिए धंधेबाज अपने मंसूबों में कामयाब हो रहे है।और अपने अवैध लॉटरी के कारोबार को अंजाम दे रहा है और पूरी तरह से पाकुड़ जिले को खोखला करने में लगे है।प्रतिदिन खबर प्रकाशित होने वाबजूद प्रशासन सिर्फ खुदरा विक्रेता को पकड़ में कामयाब हो जाते है,मगर रिक्की,दुलाल, एखलाख,पप्पू व नेतुजुल को कब पकड़ने में कामयाब हो पाएंगे।जबतक पुलिस प्रशासन जाली एटीएम लॉटरी के मास्टरमाइंड के मुख्य आरोपी तक नही पहुंचेंगे,तब तक इस अवैध धंधे को रोकपाना पाकुड़ पुलिस के लिए चुनोती साबित होंगी।इस जाली लॉटरी के कारोबार से गरीबो के घर मे डाका डाला जा रहा है।करोड़ों की लालच में आकर खासकर दिहाड़ी मजदूर,ऑटो चालक,खलासी व कई स्कूल कॉलेजों के छात्र इस लालच के जाल में फंसते आ रहे है।जिसका जिम्मेदार ये लॉटरी माफिया है।इसमे गरीब कस्बे लोग के घर उजड़ जाता है,लेकिन इतना सब होते हुए भी पाकुड़ प्रशासन गहरी नींद में है।पूछता है,पाकुड़

## महिला स्वास्थ्य एवम केंसर जागरूकता कैंप का आयोजन

**भागलपुर** के बरारी में बर गाछ चौक के समीप मेदुर्गा मंदिर प्रांगण में जीवन जागृति सोसाइटी के महिला प्रकोष्ठ के द्वारा महिला जनित बीमारियों एवम कैंसर से बचाव हेतु कार्यक्रम के तहत मुफ्त मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं का स्वास्थ्य जांच भी किया गया। सर्वप्रथम प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्री मति अरुणिमा सिंह, कोषाध्यक्ष आभा पाठक, श्री मति रूबी दास एवम उक्त मुहल्ले की समाजिक कार्यकर्ता श्री मति मेनका ने मुख्य वक्ता के रूप में आई स्त्री एवम प्रसूति रोग विषेशज्ञ डॉ शांतवना को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। । संस्था के अध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिंह ने केंसर क्या है, क्यों इतना खतरनाक है और आरम्भिक अवस्था में ही इसकी जानकारी होना क्यों आवश्यक है के बारे में उपस्थित महिलाओं को बताते हुए कहा कि कैंसर अंत नहीं सिर्फ रुकावट है, यादि यह शुरुआत में पकड़ में आ जाए तो ज्यादातर कैंसर का सफल इलाज संभव है और यादि पहचान में देर हो जाए तो धनवान व्यक्ति भी इसके जंग में हार सकता है। अतः इसके आरम्भिक लक्षणों जैसे बढ़ता हुआ गांठ, मुंह में छाले जो ठीक नहीं रहे हो, कोई मस्सा या तिल का अचानक बड़ने लगना, मसूड़े से रक्त स्राव या लाल चकत्ते, कब्जियत या लगातार पतला पैखाना, वजन कम होने लगना पेसाब से रक्त स्राव ईत्यादि लक्षण आने पर तुरंत चिकत्सक से संपर्क करें। वहीं डॉ शांतवना ने बच्चेदानी के कैंसर के बारे में बताया कि लंबे समय से श्वेत प्रदर, बेवजह और बेसमय रक्त स्राव होना, संभोग के पश्चात रक्त स्राव ईत्यादि इसके लक्षण हैं। ऐसा लक्षण आने पर पैप स्मियर टेस्ट किया जाता है। बच्चियों एवम महिलाओं को इससे बचने के लिए टीके भी उपलब्ध हैं। स्तन कैंसर के बारे में बताया कि जहां बच्चेदानी का कैंसर उम्रदराज महिलाओं में ज्यादा होता है वहीं स्तन कैंसर 40 के उम्र के आसपास ज्यादा होता है। इसके आरम्भिक लक्षण स्तन में गांठ पड़ना है, इसके आगे का लक्षण स्तन में नारंगी जैसा, सिकुड़न आना, निपल धंसने लगना, निपल से रक्त स्राव , कांख में गांठ इत्यादि। इसको मामोग्राफी के द्वारा साबित किया जाता है।यादि इसे गांठ के समय पहचान लिया जाए तो इसके पूर्ण रुप से ठीक होने की संभावना बहुत ज्यादा होती है ।इसके उपरांत डॉ शांतवाना ने महिलाओं एवम किशोरावस्था में जा रही बच्चियों को महावारी संबंधी समस्याओं के बारे में बताया कि आप कुछ भी छुपाएं नही कोई भी शंका होने पर तुरंत चिकत्सक से परामर्श लें। महावारी में दर्द होना या अनिमितयता सामान्य प्रक्रिया होती है लेकिन इसे नजर अंदाज करना खतरनाक हो सकता है। अतः बिना संकोच के सरकारी या प्राईवेट डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए इस जागरूकता कैंप में 77महिलाओं ने शिरकत किया।उपस्थित सभी महिलाओं को मुफ्त सेनिटरी नैपकिन भी दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन में श्री मति आभा पाठक ने कैंप का आयोजन हेतु बरारी की महिला समाजसेवी , पूर्व वार्ड पार्षद प्रत्यासी श्री मति मेनका एवम महिला चिकित्सक श्रीमति शांतवना को धन्यवाद दिया ~डॉ अजय कुमार सिंह अध्यक्ष जीवन जागृति सोसायटी

## अटल मिथिला सम्मान से सम्मानित हुए मिथिला पुत्र संजीव मिश्रा






**नई दिल्ली।**अटल भारत फाउंडेशन ने देश ही नहीं विदेशों में भी राष्ट सेवा के लिए अपने देश के विभूतियों को सम्मान देकर एवं क्षेत्रीय समस्याओं को विश्व पटल पर रखकर राष्ट सेवा की मिसाल कायम की है। सात समंदर पार इंग्लैंड में पिछले साल बिहार विमर्श का भव्य आयोजन कर अटल भारत फाउंडेशन ने एक नया कीर्तिमान बनाया।अटल भारत फाउंडेशन लगातार चार वर्षो से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित 'अटल मिथिला सम्मान' का आयोजन करता रहा है। इसी परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष पाँचवें संस्करण में "अटल मिथिला सम्मान" का आयोजन और बड़े पैमाने पर करते हुए उन्नत बिहार की परिकल्पना के साथ "बिहार विमर्श 2023" की रुपरेखा भी खींची जा रही है।ये भव्य आयोजन राजधानी के प्रसिद्ध होटल ताज पैलेस के दरबार हॉल में 9 जुलाई 2023 को सम्पन्न हुई। इस दौरान देश-विदेश में रह रहे भारतीयों को देशसेवा में उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धि के लिए अटल मिथिला सम्मान से नवाजा गया।इस साल सम्मान पाने वालों में मुख्य तौर पर मीडिया के क्षेत्र से टीवी टुडे ग्रुप के न्यूज डायरेक्टर सुप्रिय प्रसाद, गुड न्यूज टुडे की प्रबंध संपादक श्वेता सिंह। समाजसेवी उद्योगपति और वेदांता ग्रुप के संस्थापक चेयरमैन अनिल अग्रवाल, स्पाइसजेट के सीएमडी अजय सिंह, बिहार के पर्यटन को अंतराराष्टीय पटल पर लाने के लिए प्रयासरत श्रीधर बंशी झा। पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ।शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र से इवोल्यूशन एडुकेयर के निदेशक डॉ. अभिषेक कुमार, संस्कृति आई ए एस के निदेशक रितेश आर जयसवाल, बिहार के पूर्व डीजीपी और शिक्षाविद् अभयानंद, जिंदल स्टील एंड पावर के एमडी बिमलेंद्र झा, चिकित्सा के क्षेत्र से धर्मशिला कैंसर अस्पताल के निदेशक डॉ.अंशुमान कुमार और आईटीबीपी की चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रिया भारती खेल के क्षेत्र से पूर्व क्रिकेटर सबा करीम। ब्यूरोक्रेसी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आई ए एस नितेश झा, आई पी एस विकास वैभव, भारत सरकार के पूर्व स्वास्थ्य सचिव सी.के. मिश्रा और आगरा के एस एसपी केशव कुमार चौधरी के अलावा और भी कई गणमान्य सज्जन सम्मानित हुए। अंतरराष्टीय गणमान्य भी हुए सम्मानित-सम्मानित होने वाले अंतरराष्टीय गणमान्य लोगों में ÷विमलेन्द्र निधि (पूर्व उप प्रधान मंत्री, नेपाल), फुलकांत झा (जेएफके इंटरनेशनल), शरद कुमार झा (ब्रिटिश राजनीतिज्ञ, काउँसलर), डॉ.अभय सिंह (विधायक, रूस), प्रवीण कुमार (ऑस्ट्रेलिया) और अपराजिता झा (यू एस ए) समाजसेवी, मुख्य तौर पर उपलब्ध रहे।दिल्ली के होटल ताज पैलेस के दरबार हॉल में इस कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत राज्यसभा के उपसभापति श्री हरिवंश जी बतौर उद्धाटनकर्ता थे और बिहार में शिक्षा की वर्तमान स्थिति और भविष्य पर चर्चा किए। मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार के गवर्नर श्री राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ÷भारत के विकास में बिहार की भूमिका÷ पर अपनी तथ्य पूर्ण बातें रखी। कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरु होकर रात के 9 बजे तक चला। इस दौरान अलग अलग सत्रों में बिहार से जुड़े देश-दुनिया के विद्वान, उद्यमी, कलाकार, खिलाड़ी, राजनेता और मीडिया व्यक्तित्व की भागीदारी होगी। केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर, श्रीमती स्मृति ईरानी, श्री महेंद्रनाथ पांडेय के साथ साथ बिहार के बीजेपी अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी और कांग्रेस अध्यक्ष श्री अखिलेश प्रसाद सिंह, लोकसभा सांसद श्री चिराग पासवान, राज्यसभा सासंद विवेक ठाकुर भी मौजूद रहे।

ध्वजारोहण | नगर मंत्री सुरोजित मंडल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया

# एबीवीपी के 75 वें स्थापना दिवस पर की गई ध्वजारोहण





हिरणपुर,(पाकुड़)ः- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को हिरणपुर इकाई के द्वारा कार्यक्रम आयोजित की गई।जहां नगर मंत्री सुरोजित मंडल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।नगर मंत्री ने विद्यार्थी परिषद पर प्रकाश डालते हुए कहा परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित व राष्ट हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है,साथ ही देशव्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने छात्र-हित से लेकर भारत के व्यापक हित से सम्बद्ध समस्याओं की ओर बार-बार ध्यान दिलाया है। बांग्लादेशी अवैध घुसपैठ और कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए विद्यार्थी परिषद् समय-समय पर आन्दोलन चलाता रहा है। बांग्लादेश को तीन बीघा भूमि देने के विरुद्ध परिषद् ने ऐतिहासिक सत्याग्रह किया था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् शिक्षा के व्यवसायीकरण के खिलाफ बार-बार आवाज उठाती रही है। इसके अतिरिक्त अलगाववाद, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण, आतंकवाद और भ्रष्टाचार जैसी राष्टविरोधी गतिविधियों के खिलाफ लगातार संघर्षरत रहे हैं। इस अवसर पर नगर सह मंत्री सुप्रिया कुमारी, सुलभ मंडल आयुष चौधरी, कंचन मंडल,आदर्श दास, बिस्वजीत पंडित,ओम कुमार, शनि कुमार, भाग्यश्री कुमारी, बेहूला कुमारी, आदि उपस्थित थे।

## बिहार विमर्श एवं अटल मिथिला सम्मान 2023 कार्यक्रम में शिरकत किए परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा

**अररिया।**अटल मिथिला सम्मान 2023 के पाँचवे वार्षिक अधिवेशन में नई दिल्ली स्थित होटल ताज पैलेस के दरबार हॉल में आयोजित बिहार विमर्श एवं अटल मिथिला सम्मान 2023 के एक दिवसीय कार्यक्रम में देश विदेश के महान हस्तियों के साथ विशेष आमंत्रण पर परशुराम परिषद के राष्टीय संयोजक पंडित अजय झा भी भाग लिए। अररिया विधान सभा सीट से एन डी ए के प्रत्याशी रहे वरीय समाजसेवी पंडित अजय कुमार झा ने बिहार में उद्योग, कृषि, शहरी विकास और रोजगार पर मंच साझा भी किया।कार्यक्रम में श्री राजेन्द्र विश्वनाथ अरलेकर( गवर्नर बिहार), श्री बिमलेंद्र निधि( फॉर्मर डेप्युटी प्राइम मिनिस्टर नेपाल), श्री अनुराग ठाकुर जी, पद्मश्री से सम्मानित श्रीमती अनुराधा पौडवाल( सिंगर), पद्मश्री से सम्मानित श्री कुमार सानु जी( प्रख्यात सिंगर), श्रीमती श्वेता सिंह जी( वरीष्ठ पत्रकार), अंजना ओम कश्यप( वरीष्ठ पत्रकार आज तक न्यूज़), श्री रजत कुमार शर्मा जी( वरीष्ठ पत्रकार इंडिया टीवी), श्रीमान चिराग पासवान जी एवं कई अन्य आईएएस आईपीएस एवं गणमान्य हस्तियों ने भाग लिया। पंडित झा ने कहा कि बताते हुए काफी हर्ष हो रहा है की आज 9 जुलाई 2023 को दिल्ली के ताज पैलेश होटल में बिहार विमर्श एवं अटल मिथिला सम्मान 2023 के एक दिवसीय कार्यक्रम शानदार सफल रहा।

## ख़ास ख़बर

# टायर दुकान में अचानक आग लग जाने के कारण हजारों रुपए की संपत्ति जलकर हुआ खाक



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**मधुपुर शहर के 52 बीघा मोड़ स्थित एक दुकान में रविवार को आगलगी की घटना में हजारों रुपए समान जलकर नष्ट हो गया । घटना के संबंध में दुकानदार जमबीर अंसारी मोटरसाइकिल ट्यूब का पंचर बना कर दोपहर का खाना खाने के लिए घर गए थे 7 कुछ ही देर में टायर दुकान में आग लगने की खबर उन्हे मिली । सूचना पर तुरंत दुकान गए । शटर खोला तो देखा कि अंदर रखे सामान में आग लगी हुई है । आग की लपटे काफी तेज थी । मौजूद आस पास के लोगों ने मिलकर पानी, बालू फेंक कर जैसे-तैसे आग पर काबू पाया । मगर इसके बाद दुकान में रखे 10 पीस मोटर साइकिल का ट्यूब , 5 पैकेट मोबील,10पीस सीट कवर सहित नया पुराना टायर जलकर राख हो गया। हजारों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है । जमबीर पंचर साटकर परिवार का भरण पोषण करते है । इस घटना के बाद उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है । उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# बुढ़ैई पुलिस ने बकरी चोरी करने के आरोप में 4 महिला आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**मधुपुर अनुमंडल के बुढ़ई थाना की पुलिस ने कांड संख्या 54/23 धारा 379/411 भा द वि के अतंर्गत बकरी चोरी करने के आरोप में चार महिला आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार आरोपी का नाम सोनी देवी,राधा देवी,मीरा देवी,पारो देवी सभी जसीडीह संथाली (टोला-गुलजारबाग) थाना- जसीडीह जिला- देवघर निवासी हैं । थाना प्रभारी हीरालाल सुमित ने बताया कि उपरोक्त महिला अभियुक्त पूर्व में भी बेलहर थाना बांका बिहार एवम नारायणपुर थाना जामताड़ा से बकरी चोरी करने के आरोप में जेल जा चुकी है।

# मधुपुर रेल पुलिस ने 50 वर्षीय अज्ञात पुरुष का शव अप रेल ट्रैक से किया बरामद

**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/** मधुपुर पूर्व रेलवे के मदनकट्टा स्टेशन के पुर्वी छोर पर अप मेन लाइन के पोल संख्या 278/23-35 के निकट रेल पुलिस ने रविवार को एक 50 वर्षीय अधेड़ का शव बरामद किया है । शव के पास से मृतक का एक थैला मिला है । रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना पर रेलवे ने रेल परिचालन बंद कर दिया । इस बीच आसनसोल झाझा मेमू सवारी ट्रेन दो घंटा,03539 अप अंडाल बांका सवारी ट्रेन डेढ़ घंटा और 13331 धनबाद पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन जामताड़ा स्टेशन पर एक घंटा लेट चली । इस क्रम में यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा । सूचना पर रेल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे । रेल पुलिस ने बताया कि पंचनामा करके शव को रेलवे ट्रैक से हटाया । पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल शव को भेज दिया गया है ।करीब 2 घंटे के बाद अप रेल मार्ग पर रेल परिचालन प्रारंभ हुआ । ट्रेन का परिचालन शुरू होने पर रेल यात्रियों ने राहत की सांस ली । शव की पहचान के लिए पुलिस मामले की जांच कर रही है । इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी बृजनंदन ठाकुर ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है । प्रथम दृष्टया ट्रेन के चपेट में आने से व्यक्ति की मौत प्रतीत होता है।

# वर्तमान राज्य सरकार अपने मुद्दों से भटक गई है - केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत

**सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर आजसू के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत मौजूद हुए**



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला (जामताड़ा)/**पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को नाला पीडब्ल्यूडी में आजसू पार्टी की ओर से ग्राम/ टोला प्रभारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर आजसू के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत मौजूद हुए। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव माधव चंद्र महतो के नेतृत्व में भव्य रैली निकाली गई। साथ ही अतिथियों का स्वागत आदिवासी नृत्य और गीत के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय समिति सदस्य तरुण गुप्ता,संथाल परगना प्रभारी अजय सिंह आदि का हार्दिक अभिनंदन करते हुए भव्य काफिला मंच तक पहुंचे। मंच कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष राजेश महतो ने किया। इस अवसर पर कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने प्रश्न के एक जवाब में उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर संगठन मजबूती पर ही हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने वर्तमान राज्य सरकार की कटु आलोचना करते हुए कहा कि इनका काम जनता को भड़काना तथा भावनाओं को ठेस पहुंचाकर राजनीति करना है तथा दिन में झुट और रात में लूट यही है इनका काम। उन्होंने कहा कि यही सरकार ने कहा था कि स्थानीय नीति लागू करेंगे, 27त्न आरक्षण देंगे इनका बोलना कुछ और रहता है, और करना कुछ और। कहा कि जनता के मुद्दों को सुलझाना नहीं जनता को उलझाने का काम यह सरकार करती है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता में सुदेश जी की सोच समाहित है उन्होंने वर्तमान राज्य सरकार को आड़े लेते हुए कहा कि यह असूल कि नहीं वसूली करने की सरकार है , 1932 खतियान के मामले में कहा कि नीति सिद्धांत इस तरीके से बनती है यह सरकार अपनी मुद्दों से भटक मुद्रा में अटक गया है चारों ओर भ्रष्टाचार का आलम है। यहां की जनता अब परिवर्तन चाहती है। आजसू पार्टी के संथाल परगना प्रभारी सा केंद्रीय सचिव तरुण गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम ऐसे राज्य में जी रहे हैं जहां के पदाधिकारी घूस लेते पकड़े जा रहे हैं, इन सारी भ्रष्टाचार नीतियों से निजात पाना है तो आजसू पार्टी का दामन थामना होगा। उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से आगामी चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम को केंद्रीय सचिव माधव चंद्र महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की सभी एजेंडा फेल है 40 बिंदुओं पर यह सरकार चुनाव घोषणा में कही थी परंतु 1932 खतियान लागू करने के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। कहा कि नीति संवैधानिक तरीके से बनती है। यह मात्र लोगों को गुमराह करने का एकमात्र तरीका था। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर बुथ सशक्तिकरण करने तथा जनता से संपर्क कर उनकी समस्याओं को सुनने की भी अपील की। इस अवसर पर संथाल परगना प्रभारी अजय सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चरमरा गई है झारखंड बनाने में आजसू पार्टी की बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता झारखंड का भला तभी हो सकता है जब तक आजसू की सत्ता नहीं आ जाती। उन्होंने इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने की भी बात कही। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा वहीं मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर तथा माला पहनाकर नए कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया

# अभाविप ने 75 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जामताड़ा द्वारा अपने 75 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर स्थानीय गांधी मैदान के समीप स्थित किसान भवन में विद्या की देवी मां सरस्वती एवं युवाओं के हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा के समक्ष विधिवत रूप से माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रमुख डॉ सोमेन सरकार सर एवं देवघर-जामताड़ा के विभाग संगठन मंत्री उपेंद्र कुमार जी मौजूद रहे। जिला प्रमुख ने पुराने नगर एवं कॉलेज इकाई को भंग कर नई नगर एवं कॉलेज इकाई का पुनर्गठन किया।

इसी उपलक्ष्य पर विभाग के विभाग संगठन उपेंद्र कुमार जी ने महापुरुषों को नमन करते हुए सभी को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 वें स्थापना दिवस (राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस) की हार्दिक शुभकामनाएं दिया एवं उन्होंने बताया 75 वर्ष ध्येय, अनुशासन के75 वर्ष सेवा, समर्पण के 75 वर्ष शौर्य , अभिमान के 75 वर्ष छात्र शक्ति , राष्ट्र शक्ति के 75 वर्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना के काल से ही छात्र हित में लगातार कार्य करती आई है विद्यार्थी परिषद ऋषि परंपरा, संस्कृति, सभ्यता, भारतीय शिक्षा पद्धति को लेकर संघर्षशील रही है यही कारण है कि विद्यार्थी परिषद कोई व्यक्ति विशेष का नारा ना लगाकर भारत को संगठित

भारत को अखंड बनाने का संकल्प लेकर कार्य करती आई है। विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य है कि भारत विश्व गुरु बने भारत का शिक्षा पद्धति हो, विद्यार्थी परिषद में, मैं नहीं हमारा, पद नहीं दायित्व, राजनीति नहीं राष्ट्रीय नीति की पहचान है छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हमेशा संकल्पित है।।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 75 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मधुपुर इकाई के द्वारा राष्ट्रीय छात्र दिवस एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 75 वां स्थापना दिवस काफी धूमधाम से मधुपुर महाविद्यालय में मनाया गया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण नगर उपाध्यक्ष हृदय मंडल के द्वारा किया गया एवं कॉलेज अध्यक्ष सूरज के द्वारा वंदे मातरम एवं परिषद गीत का गायन किया गया। तत्पश्चात नगर उपाध्यक्ष हृदय मंडल, प्रवास में आए देवघर-जामताड़ा विभाग के विभाग संयोजक शुभम राय, जिला सहसंयोजक अंकित सिंह ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमित यादव ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद, माता सरस्वती एवं भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। मौके पर उपस्थित नगर उपाध्यक्ष हृदय मंडल ने कहा कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो ज्ञान शील एकता के मूल मंत्र के साथ लगातार 75 वर्षों से छात्र हित व समाज हित में कार्य करते आ रही है। कार्यक्रम के निमित्त प्रवास में आए देवघर -जामताड़ा विभाग के विभाग संयोजक शुभम राय ने कहा कि अलग भाषा अलग वशे फिर भी भारत एक देश, कश्मीर से कन्याकुमारी भारत माता एक हमारी जैसे भाव एवं समाज मे साकारात्मक परिवर्तन का ध्वजवाहक,विधार्थी परिषद है।

ज्ञान,शील,एकता के मंत्र के साथ युवाओं को संस्कारित करते विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आज 75 वर्षों का हो चुका है। संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन नगर मंत्री सुदामा यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन मधुपुर महाविद्यालय अध्यक्ष सूरज कुमार ने किया। संगोष्ठी के उपरांत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमित यादव के नेतृत्व में पौधा वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें मधुपुर महाविद्यालय प्राचार्य के साथ-साथ अन्य कर्मियों और लोगों के बीच पौधा वितरण कार्यक्रम किया गया। मौके पर , विष्णु कुमार, अनूप कुमार,सचिन कुमार, अंकित आनंद कुमार, गौरव कुमार, रोशन कुमार, कार्तिक कुमार,राहुल कुमार,सुमित कुमार,कुश कुमार, सुमित मेहरा, रजनीश कुमार, राहुल भैया,गौरव कुमार, अमित कुमार, सोनू राणा, आलोक कुमार ,हिमेश कुमार, सौरव कुमार, राज कुमार,रेहान कुमार,अरमान कुमार आदि मौजूद थे।

# विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर आदिवासी छात्रावास के छात्रों ने की सामान्य बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**मधुपुर आदिवासी कल्याण छात्रावास में संताल जुमिद गांवता के सौजन्य से आगामी 9 अगस्त को मधुपुर महाविद्यालय कैंपस में विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।इस बैठक का मूल उद्देश्य अगामी 9 अगस्त 2023 को विश्व आदिवासी दिवस मनाने अथवा आयोजन के उपलक्ष्य में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बंगाल एवं उड़ीसा से संथाली फिल्म के कलाकार शामिल होकर अपना विभिन्न कला का प्रदर्शन करेंगे। इस बैठक में शामिल जूमिद गाँवतके सचिव डी आर सौरेन, अध्यक्ष तिमोथी मुर्मू, प्रोफ़ेसर होरेन हांसदा, बासुदेव बेसरा, रंजीत मुर्मू मोहन मरांडी, गणेश मुर्मू, मोहन मरांडी संजीत हांसदा, सबासरीन हांसदा, वकील सोरेन, राजेंद्र बेसरा सोहन टूडू, जोहन टूडू, जीतलाल मुर्मू आदि अन्य सगाजन भी शामिल रहे। अगले बैठक की सूचना सोसल मीडिया के माध्यम से दी जाएगी।

# जामताड़ा के पोसोई से दो साइबर



**अपराधी गिरफ्तार/ दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/**मुंबई पुलिस और जामताड़ा साइबर क्राइम थाना पुलिस के संयुक्त छापेमारी अभियान में दो साइबर अपराधी जामताड़ा थाना क्षेत्र के पोसोई गांव से गिरफ्तार किया गया है। दोनों साइबर अपराधी आपस में जीजा और साला है। इनके विरुद्ध मुंबई पंतनगर थाना में ?3 लाख की साइबर ठगी का मामला दर्ज है। जानकारी के अनुसार एक महिला के खाते से साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है। इसके विरुद्ध पंतनगर थाना में कांड संख्या 173/23 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 6 मोबाइल फोन 8 सिम कार्ड बरामद किया गया है। रविवार को दोनों साइबर अपराधी को कोर्ट में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई पुलिस अपने साथ ले गई।

# मोहालीडीह गांव में एक 14 वर्षीय बच्चे ने गुस्से में आकर की आत्महत्या

**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा विद्यासागर/** करमाटांड़ थाना क्षेत्र के मोहालीडीह गांव का रहने वाला सागर सिंह नाम का एक 14 वर्षीय बच्चे ने आत्महत्या कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पढ़ाई को लेकर मृतक के अपने भाई के साथ झगड़ा हुआ था। गुस्से में आकर घर के अंदर कोठावाला रूम में फांसी के फंदे से जान देने का प्रयास किया। परिजनों का नजर पड़ी और तुरंत आनन फानन में जामताड़ा सदर अस्पताल में लाकर इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए धनबाद पीएमसीएच रेफर कर दिया। लेकिन जामताड़ा सदर अस्पताल में ही बच्चे में ही उक्त बच्चे ने अपना दम तोड़ दिया। इस बाबत सदर अस्पताल के चिकित्सक के द्वारा स्थानीय जामताड़ा थाना को सूचना दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक उनके परिजन जामताड़ा सदर अस्पताल में ही थे।



**दरभंगा** जिला राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर मनीगाछी प्रखंड के उजान पंचायत में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कार्यक्रम पंचायत के अध्यक्ष सतीश कुमार लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पंचायत के साथ बूथ पर 25 सदस्य बुथ कमेटी तथा 25 सदस्य पंचायत समिति का गठन किया गया। बैठक में मनीगाछी प्रखंड प्रभारी जिला उपाध्यक्ष बलदेव राम , मिथिलेश कुमार सिंह, कृष्ण चौधरी, देवेंद्र कुमार, लाल बाबू ,लाल यादव ,अशफाक अहमद ,पुष्य मंडल ,बैजनाथ पासवान ,मोहम्मद हारून ,महेश कांति , रघुनंदन कांति, बिंदेश्वरी राधाकांत लाल, मंगल पासवान, प्रमोद पासवान, कृष्ण कुमार साहनी, मोहम्मद सलीम सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

**प्रतियोगिता** — सिलेक्शन ट्रायल में 125 बालक एवं 55 बालिका शामिल हुए

# 17 वीं राज्य स्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता के लिए जामताड़ा जिला टीम के लिए चयन प्रतियोगिता आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** 14 जुलाई से 16 जुलाई तक गुमला में 17वीं राज्य स्तरीय सीनियर खो - खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सेंट जोसेफ स्कूल के प्रांगण में जामताड़ा जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया गया। सिलेक्शन ट्रायल में जामताड़ा के विभिन्न विद्यालयों के 125 बालक एवं 55 बालिका शामिल हुए।सिलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ सेंट जोसेफ स्कूल के प्राचार्य फादर जोसेफ तपन, जामताड़ा जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष डी.डी.भंडारी, सचिव विपिन दुबे, संरक्षक डॉ .चंचल भंडारी राज्य खो-खो एसोसिएशन के संयुक्त सचिव दीपक दुबे एवं सीता दास ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सेंट जोसेफ स्कूल के प्राचार्य फादर जोसेफ तपन ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चे मोबाइल में ही सिमट के रह जा रहे हैं। अब बच्चे को घर से बाहर निकलने के लिए पेरेंट्स काफी परेशान हो रहे हैं इसीलिए अब अभिभावकों को भी कम से कम बच्चे को ग्राउंड में एक घंटा आवश्यक रूप में खेलने के लिए भेजें ।

जिससे कि बच्चे -बच्चियों का शारीरिक , मानसिक के साथ-साथ बौद्धिक विकास हो सके। इस अवसर पर जामताड़ा जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष डी.डी.भंडारी ने कहा कि हम सभी का प्रयास रहता है कि जामताड़ा के बच्चे-बच्चियां खेल के क्षेत्र में जामताड़ा जिले का नाम रोशन करें। राज्य खो-खो संघ के संयुक्त सचिव दीपक दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सिलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 25 खिलाड़ी एवं बालिका वर्ग में 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

# गांधी मैदान में वन नाइट शार्ट पीच क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**शनिवार देर रात को जामताड़ा के ऐतिहासिक गांधी मैदान में गांधी मैदान स्पोर्ट्स क्लब के सौजन्य से वन नाइट शार्ट पीच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल उपस्थित थे।

वन नाइट शॉर्ट पीच क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। गांधी मैदान में भारी संख्या में उपस्थित क्रिकेट प्रेमियों एवं दर्शकों ने चकाचौंध लाइट में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का लुफ्त उठाया। विजेता और उपविजेता टीम को भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल ने ट्रॉफी एवं पुरस्कृत राशि देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने कहा कि जामताड़ा के गांधी मैदान में गांधी मैदान स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में वन नाइट शॉट पीच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसके लिए आयोजक मंडल के सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करता हूं। इस तरह से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रतिभावान खिलाड़ी को सुनहरा मौका मिलता है। वन नाइट शॉट पीच क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान टीमों द्वारा प्रदर्शित बेहतरीन खेल देखने को मिला। निरंतर जामताड़ा के गांधी मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होने से जिला के क्रिकेट खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है। हम सभी चाहते हैं कि जामताड़ा के क्रिकेट खिलाड़ी राज्य स्तरीय अपितु देश स्तर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेले। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा और सभी खिलाड़ियों को एक अच्छा प्लेटफार्म देना होगा। मेरे तरफ से गांधी मैदान में किसी भी खेल प्रतियोगिता के आयोजन में शत प्रतिशत कोशिश रहती है कि हर तरफ से सहयोग कर सकूं। मैंने पहले भी कहा है कि किसी भी प्रकार के खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए हमेशा सहयोग देने को तैयार हुं। जामताड़ा के सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। मौके पर मुख्य रूप से बजरंग ,नवीन डोकानिया, बद्री, आदित्य ,प्रवास हेंब्रोम, निपेन सिंह, पिंटू गुप्ता, अशोक मंडल, मुकेश यादव ,लखींद्र सिंह , राहुल सहित तमाम क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## ख़ास ख़बर

## जिले में पुलिस टीम पर हमला, थानाध्यक्ष समेत 3 जख्मी





**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/** जिले में जमीन विवाद की सूचना पर पहुंची लौकहा ओपी पुलिस टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया है। जिसमे एक पक्ष के एक व्यक्ति, एक पुलिस जवान और थानाध्यक्ष निधि गुप्ता जख्मी है। हालांकि सभी जख्मियों का सदर अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि लौकहा ओपी क्षेत्र के वार्ड 06 में पुलिस को सूचना मिली थी कि दो पक्षों में जमीन विवाद का मामला बढ़ रहा और मारपीट हो रही है। इसी सूचना पर पहुंची लौकहा ओपी की पुलिस पर एक पक्ष ने हमला कर दिया। इस दौरान दुस्साहस दिखाते हुए दबंगों ने न केवल पुलिस जवान के पीठ पर लाठियां बरसाई बल्कि लौकहा ओपी की महिला थानाध्यक्ष निधि गुप्ता की भी लाठी से पिटाई कर दी। दबंगों की पिटाई से एक पुलिस जवान, व थानेदार समेत कुल 3 लोग जख्मी हो गए हैं। लौकहा ओपी थानाध्यक्ष निधि गुप्ता ने बताया कि जमीनी विवाद की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। जिस मामले में एक पक्ष के द्वारा पुलिस के साथ भी मारपीट की गई।

## पुलों की टूटी रेलिंग दे रहा हादसों को न्योता



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल/**जिले के राघोपुर प्रखंड में करजाईन बाजार के गम्हरिया उपशाखा नहर पर बने पुलों की टूटी रेलिंग लंबे समय से हादसों को खुला न्योता दे रहा है। टूटी रेलिंग के चलते लोग हर समय भयभीत रहते हैं। बायसी एवं रतनपुर पंचायत में गम्हरिया उपशाखा नहर में बने पुलों की दशा दयनीय हो गई हैं। इन पुलों की रेलिंग पूरी तरह टूट चुकी है, जिसके चलते आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते ही रहते हैं। बायसी- बलुआ पथ में बायसी गुरुमैता टोला के निकट तथा ढाढा- विशनपुर पथ में रतनपुर पुरानी बाजार को जोड़ने वाले गम्हरिया उपशाखा नहर में बने पुल की दोनों ओर से टूटी रेलिंग राहगीरों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं है। पुल के बगल में ही सरकारी स्कूल भी है। बावजूद इसके पुल की रेलिंग ठीक करवाने के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बताया कि इन पुलों से रोजाना बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहनों व लोगों की आवाजाही होती रहती है। लेकिन टूटी हुई रेलिंग ठीक करवाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस बारे में क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन व संबंधित विभाग से अविलंब रेलिंग ठीक करवाने की मांग की है।

## थाना के पास गोलीकांड मामले में कार्रवाई, किशोर को बाल सुधार गृह व युवक को भेजा जेल




**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल/**जिले में निर्मली थाना से महज 50 से 60 मीटर की दूरी पर गत बुधवार की शाम 6 बजे बर्थडे पर केक काटने जा रहे किशोर व एक युवक की गोली लगने से जख्मी मामले में पुलिस ने रविवार को एक किशोर को बाल सुधार गृह व एक युवक को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि बर्थडे में केक काटने जा रहे हैं एक किशोर और एक युवक पर गोली चलने की घटना घटित हुई थी। इस मामले में पूछताछ के बाद कार्रवाई की गई है। गोली चलाने वाले शख्स की भी पहचान हो गई है। गोली चलाने वाले सख्श सहित इस घटना में संलिप्त अन्य की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। इस घटना में संलिप्त सभी लोगों की जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## भाजपा द्वारा नीतीश सरकार पर कसा तंज



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/**जिले में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव जी ने कहा बिहार सरकार पहली केबिनेट में ही दस लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी, उससे उलट युवा के साथ छल - कपट किया जा रहा है,आऐ दिन शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को तरह - तरह से हतकंडे अपना कर बाधित करने का काम कर रही है,अगर युवा वर्ग विरोध प्रदर्शन करती है तो लाठी डंडे से प्रहार कर जेल भेजा जाता है, बिहार सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में डोमिसाइल नीति को समाप्त कर के युवा के साथ अन्याय किया है लाखों शिक्षक अभ्यर्थियों को निरास किया है दुसरी ओर बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री का यह बयान की बिहार में योग्य अभ्यर्थी नहीं हैं जो युवा के प्रतिभा का अपमान है,जो युवा विरोधी मानसिकता दर्शाता है,भाजपा बिहार प्रदेश द्वारा डोमिसाइल नीति को हटाने के विरोध में विधानसभा का 13जुलाई को मार्च कर बिहार सरकार के दोहरे चरित्र उजागर करेगी,आज बिहार में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है आऐ दिन चोरी डकैती, राहजनी अपहरण हो रहें हैं, वहीं दूसरी ओर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी प्रधानमंत्री बनने के लिए छटपटा रहें हैं लेकिन विपक्षी पार्टी में कई उम्मीद पाले हुए हैं नीतीश कुमार जी का कोई नाम नहीं लेने वाला है बिहार में जो सरकार में शामिल पार्टी छोड़ के जा रहें हैं राजद प्रमुख लालू प्रसाद जी भी उन्हें बनने देना नहीं चाहते, एक तरफ भाजपा एनडीए सरकार के आदरणीय प्रधानमंत्री विश्व के सर्वमान्य नेता नरेंद्र मोदी जी 2024में अपनी सरकार के किए गए कार्य को लेकर जनता के बीच महाजनसंपर्क अभियान के तहत जा रही है देश विश्व में उच्च शिखर पर ख्याति प्राप्त कर रही है, देश का लोहा मान रहे हैं,हम भारतीय का सर ऊंचा हो गया है एक तरफ मोदी जी देश के सर्वमान्य प्रधानमंत्री बनने जा रहें हैं , वही विपक्ष बताए उनका प्रधानमंत्री उम्मीदवार कोन है।इस अवसर पर पुर्व जिला अध्यक्ष नागेंद्र नारायण ठाकुर जी, विजय शंकर चौधरी जी राम कुमार राय जी, जिला प्रवक्ता रणधीर ठाकुर जी रजनीश सिंह, सरोज झा सुरेन्द्र नारायण पाठक सुमन झा कुणाल ठाकुर, सुमन चन्द्र, दिलीप सिंह उपस्थित थे

## जद यू कार्यकर्ता द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर किया क्षेत्र भ्रमण





**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर,निर्मली, सुपौल/** जिले में मरौना प्रखंड के जदयू कार्यकर्ताओ के द्वारा रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र के तीन पंचायतो मे जदयू के प्रदेश सचिव सह सुपौल विधानसभा प्रभारी संजीव कुमार झा कि उपस्थिति मे पंचायत स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया.जहाँ मरौना दक्षिण पंचायत मे रामु मंडल एवं मरौना उत्तरी पंचायत के पंचायत भवन कार्यालय स्थित भलुवाही मे जदयू के सक्रिय कार्यकर्त्ता राज कुमार मुखिया एवं सरोजाबेला पंचायत मे पूर्व पंचायत अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव कि अध्यक्षता मे जदयू कार्यकर्ताओ कि पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित कि गई. जहां बैठक मे जदयू कार्यकर्ताओ के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अच्छे कार्यकाल पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया. वही कार्यकर्ताओ के द्वारा केंद्र सरकार के विरोध मे आवाज भी बुलंद किया गया. इस दौरान बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष अमरदेव कामत ने किया.वही मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार यादव,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष भोला मंडल, सुरेन्द्र यादव, पंकज यादव, मो एजाजुल हक, मो अख्तर आलम, चंद्र मोहन भारती समेत दर्जनों कि संख्या जदयू कार्यकर्त्ता मौजूद थे ।

## अटल मिथिला सम्मान से सम्मानित हुए पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा





**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर ,सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड के रामपुर पंचायत निवासी पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक सह समाजसेवी संजीव मिश्रा को 9 जुलाई(रविवार)को दिल्ली के होटल ताज पलैश में शिक्षा,स्वास्थ्य,उद्योग,रोजगार के मुद्दो पर अटल मिथिला फाउण्डेशन द्वारा आयोजित बिहार-विमर्श सह अटल मिथिला सम्मान कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक व रियल ईस्टेट कारोबार में बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर सम्मानित किया गया हैं। जिसको लेकर छातापुर में उनके स्नेहीजनों में खुशी व्याप्त है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने खुद दूरभाष पर सम्मान पाने की जानकारी दी हैं। साथ ही उन्होने अपने फेसबुक वाल पर लिखा हैं की अटल मिथिला सम्मान से सम्मानित होना वाकई मेरे लिए गौरव भरा पल हैं और यह सम्मान पुरे कोशी-सीमांचल पूर्णियां समेत बिहार वासियों का सम्मान हैं। बताते चले सीमांचल इंफ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड(पनोरमा ग्रुप)एक रियल ईस्टेट कंपनी हैं जो पिछले साल 2016 से पूर्णियां के विभिन्न लोकेशन पर अपना प्रौजेक्ट बनाकर कोशी-सीमांचल के लोगो को घर व दुकान बनाकर सौपती हैं यही नही पनोरमा ग्रुप धीरे-धीरे शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कदम रख दिया हैं जिसके एवज में सुपौल के छातापुर प्रखंड के रामपुर में पनोरमा पब्लिक स्कूल व पनोरमा हॉस्पीटल का भी निर्माण करवाया गया हैं जिसका उद्घाटन भी जल्द होगा। इधर संजीव मिश्रा को अटल मिथिला सम्मान से सम्मानित होने पर बधाई देने वालों में पनोरमा ग्रुप के सीईओ नंदन झा,जैनेन्द्र झा,रितेश झा,धीरज जैन,विक्रम भगत, हिमांशू, आनंद,सोनाली चक्रवर्ती,कविता मिश्रा, रोमा सिंह, पल्लवी, प्रिया,मन्नु, प्रज्ञा आदि समेत बड़ी संख्या में उनके स्नेहीजनों के नाम शामिल हैं।

## शोकाकुल परिजनों से मिले बैद्यनाथ मेहता



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल/**जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत मंसापुर, करजाइन निवासी श्री शुशील मेहता जी के पिताजी स्व0 चंद्रदेव मेहता जी का निधन बीते दिनों हो गया था। शनिवार को राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैद्यनाथ मेहता मंसापुर स्थित उनके आवास पर पहुंच कर तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। मौके पर जय प्रकाश मेहता, सत्य ना पासवान, आलोक झा, रामचंद्र मेहता, प्रमोद मेहता, सुशील कुमार, जय प्रकाश मेहता, चंदन कुमार आदि लोग मौजूद थे

## वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के तत्वाधान में लगाया गया जाँच शिविर



**शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया विनोद कुमार।** पश्चिमी चम्पारण जिला अंतर्गत के आईटीआई जयप्रकाश नगर स्थित वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय में रविवार को दिन जहां एक तरफ आम मरीज को कई जगहों पर जॉच खर्च को लेकर कई प्रकार के जॉच कराने में विभिन्न समस्या उठानी पड़ती है फिर भी सही निर्णय योग्य रिपोर्ट प्राप्त नही होती। ऐसे में आम जनता सस्ते दरों पर विभिन्न प्रकार की रोगों की जॉच के लिए वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के तत्वाधान में भारत के प्रसिद्ध पैथोलॉजी डॉ लाल पैथ द्वारा सस्ते दर पर जॉच शिविर लगाया गया, जिसमें चेक पोस्ट लाल पैथ के वायो लैब के संचालक मिथिलेश कुमार सह ट्रस्ट के चिकित्सा प्रकोष्ठ के कुशल नेतृत्व में लाल पैथ की टीम द्वारा शुगर, थायराइड, कैस्ट्रॉल, विटामिन डी, कैल्शियम, आदि की जॉच की गई। मौके पर ट्रस्ट के सचिव निरंकार भास्कर ने बताया कि आज के परिवेश में स्वास्थ्य जांच कराना सभी के लिए लाभदायक है, लेकिन पैसे के अभाव में बहुत लोग जॉच करा नहीं पाते हैं ऐसी हालत में ट्रस्ट के सहयोग के लिए डॉ लाल पैथ लैब की टीम ने सस्ते दरों पर आगामी समय मे जगह जगह यह शिविर लगाकर जहां आम जनता का सहयोग कर रही है, वही ट्रस्ट भी कई सामाजिक कार्यो जैसे स्वास्थ जॉच शिविर, कपड़ा वितरण, आलाव जैसे विधि व्यवस्था में निरंतर अपनी कार्य निभा रही है। उक्त अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता, शेखर सोनी, अतुल कुमार, राकेश कुमार, सत्यम सिंघानिया, अश्वनी कुमार सिंह, आदर्श श्रीवास्तव, जय किशोर शर्मा, रवि कुमार, नवीन कुमार, विनय कुमार, सहित अन्य सदस्य ललित मोहन झा, सत्येंद्र श्रीवास्तव, सोनू भारद्वाज, अविनाश कुमार की भूमिका सराहनीय योग्य रही, एक तरफ कई दर्जनों लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तो वहीं समाजसेवी पुण्य देव प्रसाद, अशोक कुमार, केशव शुक्ला, वकील महतो, मुन्ना महतो, पन्ना देवी, चंद्रमणि देवी, आदि ने ऐसे हो रहे समाजिक कार्यो को देख बहुत ही प्रशंसा की, और कहा निरंतर इस प्रकार से कम दरों पर जांच की जाए तथा ऐसी संस्था डॉ लाल पैथ जो कि विश्वसनीय है ऐसी संस्था के द्वारा यह कार्य विभिन्न स्थलों पर की जा रही है तो आम नागरिकों को बहुत ही राहत मिलेगी।

## डॉ. पीयूष शाह व कविता पंजवानी को अच्छे कार्यों को लेकर अभिनेता सोनू सूद ने सम्मानित किया



**दैनिक शुभ भास्कर रामकृष्ण पायलट राजस्थान जयपुर**–प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन के डायरेक्टर और फ़ाउंडर डॉक्टर पीयूष शाह और कविता पंजवानी को उनके अच्छे कार्यों के लिए फ़िल्म अभिनेता और समाज सेवक सोनू सूद ने सम्मानित किया। सोनू सूद द्वारा प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन को बेस्ट एन जी ओ से सम्मानित किया गया। यह आयोजन दीक्षा गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया। सोनू सूद ने प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें आगे आने वाले सामाजिक कार्यों में अपनी शुभकामनाएं दी है

**गिरफ्तार** गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मरौना प्रखंड क्षेत्र के छर्रा-पट्टी गांव निवासी अमोद पांडे के रूप में हुई है.

## प्रखंड के अनुमंडलीय अस्पताल में बीते पिटाई मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर,निर्मली, सुपौल/** जिले के निर्मली अनुमंडलीय अस्पताल में बीते दिनों डॉक्टर की पिटाई मामले में निर्मली थाना के पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया. थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि डॉक्टर की पिटाई मामले में संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है. गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मरौना प्रखंड क्षेत्र के छर्रा-पट्टी गांव निवासी अमोद पांडे के रूप में हुई है. जिसे उनके निज आवास से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया. डॉक्टर की पिटाई मामले में संलिप्त लोगों की छापेमारी की जा रही है. बता दें कि बीते दिनों शुक्रवार को अनुमंडल अस्पताल निर्मली में सर्पदंश के शिकार एक मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे. जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को सुपौल सदर अस्पताल रेफर कर दिया इस बीच मरीज के परिजनों ने एंबुलेंस मिलने में 1 घंटे देरी और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए डॉक्टर नरेश कुमार हिमकर की पिटाई कर दी.

उसे एंबुलेंस में बैठाकर ड्यूटी के दौरान जबरन साथ लेकर चले गए. इस बीच सुपौल सदर अस्पताल में सर्पदंश के बुजुर्ग मरीज की मौत हो गई. जिसके बाद परिजनों ने सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भी हंगामा किया था. जबकि मौका देख कर एंबुलेंस से किसी प्रकार डॉ. भाग निकले और अपनी जान बचाई. जिसके बाद शनिवार को अनुमंडल अस्पताल में डॉ0 व कर्मी हड़ताल पर चले गए. लिहाजा ओपीडी सेवा ठप रही. जिस कारण दूरदराज से आए मरीजों व परिजनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी. हालांकि अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड में इलाज जारी थी. डॉक्टरों की मांग थी कि अनुमंडल अस्पताल में डॉक्टर के साथ मारपीट मामले में संलिप्त लोगों की जल्द गिरफ्तारी हो. लिहाजा निर्मली थाना की पुलिस ने त्वरीत कार्रवाई करते हुए डॉक्टर की मारपीट मामले में संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## दो हजार करने की मांग व रेल में रियायत बहाल करने की मांग, राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की बसंतपुर प्रखंड इकाई की बैठक सह बुजुर्ग मिलन समारोह का आयोजन





**अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर, सुपौल।** जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन एसोसिएशन बसंतपुर इकाई की बैठक सह बुजुर्ग मिलन समारोह का आयोजन रविवार को नरपतपट्टी स्थित कामेश्वर सिंह काम्प्लेक्स में किया गया।

इस मौके पर कामेश्वर प्रसाद सिंह ने सरकार से हर प्रखंड में पांच एकड़ जमीन अधिकृत कर उसमें वृद्धाश्रम बनाने एवं उस अधिकृत जमीन में आजीविका के लिए जो बुजुर्ग खेती करना चाहे उसे उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि बुजुर्गो का वृद्धा पेंशन दो हजार नहीं किया गया तो अब बुजुर्ग आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। साथ ही केंद्र सरकार से रेलवे किराया में बुजुर्गो को मिलने वाली रियायत को पुनः बहाल करने, बुजुर्गो के पेंशन भुगतान, संगठन का विस्तार, बुजुर्गो की सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक के उपरांत सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें एक पांति बैठकर बुजुर्गो ने चूड़ा, दही, आम का आनंद लिया।

## खास ख़बर

## बाइक चोरी की मामले में हिरणपुर पुलिस गंभीर





**हिरणपुर, (पाकुड़)**-थाना क्षेत्र में निरन्तर हो रहे बाइक चोरी की मामले को लेकर पुलिस काफी गंभीर है।इसको लेकर छापेमारी भी की जा रही है।बीते शुक्रवार अहले सुबह सुंदरपुर मुख्य सड़क किनारे स्थित श्यामसुंदर भगत उर्फ पिंटू के घर के ताला तोड़कर बुलेट बाइक की चोरी हो गई थी।वहीं शाम को हाथिगड स्थित टीपू शेख के क्रशर निकट पवन साहा की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने इसे चैलेंज के रूप में लेते हुए शुक्रवार रात को राजमहल में छापेमारी कर बुलेट बाइक को बरामद किया।वहीं राजमहल निवासी बाइक चोर मौके से भाग निकला।उधर पुलिस ने शनिवार की रात छापेमारी कर पाकुड़ से पवन साहा की बाइक भी पकड़ा गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसमे चोर भी पकड़ाया है। इसके पूर्व सुंदरपुर निवासी माधव शील की बाइक भरी दोपहर को घर के सामने से ही चोरी हो गया था। चोरी की निरन्तर हो रही घटनाओं से पुलिस सघन रूप से जांच में जुटी हुई है। जिसमे पुलिस को कामयाबी भी मिली है। वहीं पुलिस इस गिरोह की पर्दाफाश करने के लिए एड़ी-चोटी लगाए हुए है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि बाइक चोरी पर अंकुश लगाने के लिए निरन्तर छापेमारी की जा रही है। चोरी में संलिप्त किसी को बख्शा नही जाएगा। पुलिस सघन जांच में जुटी हुई है।

## स्वामी आगमानंद महाराज ने बीएलएस कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स को किया सम्मानित






**नवगछिया।** श्री शिवशक्ति योगपीठ नवगछिया के पीठाधीश्वर परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज ने रविवार को स्थानीय बनारसी लाल सराफ कॉमर्स कॉलेज में एक विशेष सम्मान सह आशीर्वाद कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेट्स को गुरुपूर्णिमा महोत्सव के दौरान समर्पण की भावना से बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए तारीफ करते हुए धन्यवाद सहित आशीर्वाद दिया। साथ ही पढ़ाई के साथ साथ जीवन में सदा ही सेवा, संयम, स्वाध्याय, समर्पण और सहिष्णुता का भाव बनाए रखने की प्रेरणा भी दी। इस एनसीसी कैडेट्स सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएलएस कॉलेज के प्राचार्य मो नईमुद्दीन ने की। जिसका संचालन कॉलेज के सचिव सीनेट सदस्य डा0 मृत्युंजय सिंह गंगा ने किया। उन्होंने भी गुरुपूर्णिमा महोत्सव के दौरान एनसीसी कैडेट्स के कार्यों की तारीफ की और कहा कि कॉलेज प्रशासन एनसीसी को यथासंभव सहयोग करता रहा है और आगे भी करेगा। साथ ही एनसीसी पदाधिकारी तुषार कांत झा को भी धन्यवाद दिया। मौके पर कुंदन बाबा, अमरजीत सिंह, विनोदानंद मंडल, मीडिया प्रभारी राजेश कानोड़िया एवं कई कॉलेज कर्मी भी मौजूद थे। मौके पर मौजूद सभी एनसीसी कैडेट्स को हनुमान चालीसा, अंग वस्त्र, मोमेंटो, प्रसाद देकर हौसला को बढ़ाया। बताते चलें कि स्थानीय बनारसी लाल सराफ वाणिज्य महाविद्यालय नवगछिया के प्रांगण में विगत दिनों दो दिवसीय श्रीगुरु व्यास पूर्णिमा सत्संग सिन्धु कार्यक्रम संपन्न हुआ था। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट ने महती भूमिका निभायी थी।

# एबीवीपी ने मनाया 75 वां स्थापना दिवस







**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग इकाई द्वारा रविवार को स्थानीय जिला कार्यालय में झंडोत्तोलन किया गया, और पौधारोपण कर बाबू गांव में संगोष्ठी का आयोजन किया गया,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 75वा स्थापना दिवस को राष्ट्रीय छात्र दिवस के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात स्वामी विवेकानंद और सरस्वती मां के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरू किया गया,कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन मौजूद थे, मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि अखिल भारतीय भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी। विद्यार्थी परिषद एक अनुशासित कार्यकर्ताओं का संगठन है, जिसमें छात्र-छात्राएं, शिक्षक, पूर्णकालिक शामिल रहते हैं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता हमेशा सामाजिक कार्यों में आगे रहते हैं देश के पुनर्निर्माण में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अहम भूमिका रखते हैं परिषद के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थी परिषद के संबंध में विचार व्यक्त किये। कहा कि परिषद हमेशा छात्र हित, समाज हित और राष्ट हित के लिए कार्य करता है, विभाग प्रमुख प्रो मनोज कुमार ने बताया कि अभाविप स्थापना दिवसराष्ट्रीय छात्र दिवस को लेकर जिले में धूमधाम से मनाया गया, विद्यार्थी परिषद दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करती है और समाज के कार्यों हमेशा कार्य कर रही है, प्रदेश एसएफएस प्रमुख नवलेश सिंह ने कहा कि आज विद्यार्थी परिषद ना केवल भारत का बल्कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो छात्र हित के साथ ही समाज व राष्ट हित में भी कार्य करती आ रही है। आज हम सभी के लिए गौरव का दिन है आज विद्यार्थी परिषद 75 वर्ष में प्रवेश कर चुकी है, जिला संयोजक प्रभात कुमार ने स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एबीवीपी महिला सहशक्तिकरण को भी बढ़ावा दे देता आ रहा है। आज समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ रही है। महिलाएं अब निडर होकर बोलने लगी हैं। ज्ञान शील एकता के साथ परिषद निरंतर कार्य कर रहा है मौके पर प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन, प्रदेश एसएफएस प्रमुख नवलेश सिंह, प्रदेश निजी विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमित चौबे,विभाग प्रमुख प्रो मनोज कुमार, प्रदेश खेलकूद प्रमुख दीपक देवराज,जिला प्रमुख प्रो देवेंद्र प्रसाद,प्रो राजकुमार चौबे,जिला संयोजक प्रभात कुमार, विभाग छात्रा प्रमुख अंजली यादव,अभिमन्यु कुमार, राज प्रिंस गुप्ता,सुधांशु कुमार, अंकुश कसेरा,अलका सिंह,हिमांशु सिंह,शेखर शर्मा,रूद्र राज, मुस्कान भारद्वाज, रुचिका रंजन,शालू कुमारी, स्नेहा सिंह, सिकंदर मंडल,सुनीता कुमारी, सौरव कुमार, रंजीत यादव, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे

## लाखे के निर्माणाधीन काली मंदिर का सदर विधायक ने किया निरीक्षण, मंदिर निर्माण से बढ़ेगा क्षेत्र का महत्त्व- मनीष जायसवाल



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/**सदर प्रखंड क्षेत्र के लाखे अवस्थित छठ घाट मैदान परिसर में मुफ्फसिल थाना भवन के सामने नवनिर्माणाधीन काली मंदिर प्रांगण में रविवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल पंहुचे। यहां पंहुचने पर विधायक मनीष जायसवाल का स्थानीय मंदिर निर्माण समिति ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। नवनिर्मित मंदिर में मां काली की आदमकद प्रतिमा का निर्माण स्थानीय मूर्तिकार बंटी प्रजापति द्वारा किया जा चुका है। नवनिर्माणाधीन मंदिर का निरीक्षण करने के पश्चात विधायक श्री जायसवाल ने आसपास के लाखे न्यू कॉलोनी के कच्चे पथों का भी स्थानीय लोगों से जायजा लिया। स्थानीय मुहल्ला के विकास को लेकर भी विधायक मनीष जायसवाल ने स्थानीय लोगों से सकारात्मक चर्चा-परिचर्चा किया ।उल्लेखनीय है कि विधायक मनीष जायसवाल ने इस नवनिर्माणाधीन काली मंदिर के छत ढलाई के लिए 100 बोरा सीमेंट निर्माण समिति को भेंट किया था और भविष्य में भी मंदिर के निर्माण में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया था। मौके पर विशेषरूप से सदर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, मंदिर निर्माण समिति से जुड़े दिलचंद गुप्ता, राजकुमार साव, मोहन रजक, संतोष गुप्ता, बसंत कुमार, रोहित राम, उमेश गुप्ता, राजेश सिंह, परमेश्वर साव, मुकेश सिंह, रंजय पांडेय, मुखिया कृष्णा मेहता, आनंद कुमार, रीतलाल कुशवाहा, संदीप गिरी, अमित साव, संतोष कुमार, रंजित कुमार, केदार राम, अनुज कुमार, अनुज राम, सूरज कुमार, दीपक कुमार, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 30 घंटे से डूबी पानी मे लड़की को 8 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एनडीआरएफ की टीम ने खदान से नहीं निकाल सकी शव को कल फिर चलेगा रेस्क्यू





**संवाददाता /हजारीबाग सोहेल किरमानी/**हज़ारीबाग-चरही तापिन 42 अवस्थित खदान डेम में बीते शनिवार को एक नाबालिक 8 वर्षीय लड़की डूब जाने की घटना के बाद रांची के एनडीआरएफ को 15 सदस्यीय टीम के अथक प्रयास के बाद भी रविवार को शव को बाहर नहीं निकाला गया।

जबकि शव निकालने को लेकर एनडीआरएफ की टीम जद्दोजहद कर रही है।

रविवार देर शाम तक चला रेस्क्यू के बाद भी नाबालिग का शव नहीं निकाल सकी सोमवार को एक बार फिर कोशिश किया जाएगा। बीते शनिवार को मांडू प्रखंड के चरही थाना क्षेत्र तापीन 8 वर्षाये नाबालिक लड़की के परिजन अपने साथ में लेकर शनिवार को करीब 1बजे खदान नहाने और कपड़ा धोने गए थे परिजन कपड़ा धो रहे थे बच्ची इधर-उधर से अचानक खदान में डूब गई घटना की जानकारी पर हज़ारीबाग तथा चरही प्रशासन द्वारा रांची से एनडीआरएफ की टीम के माध्यम से रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे से डैम में डूबे लड़की को निकालने जुट गए परन्तु साम करीब 06 बजे तक चले रेस्क्यू के बाद भी अंधेरा होने के कारण सफलता नहीं मिली तो कार्य को दूसरे दिन के लिए रोक दिया गया।



## केंद्र की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवा राजद करेगा युवाओं को गोलबंद




**भागलपुर 9 जुलाई 2023/**जाति जनगणना कराने की मांग, बढ़ती महांगाई, बेरोज़गारी , नई शिक्षा निति और संगठनात्मक मजबूती को लेकर भागलपुर जिला युवा राजद के जिला पदाधिकारियों, सभी प्रखंड अध्यक्षों और सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक युवा राजद के जिलाध्यक्ष मो.बसारूल हक के अध्यक्षता में भागलपुर के एम एस होटल के सभागार में संपन्न हुई।बैठक को मुख्य अतिथि युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन संरचना के गतिविधियों को जन जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी युवाओं के ही कंधे पर है। आज देश की स्थिति किसी से छुपी नहीं है, भारत युवाओं का देश है केन्द्र में बैठे भाजपा सरकार ने युवाओं के साथ छल किया है।

हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने के बदलें पकोड़े तलने की बात किया जाता है। केन्द्र में जब जब भाजपा का सरकार आता है महंगाई चरम पर पहुंच जाता है। आज केन्द्र सरकार जाति गत जनगणना क्यों नहीं कराना चाहता है क्योंकि सब को पता है जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी के तर्ज पर गरीब, दलित, पिछड़ा शोषित समाज अपने अधिकार को मांगना शुरू कर देंगे।आज आदरणीय नेता श्री लालू प्रसाद यादव जी के आव्हान पर राष्टीय जनता दल परिवार के द्वारा अम्बेडकर परिचर्चा कार्यक्रम पंचायत व बूथ स्तर तक जन जागृति अभियान चलाया जा रहा है ताकि भाजपा और आरएसएस का जो मंसूबा है बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के द्वारा लिखें गए संविधान को खत्म कर मनु स्मृति लागू करना चाहता है, मनुस्मृति क्या है, मनुस्मृति में लिखा गया है दलित, पिछड़ा, शूद्र को पढ़ने लिखने कि आजादी नहीं है,धन संपत्ति रखने की आजादी नहीं है, मतदान करने का अधिकार नहीं है ।

एक ओर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के संविधान हैं जो दलित, गरीब,पिछड़ा, शोषित, वंचित समाज के अधिकार को देने की बात लिखी है तो दूसरी तरफ मनुस्मृति का कानून है जो दलित, गरीब, पिछड़ा, शोषित वंचित समाज को सारे अधिकारों से वंचित रखा गया है अब फैसला देश की जनता को करना है देश में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के लिखें संविधान के साथ चलना है या भाजपा और आरएसएस के लिखें मनुस्मृति पर।युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मिडिया प्रभारी श्री अरुण कुमार यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज मंहगाई, बेरोजगारी को लेकर पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है गरीबों की थाली से दो जुन की रोटी भी गायब हो गया है, महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी का आलम दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है,देश आज आपात स्थिति से गुजर रहा है सारे सरकारी संपत्ति को पुंजी पतियों के हाथों गिरवी रखा जा रहा है,नई शिक्षा नीति लागू कर देश को अशिक्षा को ओर घोर अंधेरे धकेलना चाहता है, लेकिन आज के युवा अब जाग गया है इन सारे मुद्दे का हिसाब किताब आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में माकूल जवाब देंगे।कोशी स्नातक के पूर्व प्रत्यासी नितेश यादव ने कहा कि जातीय जनगणना राज्य और देश हित मे है फिर भी भाजपा जातीय जनगणना का पुरजोर विरोध कर रही है। भाजपा को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान पर भरोसा नहीं है। भाजपा कभी नही चाहती है कि शोषित, वंचित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक हिस्सेदारी मिले। महागठबंधन की सरकार जनहित में जातिगत जनगणना कराने को लेकर संकल्पित है।

केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नेतृत्व में युवाओं को करेंगे गोलबंद।कार्यक्रम में राजद के अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव,बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांश प्रदेश सचिव डॉ तिरुपति नाथ यादव, मुख्य जिला प्रवक्ता सह उपमहापौर भागलपुर प्रो सलाउद्दीन अहसन, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ई दिवाकर कुशवाहा, युवा प्रदेश महासचिव डॉ आनंद आजाद, युवा प्रदेश महासचिव महोम्मद मेराज उर्फ चांद, जिला प्रधान महासचिव विश्वजीत कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद साहेब उद्दीन, युवा महानगर अध्यक्ष डॉ प्रवीण यादव, अतिपिछड़ा जिला अध्यक्ष नटबिहारी मंडल, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दिवाकर मंडल, आपदा प्रबंधन जिला अध्यक्ष इरसाद फतेहपुरी, पूर्व युवा महानगर अध्यक्ष सौरभ यादव, युवा जिला प्रधान महासचिव कृष्ण बिहारी गर्ग, नवगछिया जिला अध्यक्ष अलखनिरंजन पासवान, युवा जिला उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता,युवा प्रखंड अध्यक्ष सुल्तानगंज महोम्मद इजरायल, युवा प्रखंड अध्यक्ष शाहकुण्ड शंभू यादव, युवा प्रखंड अध्यक्ष कहलगांव अमल कुमार गुड्डू, युवा प्रखंड अध्यक्ष पीरपैंती मुकेश यादव, युवा जिला महासचिव चमकलाल यादव, कला संस्कृति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बासुकीनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव, विवेकानंद यादव, जिला महासचिव शिशिर सिंह, नागेश्वर कुशवाहा, नाथनगर प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार राकेश,राजद नेता राम प्रसाद यादव, अधिवक्ता महोम्मद जावेद, प्रखंड अध्यक्ष कहलगांव उत्तरी भरत भूषण यादव, युवा नेता नूर हसन फरीदी, महिला प्रखंड अध्यक्ष पीरपैंती उत्तरी आरती देवी, महिला प्रखंड अध्यक्ष सबौर मीना देवी, प्रखंड अध्यक्ष सबौर सुमंत यादव,राजद नेता अशोक राम, पूर्व युवा प्रखंड अध्यक्ष कहलगांव रवि शेखर, जिला महासचिव मोहम्मद उस्मान, सलीमुर रहमान, युवा प्रखंड अध्यक्ष जगदीशपुर महोम्मद अफजल, प्रखंड प्रधान महासचिव जगदीशपुर अरविन्द यादव, पंचायत अध्यक्ष बेलखोरिया अरबिन्द यादव, जिला सचिव धीरेन्द्र यादव एवं जिला मिडिया प्रभारी मंजीत ठाकुर के साथ साथ युवा राष्ट्रीय जनता दल के हजारों सम्मानित कार्यकर्ता गण मौजूद थे।चंद्रशेखर यादव,जिला अध्यक्ष, राजद, भागलपुर

**स्वागत** जनता अपनी समस्याओं से इंगित कराएं, समाधान हम कराएंगे- मनीष जायसवाल

## विधायक मनीष जयसवाल पहुंचे जमुआरी, ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से किया अनोखा स्वागत,ग्राम वासियों संग चौपाल लगाकर सुनी समस्या, निराकरण का जताया भरोसा



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/**हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल रविवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग के कुसुम्भा पंचायत स्थित ग्राम जमुआरी पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और समस्या निराकरण की दिशा में सकारात्मक पहल करने का उन्हें भरोसा जताया। विधायक मनीष जायसवाल का ग्राम प्रवेश होते ही स्थानीय ग्रामीण कला जत्था टीम के द्वारा पारंपारिक रीति- रिवाज से ढोल-नगाड़े की गूंज संग महिला- पुरुषों ने थे रखते हुए पारंपारिक गीत- संगीत के साथ अद्भुत तरीके से उनका स्वागत और अभिनंदन किया। जमुआरी स्थित आर.सी.मिशन स्कूल तक उन्हें स्वागत करते हुए लाया गया जहां उनकी चौपाल ग्रामीणों के बीच शुरू हुई। चौपाल शुरू होने से पूर्व ग्रामीणों ने अपने चहेते विधायक मनीष जायसवाल का फूल माला पहना कर और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात् ग्रामीणों ने एक स्वर में गांव की मूलभूत समस्या से उन्हें अवगत कराते हुए पेयजल, सड़क, पुलिया और बिजली की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए अविलंब इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया ।विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के पश्चात जवाब देते हुए कहा कि आप अपनी समस्याएं इंगित कराएं समाधान हम कराएंगे। ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी समस्याएं गंभीर है और इसके निराकरण की दिशा में हम जल्दी सकारात्मक पहल करेंगे। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है जो निरंतर चलती रहेगी लेकिन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान के लोगों तक पहुंचाना भी हम सभी का कर्तव्य बनता है और इस दिशा में हम सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है ।

## जबरन कब्जा किए गए जमीन को जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने कराया मुक्त, खूनी संघर्ष होने से बाल-बाल बचा



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**सहायक थाना क्षेत्र के शरीफगंज मोहल्ले में चौधरी स्टेट की जमीन को जबरन कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लेने पर सदर एसडीओ आलोक कुमार, सदर अंचलाधिकारी, सहायक थाना प्रभारी रूपक रंजन सिंह ने दल बल के साथ पहुंचकर अवैध रूप से कब्जा किए गए जमीन को मुक्त कराते हुए उक्त जमीन पर धारा 144 लगाया। इस दौरान जगह पर पूरा पुलिस फोर्स की छावनी बन गई थी। पुलिस को देखकर ग्रामीणों का.काफी भीड़ वहां लग गई। वहीं मामले के बारे में जानकारी देते हुए मो मिस्टर ने बताया कि यह जमीन चौधरी स्टेट बीबी फरहाना नासरीन खातून के नाम से था। जिसे 2009 में मैंने रजिस्ट्री करया थाऔर 2013 में अमानुद्दीन को बालू गोला चलाने के लिए जमीन भारा पर मैंने दे दिया था। साल 2017 तक उनकी ओर से जमीन का भारा समय पर दिया गया। लेकिन उसके बाद अमानुद्दीन जमीन का भाड़ा देने में आनाकानी करने लगा। जब हमने जमीन काभारा मांगा तो अमानुद्दीन ने कहा कि मैं अब इस जमीन का भाड़ा नहीं दूंगा। तुमको जो करना है वह कर सकते हो। यह जमीन अब मेरा हो गया है। इसी तरह बोलते बोलते अमानुद्दीन कहने लगा कि अब तुम ही मुझे पैसा दो तब यह जमीन तुम्हें मिलेगा और ऐसा नहीं करने पर जान से भी मारने की धमकी दी गई। इसी समस्या को लेकर मोहम्मद मिस्टर ने प्रशासन और जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाया और अपनी समस्या को उनके समक्ष रखा। जिस पर एसडीएम अंचल अधिकारी और सहायक थाना पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर उस जमीन पर बने गोला को सील करते हुए धारा 144 लागू कर दिया गया। बता दें कि इस जमीन विवाद में जिला प्रशासन व प्रशासन की ओर से तुरंत एक्शन लेने के वजह से किसी भी तरह का खूनी खेल होने से मामला टल गया इस मामले में प्रशासन अगर संज्ञान नहीं लेते तो निश्चित तौर पर दोनों पक्ष की ओर से मारपीट की घटना को अंजाम दिया

## खास ख़बर

## सरस्वती शिशु मंदिर पिहरा में दीक्षांत समारोह का किया गया आयोजन, अनुशासन और कड़ी मेहनत विद्यार्थी को सफल बनाता है- शिक्षक राकेश



**गावां** प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,पिहरा में शनिवार को अष्टम बोर्ड उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सब इंस्पेक्टर राहुल चौबे, प्लस टु उवि पिहरा के प्रधानाध्यापक गोविंद कुमार एवम संकुल साधन सेवी अजय कुमार पंडित मुख्य रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारम्भ भरत माता के चित्र पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लक्ष्य पर ध्यान रखते हुए मेहनत करनेवाले सदैव सफल होते हैं।अष्टम बोर्ड की परीक्षा में विद्या मंदिर के 95 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने ए पलस व शेष पांच प्रतिशत छात्र छात्राओं ने ए श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। यह कड़ी मेहनत व कुशल मार्गदर्शन को स्पष्ट रेखांकित करता है। यहां अध्ययन करने वाले कई छात्र छात्रा इस समय प्रशासनिक, इंजिनियरिंग, रेलवे जैसे विभागों में कार्यरत हैं। इस वर्ष मैट्रीक इंटर के प्रखंड टॉपर विद्यार्थियों ने भी यहीं से पढ़ाई की थी। शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ संस्कार भी दिया जाता है जो वर्तमान परिदृष्य में अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम को राकेश कुमार पाठक, अमित कपूर प्रधानाचार्य विनोद पांडेय आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र छात्राओं को पुरष्कृत किया गया ।कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा ने किया जबकि मौके पर रेखा देवी, कमल किशोर सिंह, श्यामसुंदर सिंह, राधेश्याम, चंचला देवी, कांग्रेस कुमार, कौशल किशोर सोनू समेत कई उपस्थित थे।

## सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने बालू पर "शिव" की बनाई कलाकृति, तस्वीर देख लोगों ने कहा- हर-हर महादेव




**भागलपुर/**सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार कुमार(Sand Artist Madhurendra Kumar) को भला कौन नहीं जानता है? अपनी अनोखी कला से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर देने वाले मधुरेंद्र कुमार की एक अलग पहचान है। अक्सर देखा जाता है कि वो समय-समय पर बालू की मदद से सुंदर कलाकृतियां (Beautiful Art) बनाते हैं। लोग उनकी कलाकृतियों को बेहद पसंद भी करते हैं। हमेशा की तरह आज भी सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार भगवान शिव की सुंदर आर्ट बनाई है, जिसे देखने के बाद आप भी मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। दरअसल, सावन माह में की सभी सोमवार के पर दिन श्रद्धालु भगवान शिव (स्हस्र स्द्धद्ध1ड्ड) की पूजा करते हैं। ऐसे में सावन माह की पहली सोमवारी के पूर्व संध्या पर रविवार को बिहार के गंगा तट पर मधुरेंद्र कुमार ने अनोखे तरीके से अपनी श्रद्धा दिखाई है।तस्वीर में आप देख सकते हैं कि कैसे महादेव की सुंदर आकृति बनाई गई है। इस तस्वीर को देखने के बाद लोग कमेंट भी कर रहे हैं और इस तस्वीर को शेयर भी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये तस्वीर बहुत ही ज़्यादा वायरल भी हो रही है। इस तस्वीर के साथ मधुरेंद्र कुमार ने एक कैप्शन भी लिखा है। कैप्शन में लिखा है- हर हर महादेव! सोशल मीडिया पर लोगों को ये कलाकृति बहुत ही ज़्यादा पसंद आ रही है।

# महंगाई के कारण रसोई से गायब हुई हरी सब्जियां, आसमान छू रहे हैं सब्जियों के दाम



**संवाददाता राजमणि पांडे/**गिरिडीह जिले के गांवां प्रखंड में महंगाई से हर आदमी पहले से ही परेशान है,वहीं इन दिनों टमाटर, हरी सब्जियों, चावल, दाल और तेल समेत सभी चीजों की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। महंगाई की मार से रसोई का बजट बिगड़ गया है। हालत यह है कि गरीब और मध्यम परिवारों की पहुंच से हरी सब्जियां दूर हो गई है। हाल यह है कि दो महीने पहले तक 100 रुपये प्रति किलो मिलने वाली अरहर की दाल 160 रुपये, जीरा के दाम दोगुना हो गए है। 350 रुपये किलो बिकने वाला जीरा 550 रुपये किलो हो गया। आटा, चीनी और साबुन समेत हर आवश्यक वस्तुओं की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। आटा प्रति दस किलोग्राम 425 से बढ़कर 440 रुपये हो गया है। काबुली चना 80 रुपये से बढ़कर 110 रुपये और एक्स्ट्रा बोल्ड काबुली 155 रुपये प्रति किलो हो गया है।टमाटर हुआ लाल और हरी मिर्च हुई तीखी- मानसून आने में देर और समय पर अच्छी बारिश नहीं होने के कारण सब्जियां भी महंगी हो गई। लोग अब एक पाव (250ग्राम) या आधा किलो से काम चला रहे है। परवल, नेनुला, भिंडी, बोदी, कच्चा केला और करैला 50 से60 रुपये प्रति किलो हो गया है। खीरा40 हरी मिर्च 200 और शिमला मिर्च 120 रुपये प्रति किलो और लहसुन 140 रुपये प्रति किलो मिल रहा है।सफेद आलू 18, लाल आलू 20 से 22 प्याज 30,फूलगोभी 80 और झिंगी 50 से 60 रुपये प्रति किलो है। टमाटर 80 से 120 रुपये, धनिया पत्ता 120, अदरक 240 से 280 और लहसुन 140 रुपये प्रति किलो है।पैदावर कम होने और बाहर से सब्जियां आने के कारण दाम बढ़े-सब्जी उत्पादक किसानों का कहना है कि इस बार तेज गर्मी के कारण सब्जी बर्बाद हो गई। वहीं मानसून देर से आया, जबकि मानसून आने के बाद भी पर्याप्त बारिश नहीं हो रही है। दो-तीन बारिश हुई, लेकिन अब बारिश रूक जाने के बाद रोग और कीट का प्रकोप बढ़ गया है। इससे पैदावर घट गई है। जो फल लगा, वह टूटकर गिर रहा है। बाहर से सब्जियां आ रही है, जिसके कारण लागत बढ़ गया है और कीमत में बढ़ोतरी हुई। यही हाल चावल, गेंहू और दाल के साथ है। राज्य में पिछले वर्ष की तुलना में धान और दाल समेत अन्य खाद्यान्न की उपज कम हुई, जिसके कारण सभी वस्तुओं की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। वहीं किसान 10 रुपए किलो टमाटर बेचकर अब खुद 100 रुपए किलो में खरीदने के लिए मजबूर है।

## घर घर जाकर जागरूक कर रही चिकित्सा विभाग की टीमें



**दैनिक शुभ भास्कर / राजस्थान उदयपुर/ राकेश जैन/** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन घर-घर सर्वे कार्य किया जा रहा है । शहरी क्षेत्रों में वार्ड वार ए एन एम ,आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत एंटी लारवा गतिविधियां की जा रही है ।सर्वे के दौरान कूलर ,गमले ,पानी की टंकियां, परिंडे आदि की जांच कर जिन कंटेनर में मच्छर के लारवा पाये जा रहे हैं

उन्हें मौके पर ही खाली करवाया जा रहा है ।साथ ही जिन कंटेनर में चार-पांच दिनों से पानी भरा हुआ है उनमें टीम द्वारा टेमीफोस डाला जा रहा है ।रुकी हुई नालियों व गंदे पानी से भरे गड्ढों में एम एल ओ डलवाया जा रहा है ।ग्रामीण क्षेत्रों में सी एच ओ ,एएनएम व आशा के माध्यम से सर्वे कार्य करवाया जा रहा है। वही 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैंपेन के तहत तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम बताए जा रहे हैं और इसे छोड़ने की समझाइश भी की जा रही है सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने पर चालान काटे जा रहे हैं । सीएमएचओ डॉ बामनिया ने बताया कि बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू, स्क्रब टाईफस, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए प्रत्येक रविवार को 30 मिनट अपने घर के सभी पानी के कंटेनर खाली कर उन्हें पूर्ण रूप से सूख जाने के बाद पुनः काम में लेना चाहिए ।उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गजानंद गुप्ता ,एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ एसएन वैष्णव द्वारा सर्वे कार्य की मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग की जा रही है । डॉ गुप्ता ने बताया कि जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों पर मौसमी बीमारियों के नियंत्रण हेतु आवश्यक दवाइयां एवं आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है।

## एबीवीपी का 75 वां स्थापना दिवस सरस्वती कोचिंग में आयोजित





**सिकंदरपुर,बलिया।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संगठनात्मक जिला रसड़ा के सिकंदरपुर नगर इकाई द्वारा सरस्वती कोचिंग (निकट- सेंट्रल बैंक) में एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर बलिया विभाग के विभाग प्रमुख डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने विद्यार्थी परिषद के 75 वर्ष के यात्रा को एक आंदोलन के रूप में बताया और आगे उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परिषद केवल विद्यार्थियों के बीच ही काम नहीं करती यह समाज व राष्ट्रव्यापी मुद्दों पर कार्य करती है। इस दौरान उन्होंने सरस्वती कोचिंग में उत्तम अंक पाने वाले बच्चों को खूब सराहा और कहा कि भविष्य में आप लोगों को शिक्षा संबंधी कोई भी समस्या हो तो आप हमें जरूर बताएं। वही सिकंदरपुर के तहसील प्रमुख डॉ अम्बरीष सिंह ने बताया कि विद्यार्थी परिषद रचनात्मक कार्यक्रम द्वारा अभाविप के 75 वर्ष के स्वर्णिम काल में प्रवेश हो रहा है सभी विद्यार्थियों को इस संगठन से जुड़ कर राष्ट्र के प्रति हमारा कर्तव्य क्या होना चाहिए यह सीखना चाहिए। इस दौरान अध्यापक गण में उपस्थित सनोज कुमार, अभिजीत ठाकुर, विनोद कुमार, अजीत तिवारी आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में प्रांत कार्यसमिति सदस्य रजनीश पांडे, तहसील संयोजक आदित्य राय, हेमंत राय व अनीश प्रजापति उपस्थित रहे।

## भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करके किया भाजपा नेता का घोर निंदा

**गांवा/गिरिडीह**–गांवा प्रखंड गांवा बाजार स्थित दिन रविवार को भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने डबल इंजन की सरकार में पर घोर निंदा करते हुए दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर हो रहे आदिवासी दलितों पर अत्याचार का विरोध कर जमकर नारेबाजी किया बताया कि आजाद भारत में जब देश में अमृतकाल चल रहा है, डबल इंजन की सरकार वाले राज्य में मध्य प्रदेश के सीधी में भाजपा के एक गुंडा द्वारा एक आदिवासी नागरिक के मुँह पर पेशाब किया गया। इस घटना ने देश और लोकतंत्र को झकझोर के रख दिया उक्त बातें को लेकर के भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस घटना से पूरे देश के नागरिकों में भाजपा के खिलाफ काफी आक्रोशित कर दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश चुनाव प्रचार करने आते हैं और तीन दिन बाद ऐसी घटना घटती है। कि एक आदिवासी युवक के मुँह पर मूत्र विसर्जन कर देता है कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र और देश को बचाने के लिए नौजवानों को आगे आने की जरूरत है। बिना देर किए लोकतंत्र को बचाने के लिए देश की सड़कों पर उतरने की जरूरत है।मौके पर बिरने मुखिया चंदन यादव, अशोक मिस्त्री, अमित वर्णवाल, पवन यादव,प्रदीप यादव, पिंटू साव,रंजीत राम, आदि मौजूद रहे.

## मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा जनसंपर्क अभियान आयोजित





**सिकन्दरपुर,बलिया।**मोदी सरकार के 9 साल पूरा होने पर भाजपा महाजनसंपर्क अभियान चला रही है इस अभियान के तहत भाजपा के नेता और कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जाकर उनसे संवाद स्थापित कर उनका फीड बैक लेंगे।इसी कड़ी में भाजपा के सिकन्दरपुर मण्डल के महामंत्री विनोद शंकर गुप्ता एवं जिला महामंत्री प्रयाग चौहान ने रविवार को सिकन्दरपुर क्षेत्र के शक्ति केंद्र सोनपुरवा एवं गांग किशोर के विभिन्न जगहों पर पहुचकर लोगों से जनसम्पर्क किया।

सभी ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाई।जन सम्पर्क के बाद मीडिया से वार्ता के दौरान विनोद शंकर गुप्ता ने केन्द्र में भाजपा की सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर मोदी सरकार के उपलब्धियों की जानकारी दी आगे बताया कि बीते 9 वर्षों में केन्द्र की मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास कार्य कर वैश्विक स्तर पर भारत की अलग पहचान बनाई है। स्वच्छता अभियान ,जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से न केवल आम जनता को सीधा लाभ मिला है ,बल्कि हमारे देश की गिनती पिछड़े देशों से निकलकर विकसित देशों के साथ होने लगी है।इस अवसर पर प्रयाग चौहान रामायण गुप्ता सोनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## भासोर सहस्त्र टोलकिया औडिच्य ब्राह्मण समाज की मीटिंग में बनाई नई कार्यकारिणी युवाओं को किया आगे



**दैनिक शुभ भास्कर विशाखा व्यास /राजस्थान डूंगरपुर /**सहस्त्र ओदीच्य ब्राह्मण समाज भासोर की गांव स्तरीय बैठक में आगामी आने वाले त्योहार व सामाजिक कार्य और व गणेश मंदिर के लिए एक कमिटी बनाई गई जिसमे वरिष्ठजनों ने कार्यभार संभालने के लिए समाज के गांव के युवाओं को आगे किया वरिष्ठजानो द्वारा बनाई गई नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष सुशील जोशी , उपाध्यक्ष प्रकाश दवे, भरत पांड्या, सचिव मुकेश जोशी, व प्रदीप दवे, जगदीश दवे,मोहित दवे,जयेश पांड्या, राहुल दवे, नवीन पंड्या, जय दवे, केतन पांड्या, प्रशांत दावे,महेंद्र दवे को सदस्य मनोनित किया गया। वरिष्ठजनों के अनुसार आगामी त्योहार व मंदिर के रख रखाव की जिम्मेदारी इसी कार्यकारिणी द्वारा आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गांव के अध्यक्ष लीलाराम पांड्या, मनोज पांड्या, लीलाराम पांड्या डीलर,लालशंकर पांड्या, अनिल दवे, विजय दवे,मनोहर दवे,वासुदेव दवे भवनिशंकर पांड्या, कमलेश पांड्या व समस्त पंच मौजूद रहे।

पखवाड़ा "हम लें यह संकल्प, परिवार नियोजन को बनाएंगे खुशियों का विकल्प" थीम

## अभियान- जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से परिवार कल्याण मोबिलाइजेशन पखवाड़ा आयोजित





**दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/ उदयपुर/ विधी भट्ट** /जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाएंगे, स्वास्थ्य कर्मी घर घर कर रहे हैं संपर्क मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनियाने बताया कि जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को मनाया जाएगा। इसके तहत 27 जून से 10 जुलाई तक मोबिलाइजेशन पखवाड़े के तहत जिले के प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य कर्ता, आशासहयोगिनियों की ओर से योग्य दंपतियों से संपर्क कर उनको सीमित परिवार के लाभ बताए जा रहे हैं। 10 जुलाई तक होने वाले इस मोबिलाइजेशन पखवाड़े के तहत योग्य दंपत्ति जिनको परिवार कल्याण के स्थाई व अस्थाई साधनों की जानकारी देते हुए उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है विभाग की ओर से "हम लें यह संकल्प, परिवार नियोजन को बनाएंगे खुशियों का विकल्प" थीम पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ।अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने बताया कि मोबिलाइजेशन पखवाड़े के तहत योग्य दंपत्तियों से घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से संपर्क किया जा रहा है। उनको सीमित परिवार के लाभ, विवाह की सही आयु, विवाह के बाद कम से कम 2 साल बाद पहला बच्चा, पहले और दूसरे बच्चे में 3 साल का अंतर एवं अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन, परिवार कल्याण में पुरुषों की सहभागिता पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।11 जुलाई से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मनाया जाएगा जिसके तहत चिकित्सा संस्थानों पर परिवार नियोजन के साधन निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे तथा नसबंदी कैंपों का आयोजन किया जाएगा । इस दौरान महिलाओं और पुरुषों की नसबंदी की जाएगी।

## गंगु कुंड से उभयेश्वर महादेव तक की 21 किलोमीटर तक की 18 वीं कावड यात्रा आगामी 21 अगस्त को 10 हजार कावड़ियें करेंगे महादेव का अभिषेक



**दैनिक शुभ भास्कर /सुनील कुमार मिश्रा /राजस्थान/ उदयपुर 09 जुलाई** / शिव महोत्सव समिति की बैठक रविवार को गंगा के चैथे पाये गंगु कुंड परिसर में अध्यक्ष यज्ञ नारायण शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास की नाग पंचमी आगामी 21 अगस्त को समिति द्वारा गंगा के चैथे पाये गंगु कुंड से उभयेश्वर महादेव तक की 21 किलोमीटर तक की निकाली जाने वाली 18वीं कावड यात्रा निकाली जायेगी।

कावड़ यात्रा में हर वर्ग की भागीदारी हो इसके लिए समिति की ओर से सात दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा जिसमें हर वर्ग को इसमें भागीदारी का मौका मिलेगा। शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष आठ हजार कावड़ियों ने महादेव का अभिषेक किया, इस बार 10 हजार का लक्ष्य रखा गया है। ज्ञातव्य है कि पिछले मार्च माह में समिति द्वारा कंकु कुंड परिसर में बने भवन में रखे गये लोठे चोरी हो गये थे जिसकी शिकायत सम्बंधित थाने में दी गई जिसका अभी तक कोई पता नहीं चला। उन्होने कहा कि जन सहयोग से इस बार 20 हजार नये लोठे क्रय किये जायेगें। कावड़ यात्रा में शहर के सभी सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक संगठनों की भागीदारी रहे इसके लिए आगामी 30 जुलाई को प्रातः 11 बजे गंगु परिसर में बैठक आयोजित की जायेगी जिसमें सात दिवसीय समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जायेगा। बैठक में गैराज समिति अध्यक्ष मनोहर चैधरी, पूर्व बार अध्यक्ष रामकृपा शर्मा, गंगु विकास समिति के सचिव महेश भावसार, बजरंग सेना मेवाड़ के संस्थापक कमलेन्द्र सिंह पंवार, यशवंत चैधरी, मानसिंह हाडा, देवी सिंह सिसोदिया, देवी लाल गुर्जर, एडवोकेट उदय सिंह देवड़ा, नवीन व्यास, सुरेश रावत,गोपाल कृष्ण रावल, गौरव त्रिवेदी, सुमित सेठ, भागीरथ सिंह जोधा, देवेन्द्र बेरवा, नरेश वैष्णव, शिवशंकर नागदा, विजय कुमार वैष्णव, भगवती पालीवाल कमांडो, चुन्नीलाल सुथार सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने कावड यात्रा को सफल बनाने एवं आमजन का जोडने के उद्देश्य से अपने सुझाव दिये। उक्त जानकारी प्रवक्ता कृष्णकांत कुमावत ने दी

